नीलू प्रिंटिंग प्रेस
हर प्रकार की वेब ऑफसेट एक रंगीन या बहुरंगीन प्रिंटिंग के लिए नोयडा में एक मात्र स्थान
ई-33, सेक्टर-7 नोएडा (यूपी)
फोन नं. : 9811157562

फरीदाबाद हरियाणा का नंबर 1 समाचार पत्र

भेदी नज़र

संस्थापक : स्वाधीनता सेनानी सुखवासी लाल शर्मा (ब्रह्मलीन)

ई-पेपर पढ़ने के लिए लॉगऑन करें - www.bhedinazar.com

दिल्ली, गुरूवार 3 अप्रैल 2025

दिल्ली, हरियाणा, चड़ीगढ़, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश का प्रमुख हिन्दी दैनिक

वर्ष : 21 अंक : 352 | Email : bhedinazardaily@gmail.com | RNI NO. DEL/HIN/2004/13528 | Postal REG. No. HR (FBD) -260/2023/25 | पृष्ठ : 12 मूल्य : 1 रुपये

14 दिन बाद साहिल को देखते ही रो पड़ी मुस्कान

● जेल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई मुलाकात,बढ़ी न्यायिक हिरासत

मेरठ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मेरठ के सौरभ हत्याकांड में जेल में बंद साहिल और मुस्कान की बुधवार को 14 दिन बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के समय पेशी के दौरान पहली बार मुलाकात हुई। यह मुलाकात जेल के वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम में हुई, जहां कोर्ट में उनकी ऑनलाइन पेशी कराई गई। जैसे ही मुस्कान ने साहिल को देखा, वह भावुक हो गई और रो पड़ी। हालांकि जेल प्रशासन ने उन्हें एक-दूसरे से बात नहीं करने दी। साहिल और मुस्कान की न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने के बाद बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में

पेश किया गया। पहले जज ने मुस्कान और फिर साहिल का नाम पुकारा और उनसे कुछ सवाल किए। इसके बाद अदालत ने दोनों की हिरासत की अवधि 15 अप्रैल तक बढ़ा दी। पेशी खत्म होते ही मुस्कान को महिला बैरक और साहिल को पुरुष बैरक में वापस भेज दिया गया। मेरठ पुलिस ने सौरभ हत्याकांड में चार्जशीट लगभग तैयार कर ली है, जो अगले सप्ताह कोर्ट में पेश की जाएगी। पुलिस की केस डायरी में स्पष्ट किया गया है कि इस हत्याकांड की वजह तंत्र क्रिया नहीं बल्कि साहिल और मुस्कान का प्रेम संबंध था।

जयपुर ब्लास्ट की साजिश में शामिल आतंकवादी गिरफ्तार

ईद मनाने रतलाम गया था,5 लाख का ईनामी है,एनआईए को भी थी तलाश

जयपुर (एजेंसी)। जयपुर में सीरियल ब्लास्ट की साजिश में शामिल फरार आतंकी फिरोज खान को रतलाम पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। आतंकवादी पर नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने 5 लाख रुपए का इनाम रखा था। दरअसल, 30 मार्च 2022 को राजस्थान के निंबाहेड़ा में 12 किलो आरडीएक्स के साथ तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें जुबेर पिता फकीर मोहम्मद, अल्तमस खान और सरफुद्दीन उर्फ सेफुल्ला थे। यह सभी जयपुर में सीरियल ब्लास्ट के लिए कार से आरडीएक्स ले जा रहे थे। इन्होंने साजिश में शामिल 11 आतंकियों के नाम बताए थे। फरार आतंकी फिरोज की तलाश के लिए पूर्व में कई बार एनआईए रतलाम में दबिश दे चुकी थी। मंगलवार (1 अप्रैल) रात को रतलाम एसपी अमित कुमार इनपुट मिला था कि फिरोज आनंद कॉलोनी में उसके घर आया है।

छठवां स्वरूप कात्यायनी

सूक्ष्म जगत जो अदृश्य, अव्यक्त है, उसकी सत्ता मां कात्यायनी चलाती हैं। वह अपने इस रूप में उन सब की सूचक हैं, जो अदृश्य या समझ के परे है। मां कात्यायनी दिव्यता के अति गुप्त रहस्यों की प्रतीक हैं।

रिजिजू ने आंकड़ों से बताया वक्फ के पास कितनी संपति

● कहा-सेना, रेलवे नहीं, वक्फ बोर्ड के पास सबसे ज्यादा निजी संपत्ति

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया। विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा, ऑनलाइन, ज्ञापन, अनुरोध और सुझाव के रूप में कुल 97,27,772 याचिकाएं प्राप्त हुई हैं। 284 डेलिगेशन ने कमेटी के सामने अपनी बात रखी और सुझाव दिए। सरकार ने उन सभी पर ध्यानपूर्वक विचार किया है, चाहे वे जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) के माध्यम से हों या सीधे दिए गए ज्ञापन। इतिहास में पहले कभी किसी विधेयक को इतनी बड़ी संख्या में याचिकाएं नहीं मिली हैं। वक्फ की संपत्ति पर बोलते हुए रिजिजू ने कहा, वक्फ बोर्ड के पास लाखों एकड़ जमीन और लाखों

करोड़ की संपत्ति है तो देश के गरीब मुसलमानों के लिए इसका इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा है। रिजिजू ने कहा कि रेलवे और सेना की जमीन पब्लिक प्रॉपर्टी है, जिसका इस्तेमाल देश के लिए होता है। वह किसी की निजी संपत्ति नहीं है। बता दें कि देश में वक्फ बोर्ड के पास रेलवे और सेना के बाद देश में तीसरी सबसे बड़ी संपत्ति है।

...तो हमारे देश का मुसलमान गरीब क्यों है

किरेन रिजिजू ने बताया कि भारत में सबसे अधिक जमीन इंडियन रेलवे के पास है। इसके बाद डिफेंस और तीसरा नंबर वक्फ बोर्ड का आता है। मैं उसे सुधारना चाहता हूं। हजारों किलोमीटर रेलवे ने पटरी लगाया है। वो रेलवे की संपत्ति थोड़े है। देश की संपत्ति है। डिफेंस देश की रक्षा करता है उसकी संपत्ति देश की है। उसकी जमीन देश की है। वक्फ प्रॉपर्टी प्राइवेट प्रॉपटी होती है। दुनिया में सबसे अधिक वक्फ प्रॉपर्टी भारत में है। ऐसा क्यों है 60 साल तक आप सत्ता में रहे हैं, दुनिया की सबसे अधिक संपत्ति वक्फ के पास है तो हमारे देश का मुसलमान गरीब क्यों है। मुसलमानों की भलाई के लिए क्यों नहीं काम हुआ। विधेयक को सदन में पेश करते ही विपक्षी दलों ने विरोध शुरू कर दिया। कांग्रेस ने विधेयक के खिलाफ अपनी आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया कि उन्हें विधेयक की प्रति देर से प्राप्त हुई, जिसके कारण उन्हें समीक्षा के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला। कांग्रेस के नेताओं ने चर्चा के दौरान कहा कि सरकार ने इस महत्वपूर्ण विधेयक को जल्दबाजी में पेश किया है और विपक्ष को इस पर चर्चा के लिए उचित अवसर नहीं दिया गया। विधेयक पेश होने के बाद सदन में हंगामे की स्थिति देखी गई, क्योंकि विपक्षी सांसदों ने अपनी नाराजगी जाहिर की। रिजिजू ने कहा- अगर हमने आज यह संशोधन बिल पेश नहीं किया होता, तो जिस इमारत में हम बैठे हैं, उस पर भी वक्फ संपत्ति होने का दावा किया जा सकता था। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सत्ता में नहीं आती तो कई अन्य संपत्तियां भी गैर-अधिसूचित हो गई होतीं।

भोपाल में वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन में जमकर आतिशबाजी

भोपाल। संसद में वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा हो रही है। बीजेपी के नेतृत्व वाला एनडीए जहां बिल का समर्थन कर रहा है, वहीं कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल इसके विरोध में हैं। मध्यप्रदेश के भोपाल में इस बिल के समर्थन में मुस्लिम समाज के कुछ लोगों ने आतिशबाजी कर खुशी जताई। आनंदपुरा और कोकता इलाके में बुर्का पहनी मुस्लिम महिलाएं

हाथों में गुलाब थामे थीं। वे 'थैंक्यू, मोदी जी' और 'वी सपोर्ट मोदी जी' लिखी तख्तियां लिए थीं। भोपाल के हथाई खेड़ा डैम के पास भी जश्न मनाया गया। विधायक मसूद ने कहा, एक बहुत बड़ी समस्या यह है कि कलेक्टर को जिम्मेदार बनाया जा रहा है। वही कलेक्टर जिसने हमारे कब्रिस्तानों को सरकारी घोषित किया हुआ है। हम इसके खिलाफ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में लड़ रहे हैं। हमारे पास 1959 के 41 और 1947 के दस्तावेज हैं, जो यह साबित करते हैं कि यह वक्फ की संपत्ति है।

यूपी के 50 जिलों में फ्लैग-मार्च, पुलिस की छुट्टियां कैंसिल

लखनऊ (एजेंसी)। लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पेश होने के बाद यूपी के 50 से ज्यादा शहरों में पुलिस फ्लैग मार्च कर रही है। कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज और संभल में प्रशासन अलर्ट पर है। संसद के बाहर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- भाजपा ने रेलवे को बेचा, डिफेंस की जमीन बेची और अब वक्फ की जमीनें बेची जाएंगी। उन्होंने कहा- जिन लोगों के लिए यह बिल लाया जा रहा, उनकी ही बातों को अहमियत ना देना,

इससे बड़ी नाइंसाफी क्या होगी। सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि मैं भी राम का वंशज हूं। मुझे भी राम मंदिर ट्रस्ट में शामिल करवा दें। 78 फीसदी वक्फ की संपत्ति विवादास्पद घोषित कर देना पूरी तरह से गलत है। वहीं, इससे पहले यूपी सरकार ने पुलिस की छुट्टियां कैंसिल कर दी है। विभाग ने आदेश जारी कर कहा कि जिन पुलिसकर्मियों की छुट्टियां मंजूर थीं, जो घर के लिए रवाना हो चुके हैं।

मोदी सरकार आदिवासियों का हक बचाने में रही नाकाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर आदिवासियों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वन अधिकार कानून को सही तरीके से लागू नहीं कर रही है, जिसके चलते लाखों आदिवासी परिवार अपनी जमीन से बेदखल होने के खतरे में हैं। मंगलवार को राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कांग्रेस सरकार ने 2006 में यह कानून बनाया था ताकि आदिवासियों को उनके जल, जंगल और जमीन पर हक मिले। लेकिन मोदी सरकार की लापरवाही की वजह से कई आदिवासियों

को जांच किये बगैर उनके जमीन के दावों को खारिज कर दिया गया। दरअसल 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि जिन लोगों की जमीन के वन अधिकार कानून के दावे खारिज हो चुके हैं, उन्हें जमीन से हटा दिया जाए। इस फैसले के खिलाफ देशभर में विरोध हुआ, तब कोर्ट ने बेदखली पर रोक लगाई और सरकार को कहा कि वह खारिज दावों की फिर से जांच करे।

लालू की तबीयत बिगड़ी दिल्ली ले जाने की तैयारी

● शुगर बढ़ने की खबर, पिछले साल एंजियोप्लास्टी हुई,किडनी ट्रांसप्लांट करा चुके

पटना (एजेंसी)। आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की तबीयत बीते 2 दिनों से बिगड़ गई है। ब्लड शुगर बढ़ने की खबर है। ऐसा बताया जा रहा है कि शुगर बढ़ने के चलते एक पुराने जख्म से लालू की तकलीफ बढ़ गई है। राबड़ी आवास पर लालू का इलाज कर रहे डॉक्टर ने उन्हें दिल्ली ले जाने की सलाह दी है। बुधवार यानी आज शाम 4 बजकर 5 मिनट पर एयर इंडिया की फ्लाइट से लालू यादव इलाज के लिए दिल्ली जा

सकते हैं। उनके साथ राजद सुप्रीमो के छोटे बेटे और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी दिल्ली जाएंगे। लालू यादव की बेटी मीसा भारती मंगलवार से दिल्ली में ही हैं। 26 मार्च, यानी 7 दिन पहले ही लालू यादव गर्दनीबाग में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों ने प्रदर्शन में शामिल हुए थे। वे तेजस्वी के साथ प्रदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने कहा था-गलत हो रहा है। सरकार को देखना चाहिए। हम इसके विरोध में हैं। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। नीतिश कुमार उन लोगों के साथ हैं, वो इस बिल का समर्थन कर रहे हैं। जनता सब समझ रही है। बीते सालों में लालू प्रसाद यादव के तीन बड़े ऑपरेशन हो चुके हैं। 76 साल के लालू की 13 सिंतबर 2024 को मुंबई के एशियन हार्ट अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई थी। उन्हें एक स्टेंट लगा है। इससे पहले 2022 में उनका सिंगापुर में किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। बेटी रोहिणी ने किडनी डोनेट की थी। 2014 में लालू की ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी। करीब 6 घंटे में एऑर्टिक वॉल्व बदला गया था। इस दौरान दिल में मौजूद 3 एमएम के छेद को भरा गया था।

एलओसी पर सेना ने 5 घुसपैठिए मार गिराए

● सेना बोली-कृष्णा घाटी की घटना,पाकिस्तान ने फायरिंग कर संघर्ष विराम किया

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। हालांकि, इसे लेकर सेना का आधिकारिक बयान नहीं आया है। घटना मंगलवार शाम को पुंछ में नियंत्रण रेखा पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई। एलओसी से सटे इलाके में 3 माइन ब्लास्ट हुए और पाकिस्तान की ओर से

फायरिंग भी हुई थी। दावा है कि इसी समय आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग की थी। जिसमें 4 से 5 घुसपैठियों मारे गए। फायरिंग और ब्लास्ट को लेकर सेना से बात की। सेना ने कहा- एक अप्रैल को एलओसी के उस पार से पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ की कोशिश की। इसके कारण कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन ब्लास्ट हुआ। पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया।

पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में एक परिवार के 11 लोगों की मौत

● मां बोली-बेटे की तेरहवीं के लिए कमाने गुजरात गए थे, सब खत्म हुआ

हरदा (एजेंसी)। होली पर बेटे सत्यनारायण का निधन हो गया था। उसकी तेरहवीं करने के लिए पैसे नहीं थे, इसलिए पोते समेत परिवार के 11 लोग काम करने गुजरात गए थे। वहां से काम करके लौटते तो बेटे की तेरहवीं करती, लेकिन उसके पहले ही पूरा परिवार खत्म हो गया। गुजरात से पता चला है कि हमारे घर के जो भी लोग काम करने गए थे, सभी शांत हो गए हैं। इसमें बेटा-बेटी, पोते-पोतियां, भांजे-भांजियां भी शामिल हैं। ये दर्द है गीताबाई का। हरदा के हंडिया की रहने वाली गीताबाई के तीन पोते समेत परिवार के 11 लोग गुजरात के बनासकांठा के पास डीसा में मजदूरी करने गए थे। मंगलवार सुबह 8 बजे पटाखा फैक्ट्री में बॉयलर में विस्फोट में इन्होंने अपनी जान गंवा दी।

● **50 मीटर दूर तक बिखर गए थे शरीर के टुकड़े**- जिस समय हादसा हुआ, उस दौरान मजदूर पटाखा बनाने का काम कर रहे थे। विस्फोट इतना भीषण था कि कई मजदूरों के अंग 50 मीटर दूर तक बिखर गए। फैक्ट्री के पीछे खेत में भी कुछ मानव अंग मिले हैं। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में 5 से 6 घंटे लगे। हादसे पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। गुजरात सरकार ने भी मृतकों के परिजन को 4-4 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए आर्थिक सहायता देने की बात कही है। हरदा विधायक डॉ. आरके दोगने ने मृतकों के परिवार को विधायक निधि से 20-20 हजार रुपए देने की घोषणा की है।

शाह के दौरे से पहले नक्सली शांति वार्ता को तैयार

● सेंट्रल कमेटी बोली-15 महीने में 400 साथियों को मारा, ऑपरेशन रोके,युद्धविराम कर देंगे

जगदलपुर (एजेंसी)। अमित शाह के बस्तर दौरे से पहले ही नक्सली केंद्र और राज्य सरकार से शांति वार्ता करने के लिए तैयार हो गए हैं। नक्सलियों के केंद्रीय समिति के प्रवक्ता अभय ने एक पर्चा जारी किया है। अभय ने कहा कि, पिछले 15 महीनों में उनके 400 साथी मारे गए हैं। अगर राज्य और केंद्र सरकार नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन रोकती है, तो हम शांति वार्ता के लिए तैयार हैं। नक्सली नेता अभय ने तेलगु भाषा में पर्चा जारी किया है। इसमें लिखा है कि, 24 मार्च को हैदराबाद में संगठन की एक बैठक हुई थी। जिसमें बिना किसी शर्त के शांति वार्ता के लिए आगे आने और बातचीत कर युद्धविराम की घोषणा करनी चाहिए इस पर बात हुई। अभय ने लिखा है कि, छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने शांति वार्ता के लिए पहल की थी। बता दें कि 5 अप्रैल को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर दौरे पर रहेंगे। पर्चे में लिखा है कि, जब हमारे दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्य और माओवाद संगठन के प्रतिनिधि विकल्प ने शांति वार्ता के लिए अपनी शर्त रखी थी कि जवानों को कैंप तक ही रखा जाए। ऑपरेशन को बंद किया जाए। जिसके बाद बातचीत करेंगे। इन शर्तों का जवाब दिए बगैर लगातार ऑपरेशन चलाए गए। पिछले 15 महीने में हमारे 400 से अधिक नेता, कमांडर, डीआरजी के कई स्तर के लड़ाके मारे गए।

TARUN JEWELLERS
TODAY BIS HALLMARK
92% Gold Rate ₹78,500/-
76% Gold Rate ₹64,790/-
Making Charges 8%
100% BUY BACK + EXCHANGE
MONDAY CLOSED
Shop No. 25, Sec-7, Huda Mkt, FBD
0129-3668332, 9990032657

देव मैडिकेयर
कैमिस्ट एण्ड कौस्मैटिक
10 प्रतिशत छूट सभी दवाईयों पर
फ्री होम डिलेवरी *

ALL KINDS OF
- MEDICINES
- COSMETICS
- AYURVEDIC MEDICINES
- INSULIN, GLUCOMETER, STRIPS
- B.P.MONITOR, NEBULIZER, SURGICAL GOODS, STRICLS, WHEEL CHAIR, WALKER, ETC

रविवार को दुकान दोपहर 3 बजे तक खुलती है।
आपकी अपनी दुकान
दुकान नं. 260, हुडा मार्किट, सैक्टर-7, फरीदाबाद
आशीष सिंह: 9650518651

मुख्यमंत्री का 'मिशन रोज़गार' जारी, अब तक युवाओं को 55,000 से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई

● नशे की समस्या के बारे में छात्रों को जागरूक करने के लिए शिक्षकों को 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान ● परंपरागत पार्टियों ने अपनी सरकारों के दौरान युवाओं को नौकरियों से वंचित रखा ● अब युवाओं को तो नौकरियां मिल रही हैं, लेकिन नौकरियां न देने वाले राजनेता बेरोज़गार हो गए

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने मिशन रोजगार% को जारी रखते हुए अपने 36 महीने के कार्यकाल के दौरान युवाओं को 55,000 से अधिक सरकारी नौकरियां देकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आज यहां 700 से अधिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपने के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक मौके पर नव-नियुक्त शिक्षकों को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि वे अपनी ड्यूटी पूरी मेहनत से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यह नौकरी शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण का फल है, क्योंकि उनकी सरकार युवाओं को पारदर्शी तरीके से नौकरियां दे रही है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य में शिक्षा क्रांति का युग शुरू हो चुका है, क्योंकि स्कूलों के बुनियादी ढांचे का कायाकल्प किया जा रहा है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर सबसे अधिक जोर दिया जा रहा है, जिसके लिए कई पहल की गई हैं। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार विभाग में खाली पड़े सभी पदों को भरेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पूरी भर्ती प्रक्रिया के लिए उचित विधि अपनाई गई है, जिसके कारण अब तक 55,000 से अधिक नौकरियाँ दी गई, लेकिन एक भी नौकरी को अदालती चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि पंजाब सरकार ने सभी युवाओं को पूरी तरह से योग्यता के आधार पर नौकरियां दी हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पारदर्शी भर्ती से सरकार के प्रति युवाओं का भरोसा बढ़ा है, जिसके कारण अब वे विदेश जाने का विचार त्याग कर सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्ड पर है कि विदेश जाने के पुराने रुझान के उलट राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं के दाखिलों में भारी वृद्धि हो रही है।मुख्यमंत्री ने दुख व्यक्त किया कि पिछली सरकारों ने अपने लंबे शासनकाल के दौरान राज्य के युवाओं को नौकरियों से वंचित कर दिया था। हालांकि, उन्होंने कहा कि जिन्होंने युवाओं को नौकरियां देने से इनकार किया था, उन्हें राज्य के लोगों ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। भगवंत सिंह मान ने व्यंग्य करते हुए कहा कि यह बहुत संयोग की बात है कि अब युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं, लेकिन जिन्होंने इनका भविष्य बर्बाद कर दिया, वे अब बेरोज़गार हैं और सत्ता से बाहर बैठे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले शासकों ने पंजाबियों की मानसिकता को ठेस पहुंचाई और राज्य में माफिया को संरक्षण देने के साथ-साथ खजाने की अंधाधुंध लूट की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पिछली सरकारों के कचरे को साफ कर रही है और अब 'रंगला पंजाब' बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जिसके लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जा रही। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य के सभी क्षेत्रों में पूरी तरह सुधार किया जा रहा है ताकि पंजाब के विकास को बड़ा प्रोत्साहन दिया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों को विदेशों और यहां तक कि प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थानों में प्रशिक्षण के लिए भेज रही है ताकि उनके शिक्षण कौशल को निखारा जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित स्टाफ ने राज्य के सरकारी स्कूलों में दाखिले की दर बढ़ाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि पंजाब 'शिक्षा क्रांति' का अग्रणी बन रहा है क्योंकि राज्य सरकार ने इस पर अधिक जोर दिया हुआ है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अब शिक्षक और प्रिंसिपल केवल शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं क्योंकि बाकी सभी कार्यों के लिए राज्य सरकार द्वारा आवश्यक स्टाफ की भर्ती की गई है। छात्रों को नशे की समस्या के बारे में जागरूक करने के लिए शिक्षकों को 'युद्ध नशे के विरुद्ध' में मुख्य भूमिका निभाने का आह्वान देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता हैं और उन्हें युवाओं को नशे के खिलाफ लड़ने के लिए अपनी असीम ऊर्जा लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी पीढ़ियों को नशे की लानत से बचाना बहुत जरूरी है क्योंकि पंजाब पहले ही इस अभिशाप के कारण बड़ा नुकसान झेल चुका है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार पहले ही नशे की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ चुकी है और इस घृणित अपराध में शामिल बड़े मगरमच्छों को सलाखों के पीछे डाल दिया गया है, साथ ही नशा तस्करों की संपत्ति को नष्ट/जब्त किया जा रहा है।

मान सरकार भाजपा के नक्शेकदम पर चल रही है: बलबीर सिंह सिद्धू

● भगवंत मान का राहुल गांधी के खिलाफ बयान शर्मनाक और निंदनीय: बलबीर सिद्धू

● मान के ऐसे बयानों से उनकी मानसिकता का पता चलता है: बलबीर सिद्धू

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। पंजाब के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस नेता बलबीर सिंह सिद्धू ने कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भगवंत मान की टिप्पणियों पर निशाना साधते हुए कहा, ÷मान सरकार के ऐसे बयान उनकी मानसिकता को साफ तौर पर बयां कर रहे हैं। मान ने राहुल गांधी के खिलाफ जो कुछ भी कहा है, वह बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। इन बयानों से साफ है कि भगवंत मान अब भाजपा सरकार की ÷ट्रोल आर्मी÷ का हिस्सा बन गए हैं, जो दूसरों पर आरोप लगाने के अलावा कुछ नहीं जानते।÷ भगवंत मान को भाजपा का एजेंट बताते हुए सिद्धू ने कहा, ÷पहले हमारे अन्नदाताओं को सीमाओं से उठाना, किसानों की मांगों को खारिज करना और अब विपक्षी दलों के नेताओं पर बेबुनियाद बयानबाजी, ये सब बातें साफ तौर पर दिखा रही हैं कि भगवंत मान किस तरह भाजपा और नरेंद्र मोदी के नक्शेकदम पर चल रहे हैं और रही बात %नेतृत्व% की तो जिस पार्टी के मुख्यमंत्री के हाथ में खुद दिल्ली का रिमोट कंट्रोल हो, वह नेतृत्व को लेकर बयानबाजी कैसे कर सकती है? भगवंत मान सिर्फ भाजपा और केजरीवाल के इशारों पर नाच रहे हैं, राज्य में जो कुछ भी हो रहा है, उसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।÷

सिद्धू ने भगवंत मान को लेकर आगे कहा, ÷हाल ही में मान ने विधानसभा में कहा था कि वह अमित शाह की सहमति के बिना इस प्रस्ताव को पारित नहीं करवा सकते, जिससे साफ पता चलता है कि वह अब भाजपा के हाथों की कठपुतली बन गए हैं। नशे से लड़ने के नाम पर घरों पर बुलडोजर चलाना, किसानों पर कार्रवाई करना और अब राहुल गांधी पर बेबुनियाद बयानबाजी करना, इन सब बातों से साफ होता है कि भगवंत मान ने किस तरह भाजपा के तौर-तरीके अपना लिए हैं और उन्हीं के नक्शेकदम पर चल रहे हैं।÷ राहुल गांधी के बारे में बात करते हुए सिद्धू ने कहा, ÷राहुल गांधी एक ऐसे नेता हैं जो हमेशा गरीबों और युवाओं के हितों के लिए लड़ते रहे हैं। उन्होंने देश के युवाओं और लोगों को एकजुट करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा की। लेकिन मान सरकार ने क्या किया? इसने पंजाब के लोगों को लूटा, उनसे झूठे वादे किए और पंजाब को कर्ज में डुबो दिया।÷

सिद्धू ने मांग की, ÷भगवंत मान को राहुल गांधी के खिलाफ अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए और अनावश्यक बयानबाजी करने के बजाय राज्य में बिगड़ते हालात पर ध्यान देना चाहिए।

जब तक पंजाब से नशे का नामो-निशान नहीं मिटता, तब तक चैन से न बैठें - केजरीवाल की ओर से युवाओं से अपील

नशों के खिलाफ जंग में युवाओं से सहयोग देने का आह्वान

लुधियाना, 2 अप्रैल÷ आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब से नशे का नामो-निशान मिटाने के लिए प्रांत के युवाओं से नशों के खिलाफ निर्णायक जंग में सहयोग करने का आह्वान किया।आज यहां नशे के खिलाफ मार्च को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रांत से नशे को पूरी तरह से समाप्त करने में युवाओं की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि अगर इस बुराई का खात्मा नहीं किया गया तो यह एक बहुत बड़ी समस्या बन जाएगी जिससे प्रांत और उसकी आने वाली पीढ़ियों को बहुत नुकसान होगा। अरविंद केजरीवाल ने युवाओं से नशों से दूर रहने की अपील की क्योंकि यह बुराई उनके और उनके परिवार के जीवन को तबाह कर देगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि पंजाब में पिछली सरकारों ने प्रांत में नशों के व्यापारियों को संरक्षण दिया था और उनके बड़े नेता भी इसमें शामिल थे। उन्होंने कहा कि गैर-कानूनी तरीके से पैसा कमाने के लिए इन लालची नेताओं ने प्रांत में नशों के व्यापार को प्रोत्साहित किया जिससे हमारी पीढ़ियां बर्बाद हो गई। अरविंद केजरीवाल ने कहा, ÷ईश्वर और राज्य के लोग इन राजनीतिक नेताओं को इस बड़े पाप के लिए कभी माफ नहीं करेंगे और उन्हें इस अपराध की सजा जरूर मिलेगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रांत सरकार ने पिछले 30 दिनों में नशों के खिलाफ उदाहरणीय काम किया है और नशा तस्करों द्वारा बनाए गए बड़े-बड़े महल भी ढहाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी नशा तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करके जेल भेजा जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां नशा तस्करों को पकड़कर नशे की सप्लाई लाइन तोड़ रही हैं और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करके प्रशंसनीय भूमिका निभा रही हैं।

लिंगानुपात में हो रहा है सुधार : कुमारी आरती सिंह राव

स्वास्थ्य मंत्री ने गांव रामपुरा की मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणाकी स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए ÷बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ÷ अभियान ने इस वर्ष सफलतम 10 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि बीते एक दशक में इस अभियान ने भारत में लैंगिक समानता और बच्चियों की जन्म दर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल के लिंगानुपात के डाटा आधार पर उनका स्वयं का गांव रामपुरा 5 हजार से ज्यादा आबादी वाले गांवों में रेवाड़ी जिला में पहले पायदान पर रहा है। गांव की इस उपलब्धि पर तथा आज गांव की मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। स्वास्थ्य मंत्री आज रेवाड़ी जिला के गांव रामपुरा में आयोजित लिंगानुपात पर आधारित मेधावी सम्मान समारोह में छात्राओं को सम्मानित करने उपरांत समारोह को संबोधित कर रही थी।

कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के जनवरी 2024 से लेकर दिसंबर 2024 तक के लिंगानुपात के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो गांव रामपुरा की कुल जनसंख्या 5201 है, इसमें एक साल के दौरान कुल 56 नवजात शिशुओं ने जन्म लिया , इनमें 32 बेटियां तथा 24 बेटे शामिल हैं। ऐसे में लिंगानुपात का प्रतिशत 1333.333 बनता है। उन्होंने ग्रामवासियों का आह्वान किया कि वे बेटियों को जन्म लेने दें और उन्हें खूब पढ़ाएं-लिखाएं। उन्होंने कहा कि वे भी इस गांव की बेटी हैं और उन्हें इस बात पर गर्व है। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में देश-प्रदेश का मान बढ़ा रही है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने चण्डी माता मंदिर में पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने चण्डी माता से हरियाणावासियों के स्वस्थ व उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज चण्डी माता के दर्शन कर प्रदेशवासियों के स्वस्थ व उज्जवल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी नवरात्रों के मौके पर पंचकूला स्थित चण्डी माता मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे थे, इस दौरान उन्होंने माता का आशीर्वाद लेते हुए हरियाणावासियों को नवरात्र की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि माता रानी की कृपा से प्रदेश विकास की गति पर तेजी से अग्रसर रहे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यज्ञशाला पहुंचकर हवन यज्ञ में शिरकत करते हुए आहुति भी डाली। इस अवसर पर पंचकूला के कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा,महापौर कुलभूषण गोयल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देशभर में राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठकें

देशभर में सी.ई.ओ., डी.ई.ओ. और ई.आर.ओ. स्तर पर 4,719 बैठकें हुई, जिनमें राजनीतिक पार्टियों के 28,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देशभर में चुनाव पंजीकरण अधिकारी (ई.आर.ओ.), जिला चुनाव अधिकारी (डी.ई.ओ.) और मुख्य चुनाव अधिकारी (सी.ई.ओ.) के स्तर पर राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठकें की गई हैं। 31 मार्च 2025 तक 25 दौर में कुल 4,719 बैठकें की गईं, जिनमें 40 बैठकें सी.ई.ओ. द्वारा, 800 बैठकें डी.ई.ओ. द्वारा और 3,879 बैठकें ई.आर.ओ. द्वारा की गईं, जिसमें देशभर में राजनीतिक पार्टियों के 28,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। यह बैठकें मुख्य चुनाव आयुक्त (सी.ई.सी.) श्री ज्ञानेश कुमार द्वारा चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ 4 और 5 मार्च 2025 को आई.आई.आई.डी.ई.एम., नई दिल्ली में हुई मुख्य चुनाव अधिकारियों की कॉन्फ्रेंस के दौरान जारी निर्देशों के अनुसार की गई हैं।

इन प्रयासों का उद्देश्य संबंधित सक्षम अधिकारियों जैसे कि ई.आर.ओ. या डी.ई.ओ. या सी.ई.ओ. द्वारा किसी भी लंबित मुद्दे को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; मतदाताओं की पंजीकरण नियमावली, 1960; चुनाव आचार नियम, 1961 और भारत चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए मैनुअल, दिशा-निर्देश और हिदायतों के मौजूदा कानूनी ढांचे के तहत हल करना है। अन्य मूल्यांकन के लिए सभी राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों से एक कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है और यदि कोई भी मुद्दा, मौजूदा कानूनी ढांचे के अंतर्गत हल नहीं होता है, तो आयोग द्वारा उठाया जाएगा।

बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जसवीर सिंह गढ़ी ने डी.जी.पी. को डी.ओ. लिखा

चंडीगढ़, 2 अप्रैलः पंजाब राज्य में बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की मूर्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन स. जसवीर सिंह गढ़ी ने राज्य के पुलिस प्रमुख को डी.ओ. पत्र लिखा है।

स. गढ़ी ने लिखा कि फिल्लौर तहसील के गांव नंगल में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर देश विरोधी नारे लिखे गए थे। जिसकी जिम्मेदारी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा वीडियो जारी करके ली गई है। इसके मद्देनजर गुरपतवंत पन्नू के खिलाफ एस.सी/एस.टी एक्ट 1989 के अधीन और देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाए और गुरपतवंत पन्नू के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा के उसे भारत लाया जाए और उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए मिसाली सजा दी जाए।

इसके साथ ही उन्होंने राज्य में विभिन्न स्थानों पर स्थित बाबा साहेब डॉ. बी. आर. अंबेडकर जी की मूर्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने के लिए भी लिखा ताकि भविष्य में कोई भी असामाजिक तत्व इस तरह की घटना को अंजाम न दे सकें। उन्होंने लिखा कि पंजाब में यदि ऐसी घटनाएं होती रहीं तो पंजाब में आपसी भाईचारे को नुकसान पहुंचने का खतरा है। जिससे पंजाब को आर्थिक और सामाजिक नुकसान हो सकता है।

यमुनानगर मे 800 मेगावाट का नया थर्मल पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा: अनिल विज

अवैध वाहनों पर होगी सख्ती

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने बताया कि यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता का एक नया थर्मल पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही हिसार और पानीपत में भी थर्मल पावर प्लांट लगाए जाएंगे। वे आज यहां मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए बिजली की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। ट्रांसफार्मरों को अपग्रेड कर दिया गया है, और फिर भी यदि कोई ट्रांसफार्मर खराब होता है तो उसे तुरंत बदलने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता की जानकारी ऑनलाइन अपडेट की जाए। बिजली दरों के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछले आठ वर्षों से बिजली की दरों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली दरें हरियाणा इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन द्वारा तय की जाती हैं, और फिलहाल उनके पास दरें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है। अवैध वाहनों की समस्या के प्रश्न पर परिवहन मंत्री ने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है, जिसे रोकने के लिए वह स्वयं कई बार सड़कों पर निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध वाहनों के संचालन पर सख्ती से रोक लगाई जाए और कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाए। नशे को एक सामाजिक बीमारी करार देते हुए उन्होंने कहा कि इसे पूरी तरह समाप्त करने के लिए समाज के लोगों को भी आगे आना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि नशे से ग्रस्त लोगों का मानसिक परिवर्तन ही इसका स्थायी समाधान हो सकता है। टोल टैक्स की दरों में बढ़ोतरी के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार टोल प्लाजा प्रणाली को अधिक सरल और प्रभावी बनाने पर विचार कर रही है। इसके तहत ऑटोमेटिक चिप लगाने की योजना है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी और टोल भुगतान की प्रक्रिया सुगम होगी।

पंजाब पुलिस ने सीमा पार से नशा तस्करी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया; 3.5 किलो हेरोइन सहित एक गिरफ्तार

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए वचनबद्ध पंजाब पुलिस

चंडीगढ़/फिरोजपुर । मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के तहत नशे के खिलाफ छेड़ी गई जंग के दौरान काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) फिरोजपुर ने 3.5 किलो हेरोइन के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर सीमा पार से नशा तस्करी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सुखदेव सिंह उर्फ सुखी निवासी मोहन के उत्तर, फिरोजपुर के रूप में हुई है। हेरोइन की बरामदगी के अलावा, पुलिस टीमों ने उसका हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (पी बी -05-ए एम -5620), जिस पर वह सवार था, भी जब्त कर लिया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्करों के सीधे संपर्क में था, जो सीमा पार से ड्रोन के जरिए नशीले पदार्थों की खेप भेज रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में आगे की कड़ियों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। इस ऑपरेशन के संबंध में जानकारी देते हुए एआईजी काउंटर इंटेलिजेंस फिरोजपुर गुरसेवक सिंह बराड़ ने बताया कि आरोपी सुखदेव सिंह सुखी की तस्करी गतिविधियों में संलिप्तता की पुख्ता सूचना के आधार पर सीआई फिरोजपुर की पुलिस टीमों ने फिरोजपुर के गांव लखो के बहिराम क्षेत्र में गुप्त अभियान चलाया और आरोपी को काबू कर लिया। उसके पास से प्लास्टिक बैग में रखे 500-500 ग्राम हेरोइन के 7 पैकेट बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि जब पुलिस टीमों ने आरोपी को पकड़ा, उस समय वह किसी व्यक्ति को यह खेप पहुंचाने जा रहा था। उन्होंने कहा कि सप्लायरों, डीलरों और खरीदारों के पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के साथ-साथ आरोपी सुखदेव सिंह सुखी जिस व्यक्ति को नशे की खेप पहुंचाने वाला था, उसकी पहचान करने की कोशिश जारी है।

गेहूं खरीद को लेकर सरकार ने किए पुख्ता इंतजाम : मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गेहूं की खरीद को लेकर सरकार ने पुख्ता इंतजाम किए है। इसके लिए मंडियों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। किसानों को किसी प्रकार की कोई भी कठिनाई नहीं आने दी जाएगी। आज मुख्यमंत्री पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। एक प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गेहूं की खरीद के लिए सभी जिला अधिकारियों को पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दे दिए गए है। किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। प्रदेश सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरी है, उन्होंने कहा कि मंडियों में बारदाने की उचित व्यवस्था के साथ साथ साफ सफाई व पेयजल की व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए गए है। किसानों को उनकी फसल का एमएसपी पर खरीद के बाद समय पर भुगतान हो, इसके लिए भी दिशा निर्देश दें दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि खरीदी गई फसल का भुगतान किसानों को 48 से 72 घंटे में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष केंद्र सरकार ने गेहूं का भाव 2425 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

जलभराव वाले क्षेत्रों के पानी का उपयोग मछली पालन और झींगा उत्पादन के लिए करें : कृषि मंत्री

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों के पानी का उपयोग मछली पालन और झींगा उत्पादन के लिए किया जा सकता है, जिससे राज्य में %ब्लू रेवोल्यूशन% को बढ़ावा मिलेगा। कृषि मंत्री आज कृषि एवं किसान कल्याण, तथा मत्स्य विभाग के अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

बैठक के दौरान कृषि मंत्री ने मत्स्य पालन और कृषि विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया और अधिकारियों से पहले चल रही परियोजनाओं में तेजी लाने को कहा। उन्होंने वैश्विक स्तर पर मछली पालन को बढ़ावा देकर किसानों के लिए अतिरिक्त आय के स्रोत तलाशने की आवश्यकता जताई। इस अवसर पर भिवानी और सिरसा जिलों में चल रही मत्स्य पालन परियोजनाओं पर भी विशेष चर्चा हुई। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन परियोजनाओं के अंतिम ड्रॉइंग को इस माह के अंत तक फाइनल कर लिया जाए।

अधिकारियों ने बताया कि भिवानी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण पहले ही पूरा हो चुका है और बिजली-पानी की आपूर्ति की योजना पर काम चल रहा है। टेंडर प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी ताकि अप्रैल के अंत तक निर्माण कार्य आरंभ हो सके। वहीं, सिरसा जिले में प्रस्तावित %प्रोपड फिश फार्म% परियोजना के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया जारी है, और उपायुक्त को भूमि आवंटन में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। कृषि मंत्री ने विभाग को परियोजना की प्रगति रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने को कहा।

उन्होंने मत्स्य पालन, कृषि और मृदा संरक्षण विभागों के बीच संयुक्त बैठक आयोजित करने पर जोर दिया ताकि जल संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों के पानी का उपयोग मछली पालन और झींगा उत्पादन के लिए किया जा सकता है, जिससे राज्य में %ब्लू रेवोल्यूशन% को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अतिरिक्त खारे पानी वाले क्षेत्रों की पहचान कर मत्स्य पालन के लिए परियोजनाएं तैयार की जाएं। उन्होंने कहा कि जून के बाद सरकार एक लाख एकड़ खारे भूमि को उपजाऊ बनाने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्रीय दौरे करने और ट्यूबवेल संचालन की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सरकार मछली पालन के लिए प्रति हेक्टेयर 14 लाख रुपये की सब्सिडी दे रही है। वे पात्र किसानों को इस योजना से जोड़ने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं।

संक्षिप्त समाचार

शराब के शौकीन ध्यान दें! दिल्ली में अप्रैल-जून के बीच कई दिन बंद रहेंगे मदिरालय

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में शराब के शौकीनों के लिए जरूरी खबर है। दिल्ली सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल से जून तिमाही में ड्राई डे की संख्या की घोषणा की है। इसके अनुसार, रामनवमी और गुड फ्राइडे सहित धार्मिक त्योहारों पर शहर भर की शराब की दुकानें बंद रहेंगी। सीधा मतलब है कि इन अवसरों पर दिल्ली में ड्राई डे घोषित रहेगा।अप्रैल से जून के बीच पांच ऐसे दिन आएंगे जब शराब की दुकानों को नहीं खोला जाएगा। आबकारी विभाग के एक हालिया आदेश के अनुसार, दिल्ली में रामनवमी, महावीर जयंती, गुड फ्राइडे, बुद्ध पूर्णिमा और ईद-उल-जुहा पर शराब की दुकानें बंद रहेंगी। दिल्ली सरकार के आबकारी आयुक्त, सनी सिंह ने कहा कि शराब लाइसेंस धारकों के लिए दिल्ली आबकारी नियम, 2010 के नियम 52 के प्रावधानों के अनुसार ड्राई डे घोषित किए जाते हैं। आदेश में यह भी अनिवार्य किया गया है कि नीचे दिए गए ड्राई डे की अवधि के लिए लाइसेंस प्राप्त परिसर होने के बावजूद, इसे प्रमुख स्थानों पर भी लागू किया जाए।

अगर वक्फ बिल जबरन मुसलमानों पर थोपने की कोशिश हुई तो देशव्यापी आंदोलन होगा

नई दिल्ली, एजेंसी। संसद में वक्फ संशोधन विधेयक लाए जाने के बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने देशव्यापी आंदोलन शुरू करने की बात कही है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शोएब जमई ने कहा है कि यदि बिल को जबरन मुसलमानों पर थोपने की कोशिश हुई तो देशव्यापी आंदोलन होगा और इसकी शुरुआत दिल्ली से होगी। शोएब जमई ने बुधवार को एक्स लिखा, 'अगर वक्फ बिल जबरन मुसलमानों पर थोपने की कोशिश की गई तो देशव्यापी आंदोलन होगा और इसकी शुरुआत दिल्ली से करेंगे। 'पिछली बार आंदोलन जहां से खत्म हुआ था शुरूआत वहीं से होगी।' हम अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल करेंगे और संविधान में अल्पसंख्यको को दिए गए अधिकार पर हमला बर्दाश्त नहीं करेंगे।' 'जहां आंदोलन खत्म हुआ था शुरुआत वहीं से होगी', शोएब जमई की इस बात को शाहीनबाग की ओर इशारा समझा जा रहा है। इससे पहले संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ दिल्ली के शाहीनबाग में लंबे समय तक आंदोलन चला था। यहां सैकड़ों महिलाएं एक साल से अधिक समय तक धरने पर बैठी रही थीं।

दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब की श्रेणी में दर्ज

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में बुधवार को न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से 4.6 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिन में मुख्यतः आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 50 प्रतिशत दर्ज की गई। आईएमडी ने कहा कि अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है।सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 201 रहा जो 'खराब' की श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच को 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच को 'मध्यम', 201 से 300 के बीच को 'खराब', 301 से 400 के बीच को 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

वक्फ बिल पर एआईएमआईएम का 'शाहीनबाग' वाला इशारा!

कहा- मुसलमानों पर जबरन थोपा तो दिल्ली में...

नईदिल्ली, एजेंसी।
संसद में वक्फ संशोधन विधेयक लाए जाने के बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने देशव्यापी आंदोलन शुरू करने की बात कही है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शोएब जमई ने कहा है कि यदि बिल को जबरन मुसलमानों पर थोपने की कोशिश हुई तो देशव्यापी आंदोलन होगा और इसकी शुरुआत दिल्ली से होगी। उन्होंने संभवतः शाहीनबाग की ओर इशारा करते हुए कहा कि आंदोलन वहीं शुरू होगा जहां खत्म हुआ था।

शोएब जमई ने बुधवार को एक्स लिखा, 'अगर वक्फ बिल जबरन मुसलमानों पर थोपने की कोशिश की गई तो देशव्यापी आंदोलन होगा और इसकी शुरुआत दिल्ली से करेंगे। 'पिछली बार आंदोलन जहां से खत्म हुआ था शुरूआत वहीं से होगी।' हम अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल करेंगे और संविधान में अल्पसंख्यको को दिए गए अधिकार पर हमला बर्दाश्त नहीं करेंगे।'

'जहां आंदोलन खत्म हुआ था शुरुआत वहीं से होगी', शोएब जमई की इस बात को शाहीनबाग की ओर इशारा समझा जा रहा है। इससे पहले संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ दिल्ली के शाहीनबाग में लंबे समय तक आंदोलन चला था। यहां सैकड़ों महिलाएं एक साल से अधिक समय तक धरने पर बैठी रही थीं। वक्फ संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए लोकसभा में बुधवार को इसे पेश किया जाएगा। भारतीय सरकार को तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा), जनता दल-यूनाइटेड (जदयू), शिवसेना और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का भी साथ मिला है, जबकि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल इसके विरोध में हैं। एआईएमआईएम भी मुखरता से इसके खिलाफ आवाज उठा रही है। अब पार्टी ने दिल्ली में आंदोलन की चेतावनी दे डाली है। एआईएमआईएम इसे मुसलमानों के खिलाफ बता रही है।

जो लोग खुश हो रहे हैं वो;वक्फ बिल का समर्थन करने वालों को संजय सिंह ने क्या बताया?

नईदिल्ली, एजेंसी। लोकसभा में आज बहुप्रतीक्षित वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पेश कर दिया गया। अल्पसंख्यक मंत्री किरन रिजिजू ने आज विपक्ष के विरोध के बीच इसे संसद में पेश किया। इस बिल को लेकर आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भी विरोध किया। उन्होंने वक्फ बिल का सपोर्ट करने वालों को भी हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि ये लोग वक्फ की जमीन अपने दोस्तों को देने के बाद चर्च, गुरुद्वारा और बौद्ध मंदिरों की संपत्तियों के साथ भी ऐसा करेंगे। वक्फ बिल का खुला विरोध जताते हुए आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश के लोगों को अब सावधान हो जाना चाहिए कि भाजपा ने वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने और उन्हें अपने दोस्तों को देने की शुरुआत कर दी है। वे गुरुद्वारों, मंदिरों और चर्चों की संपत्तियों के साथ भी ऐसा ही करेंगे।

दिल्ली में 7 की तीव्रता वाले भूकंप के दावे से मचा दी हलचल

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में 7 की तीव्रता का भूकंप आने वाला है; पिछले दिनों इस तरह की एक भविष्यवाणी ने हलचल मचा दी। पैनिक फैलाने वाली इस भविष्यवाणी के बाद राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र को सामने आना पड़ा। एनसीएस साफ किया कि विकास जियो सेंसिंग प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर विकास कुमार ने जो भविष्यवाणी की है, वह आधारहीन है। एनसीएस की ओर से यह भी बताया गया कि विकास ने बिना मंजूरी अपने स्तर पर इस तरह का दावा किया है, जबकि पहले भी उन्हें ऐसा नहीं करने को कहा गया है।

विकास जियो सेंसिंग की ओर से अपने लेटर हैड पर एक बयान जारी करते हुए दिल्ली और नेपाल में तेज भूकंप की चेतावनी 31 मार्च को की थी। उन्होंने लिखा, दिनांक 31 मार्च 2025 की सुबह 7:15 पर भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली से प्रथम सिग्नल दिल्ली से उत्तर-दक्षिण की तरफ 20 डिग्री पर सिग्नल प्राप्त हो रहा है जिसकी दूरी 100 किलोमीटर है। यह भूकंप 3 से 5 मेग्नीट्यूड के बीच में आ सकता है एवं द्वितीय सिग्नल भारत नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में प्राप्त हो रहा है, जिसकी दूरी 300 किलोमीटर है। यह भूकंप का सिग्नल दिल्ली से उत्तर-पूर्व की तरफ 45 डिग्री पर मिल रहा है। यह भूकंप 5 से 7 मेग्नीट्यूड के बीच में आ सकता है। कृपया सतर्क रहें एवं 24 घंटे के अंदर आ सकता है। यह भूकंप की सूचना गणेश नगर पांडव नगर दिल्ली में लगी हुई मशीन से प्राप्त हुई है। विकास की ओर से किया गया दावा गलत निकला। बताए गए समय के दो दिन के बाद भी दिल्ली या नेपाल में कोई भूकंप दर्ज नहीं किया गया है। इससे पहले भी विकास ने कई दावे किए थे जो सही नहीं निकले। दरअसल विकास कुमार विकास जियो सेंसिंग प्राइवेट लिमिटेड नाम का स्टार्टअप चलाते हैं। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के रहने वाले विकास का दावा है कि उन्होंने एक मशीन तैयार की है जो भूकंप आने से पहले चेतावनी देने में सक्षम है। महज 12वीं तक पढ़े विकास के यूट्यूब चैनल से पता चलता है कि वह लंबे समय से भूकंप पर शोध करने और अलर्ट सिस्टम बनाने पर काम कर रहे हैं। विकास का कहना है कि वह गरीबी की चलते आगे पढ़ाई जारी नहीं रख पाए, लेकिन वह भूकंप पर लंबे समय से काम कर रहे हैं। विकास ने यूपी, दिल्ली और उत्तराखंड में कुछ जगहों पर अपनी मशीन भी स्थापित की है, जिसके जरिए वह भूकंप की पूर्व चेतावनी मिलने का दावा करते हैं।

डीसीपी वेद प्रकाश सूर्या को ऐसा क्या पता है जो कोर्ट को नहीं, जांच की जाए

दिल्ली दंगों से जुड़े मामले में आदेश

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली भाजपा नेता और रेखा गुप्ता सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा की दंगों में कथित भूमिका को लेकर आगे की जांच के आदेश दिए। कोर्ट ने तत्कालीन डीसीपी वेद प्रकाश सूर्या से भी पूछताछ करने का निर्देश दिया है कि कपिल मिश्रा इलाके में कब मौजूद थे और 23 फरवरी, 2020 को उन दोनों के बीच क्या हुआ था। यह निर्देश मोहम्मद इलियास द्वारा दायर एक याचिका पर पारित किया गया है, जिसमें कर्दम पुरी रोड पर मुसलमानों और दलितों के ठेले को नुकसान पहुंचाने की घटना के संबंध में कपिल मिश्रा और उनके सहयोगियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। एसीजेएम वैभव चौरसिया ने मंगलवार को आदेश दिया, प्रस्तावित आरोपी (कपिल मिश्रा) और उसके साथियों के खिलाफ केवल पहली घटना के संबंध में आगे की जांच शुरू की जाए और शिकायतकर्ता द्वारा संज्ञेय अपराध का खुलासा किया गया है। अदालत ने यह भी कहा कि यदि सूचना झूठी पाई जाती है, तो दिल्ली पुलिस शिकायतकर्ता के खिलाफ धारा 182 आईपीसी (बीएनएसएस की धारा 217) के तहत आगे की कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगी। अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि आदेश की एक अतिरिक्त कॉपी डीसीपी उत्तर-पूर्व को भेजी जाए ताकि उसे तत्कालीन डीसीपी वेद प्रकाश सूर्या को भेजा जा सके। एसीजेएम ने कहा, घटनाओं की सीरिज से पता चलता है कि शायद, अगर शिकायतकर्ता के आरोप सही पाए जाते हैं, तो डीसीपी वेद प्रकाश सूर्या को कुछ ऐसा पता है जो इस न्यायपालिका को नहीं है। यह कर्तव्य है कि वह यह खुलासा करे कि डीसीपी वेद प्रकाश सूर्या को एक जांच अधिकारी की मदद से सड़कों पर घूमते हुए किसने यह कहते हुए सुना है कि यदि आप विरोध प्रदर्शन बंद नहीं करते हैं।

कई फंस गए,दूसरा एग्जिट गेट बंद था; लोगों ने सुनाई अट्टा मार्केट के उस भयवाह मंजर की कहानी

नईदिल्ली, एजेंसी।
सेक्टर-18 स्थित आठ मंजिला कृष्णा अपरा प्लाजा में मंगलवार सुबह धमाके के साथ आग लगी। इससे अंदर मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। लोगों का आरोप है कि छत के रास्ते में ताला था और नीचे के निकास द्वार पर आग लगी थी। इसके अलावा दूसरा निकास द्वार बंद था। इससे लोग फंस गए। अग्निशमन विभाग और पुलिस ने फंसे लोगों को बाहर निकाला। जिस इमारत में आग लगी,उसके सामने मोबाइल की दुकान के कर्मचारी विपुल ने बताया कि सुबह के करीब 11:30 बजे थे। इमारत में एक धमाके की आवाज हुई। भूतल से धुआं निकलने लगा और अंदर मौजूद लोग चीख-पुकार मचाने लगे। कुछ लोग जान बचाने के लिए खिड़कियों से कूद गए। चोट लगने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मनोहर ने बताया कि वह दुकान के बाहर घूम रहे थे। अचानक से इमारत में से एक व्यक्ति बाहर आया और सड़क पर लेट गया। उसके शरीर का कुछ हिस्सा आग से झुलसा हुआ था। मनोहर का दावा है कि उन्होंने करीब छह लोगों को बिल्डिंग से कूदते देखा। दुकानदारों ने इसके बाद अग्निशमन विभाग और पुलिस को हादसे की सूचना दी। घटनास्थल के पास जूस की दुकान चलाने वाले गोलू ने बताया कि आग लगने के बाद

पुलिस ने इमारत को चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस की तीन टीमें आसपास की इमारतों को खाली कराने में जुट गईं। एहतियातन आसपास की इमारतों पर भी पानी की बौछार की गई। इमारत की कांच की खिड़कियों को तोड़कर धुएं को बाहर निकाला गया। लोगों को बचाने के लिए हाईड्रोलिक लिफ्ट का भी इस्तेमाल किया गया। बिल्डिंग की फायर एनओसी और अग्निसुरक्षा उपकरण के काम करने के संबंध में दमकल विभाग की तरफ से सही जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस ने एहतियात के तौर पर बिल्डिंग को सील कर दिया है। भवन के बाहर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इमारत में फंसे लोगों का आरोप है कि छत के रास्ते में ताला था और नीचे के एक निकास द्वार पर आग लगी थी। दूसरा निकास द्वारा बंद था। इससे लोग फंस गए। दमकलकर्मियों और पुलिसकर्मियों ने दूसरे निकास द्वार का शटर तोड़कर लोगों को बाहर निकाला। लोगों का यह भी आरोप है कि इमारत में आग बुझाने के लिए लगे उपकरण काम नहीं कर रहे थे यानी इमारत में अग्निसुरक्षा मानकों की अंदेखी की जा रही थी। वहीं, इमारत में फायर एनओसी के संबंध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी का कहना है कि इसकी जांच की जा रही है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि 10 मिनट में आग बुझाई गई। ऊंचाई से गिरकर घायल हुए लोगों को एंबुलेंस के जरिये कैलाश अस्पताल, जिला अस्पताल और विनायक अस्पताल पहुंचाया गया। सेक्टर-41 निवासी सूरज, गेझा निवासी गंगा सिंघा, बिहार निवासी विकास चंद्रा, दिल्ली निवासी किशोर कुमार, सेक्टर-28 निवासी अभिनंदन, सेक्टर-10 निवासी लक्ष्मी प्रसाद, सेक्टर-45 निवासी नवनीत सिंह, सेक्टर-34 निवासी जसविंदर सिंह, सेक्टर-34 निवासी दुर्गा चंद्रा, आजाद विहार निवासी राहुल रावत, सेक्टर-50 निवासी इनायत, सेक्टर-30 निवासी मोहित, सोबन सिंह नेगी और नवीन समेत कुल 22 लोग अस्पताल पहुंचे।

इनमें से अधिकतर को छुट्टी दे दी, जबकि विकास, अभिनंदन और किशोर अस्पताल में भर्ती हैं। तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

ई-वाहन खरीदने वालों को दिल्ली सरकार का तोहफा

15 दिन बढ़ाई नीति

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली सरकार ने अपनी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति की अवधि समाप्त होने के बाद इसे 15 दिन के लिए और बढ़ा दिया है। इस विस्तार अंतिम माना जा रहा है क्योंकि अधिकारियों ने पहले ही एक नई ड्राफ्ट नीति तैयार कर ली है। दिल्ली ईवी नीति में कई तरह के प्रोत्साहन दिए गए हैं, जिसमें ई-साइकिल के लिए 25 प्रतिशत खरीद सब्सिडी (5,500 रुपये तक), ई-रिक्शा और ई-कार्ट के लिए 30,000 रुपये, दोपहिया वाहनों की बैटरी क्षमता के लिए 5,000 रुपये (30,000 रुपये तक) और ई-लाइट कमर्शियल वाहनों के लिए 30,000 रुपये शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आगामी नीति में इलेक्ट्रिक बसों और कारों को अपनाने को प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि पेट्रोल, डीजल और सीएनजी वाहनों को हतोत्साहित किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि नई नीति के कार्यान्वयन के दौरान निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए यह छोटा विस्तार दिया गया है। उन्होंने कहा कि संशोधित नीति में ईवी खरीदारों के लिए नए प्रोत्साहन और फॉसिल फ्यूल आधारित वाहनों को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने के लिए सख्त उपाय पेश किए जाने की उम्मीद है।

सूत्रों ने बताया कि अन्य बातों के अलावा, दिल्ली की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति 2.0, जिसकी घोषणा अगले महीने होने की संभावना है, में सभी नई इमारतों में कम से कम 20 प्रतिशत पार्किंग स्थान के साथ ईवी चार्जिंग पॉइंट शामिल होंगे। पुरानी इमारतों के लिए, कुल पार्किंग स्थान का 5 फीसदी ईवी के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की सुविधा प्रदान करेगा। सूत्रों ने बताया कि ड्राफ्ट नीति में यह भी प्रस्ताव है कि बड़े पार्किंग क्षेत्र वाली इमारतों को ईवी चार्जिंग के लिए कुछ प्रावधान रखने होंगे।

पुरानी नीति अगस्त 2023 में खत्म हो गई थी, जिसके बाद इसे 2025 तक के लिए बढ़ा दिया गया था। सूत्रों ने कहा कि नीति में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और अन्य नागरिक एजेंसियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले सभी कचरा संग्रह वाहनों को चरणबद्ध तरीके से ईवी में परिवर्तित करने और 2027 तक 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक फ्लीट का लक्ष्य हासिल करने का भी प्रस्ताव है।

भाजपा कुछ ही दिनों में कर सकती है नए अध्यक्ष का ऐलान

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान जल्द ही होने के आसार हैं। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि अप्रैल के तीसरे सप्ताह तक पार्टी को नया कप्तान मिल सकता है। फिलहाल, इसे लेकर भाजपा की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। राज्य स्तर पर पार्टी के संगठन चुनाव जारी हैं। कुछ राज्यों में अध्यक्ष का ऐलान होना बाकी है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया है कि 4 अप्रैल को संसद का जारी सत्र समाप्त होने के बाद भाजपा अध्यक्ष चुने की जाने की प्रक्रिया तेज हो सकती है। उन्होंने आगे संकेत दिए हैं कि अप्रैल के तीसरे सप्ताह तक भाजपा अपने अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर सकती है। फिलहाल, इस पर केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा हैं। खबर है कि भाजपा के संगठन चुनाव 13 राज्यों में हो चुके हैं और इन जगहों पर अध्यक्षों का भी ऐलान हो चुका है।

उत्तर रेलवे

इ–निविदा (इ–प्रोक्यूरमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियन्ता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

कार्य का नाम	एडीईएन/एनडीएलएस के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एएनवीटी के अनुभाग में पीएफ से वॉशिंग लाइन तक रेलवे ट्रैक के समानांतर संपर्क पथ का प्रावधान, एएनवीटी में वॉशिंग लाइन कॉम्पलेक्स स्टाफ रूम के लिए ड्राइवर रनिंग रूम से मुख्य पहुंच मार्ग सहित सिकलाइन और वॉशिंग लाइन कॉम्पेक्स के लिए जल निकासी प्रणाली में सुधार का कार्य।	
कार्य की अनुमानित लागत	₹1,39,53,934.61 (रुपये एक करोड़ उनतालीस लाख तिरपन हजार नौ सौ चौंतीस और इकसठ पैसे मात्र)।	
बयाना राशि	₹2,19,800/- (रुपये दो लाख उन्नीस हजार आठ सौ मात्र)	
निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) ₹ 0.00	निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय	21.04.2025 को 15:00 बजे तक
वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।	

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/इ-निविदा सूचना/54/2024-25/W-3 दिनांक: 28.03.2025 990/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

दिल्ली में भाजपा का बनेगा अगला मेयर? इस महीने के आखिर में हो सकते हैं चुनाव

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का अगला मेयर कौन बनेगा इसके लिए चुनाव की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है। जूदा मेयर आम आदमी पार्टी (आप) के महेश कुमार खिंची का कार्यकाल 31 मार्च को खत्म हो चुका है। नए मेयर के चुनाव के लिए मतदान अप्रैल के आखिरी हफ्ते में होने की संभावना है, जबकि मौजूदा मेयर उत्तराधिकारी चुने जाने तक औपचारिक रूप से पद पर बने रहेंगे। इस बार उम्मीद है कि मेयर भाजपा का होगा क्योंकि उसकी स्थिति आप से मजबूत है।

आम आदमी पार्टी (आप) के कई पार्षद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में चले गए हैं। इसके अलावा ज्यादातर मनोनीत विधायक भी भाजपा के ही हैं। ऐसे में अब निगम में भाजपा का दबदबा

बढ़ गया है। पार्टी अब राजधानी की छोटी सरकार पर भी काबिज होने की ओर अग्रसर है। केंद्र और राज्य में पहले से ही भाजपा की सरकार है। एमसीडी के एक अधिकारी ने बताया, मेयर और स्थायी समिति के एक सदस्य के लिए चुनाव कराने की तारीख मांगने के लिए फाइल आगे बढ़ा दी गई है। मौजूदा मेयर 8 अप्रैल के बाद तारीखों को अंतिम रूप दे सकते हैं। नामांकन दाखिल करने के लिए एक अवधि प्रदान की जाएगी और अंतिम मतदान 25 अप्रैल के आसपास होने की संभावना है।

खिंची ने पिछले साल 14 नवंबर को मात्र तीन वोटों से मेयर का चुनाव जीता था। हालांकि, वे 4.5 महीने के छोटे कार्यकाल के लिए ही पद पर रहे, क्योंकि मेयर का चुनाव पिछले अप्रैल से लंबित था। इसकी वजह थी तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस प्रक्रिया को सहमति देने से पहले ही जेल चले जाना। बाद में, केजरीवाल के रिहा होने और सीएम पद से हटने के बाद, चुनाव नवंबर तक के लिए टाल दिए गए।

मेयर चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में 250 पार्षद, दिल्ली के सात लोकसभा सदस्य, तीन राज्यसभा सांसद, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष द्वारा नामित 14 विधायक और दस पार्षद शामिल हैं, जिनके पास सदन की कार्यवाही में मतदान का अधिकार नहीं है। एमसीडी अधिकारियों ने बताया कि भाजपा को 135 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है और आप को 119 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। पार्षदों के विधायक और एक सांसद के रूप में निर्वाचित होने के कारण कुल 12 सीटें खाली हैं।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते हैं।

निविदा संख्या	6-SEFile-260438RTTender
कार्य का नाम और कार्य स्थान	"कार्य के दायरे के अनुसार 100 एलएचबी ईओजी एसी कोचों में उच्च क्षमता वाले कपलर और फीडर केबल का प्रावधान"
अनुमानित लागत	रुपये 34624151.67/– जीएसटी @ 18% सहित
बयाना राशि	रुपये 323100/–
निविदा फार्म का मूल्य	शून्य
कार्य अवधि	अवधि कार्य आरंभ होने से बारह महीने
निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि व समय	दिनांक 24.04.2025 समय 15:00 बजे
निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट	उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in

यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।

No. 6-SEFile-260438RTTender Date : 02.04.2025 1003/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संपादकीय

टकराव की राह पर नेपाल

नेपाल में एक बड़ी आबादी का दो दशक के भीतर ही गणतांत्रिक व्यवस्था से मोहभंग होना बताता है कि इन लोगों की उम्मीदें किस तरह टूट चुकी हैं। वहां राजशाही को वापस लाने की मांग हो रही है। चिंताजनक बात यह है कि गणतंत्र और राजशाही समर्थक आमने-सामने हैं और इसका खामियाजा पूरे देश को हिंसा व अस्थिरता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। नेपाल में इस समय विभाजन साफ तौर पर देखा जा सकता है। एक तरफ तमाम लोकतंत्र समर्थक दल हैं और दूसरी तरफ राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी । 2008 में जब व्यापक जन आंदोलन के बाद संविधान सभा का गठन किया गया और राजा के शासन का अंत हुआ, उसके बाद से राजशाही समर्थक कभी इतने मजबूत और आक्रामक नहीं रहे। बीते शुक्रवार को जिस तरह राजधानी काठमांडू में विरोध-प्रदर्शन हिंसक हो उठा और उसमें जानें गई, वह स्थिति की गंभीरता को दिखाता है। नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र बीर बिक्रम शाह ने हाल के वक्त में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

इसके पहले तक वह सार्वजनिक रूप से बहुत कम दिखा करते थे। लेकिन, 9 मार्च को जब वह पोखरा से काठमांडू पहुंचे, तो उनके स्वागत में हजारों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इसके बाद भी वह कुछ मौकों पर जनता के बीच आए और लोगों ने उन्हें सपोर्ट किया। यह सब न तो अनायास लगता है और न ही इसे सामान्य माना जा सकता है। नेपाल की जनता को क्यों फिर से अपने पूर्व राजा में उम्मीद दिखने लगी है? इसका जवाब है राजनीतिक दलों की विफलता। गणतंत्र लागू होने के बाद से यह देश 13 प्रधानमंत्री देख चुका है। किसी ने भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया और गठबंधन की राजनीति ने कभी देश को स्थिरता नहीं दी। नेपाल की जनता का गुस्सा भ्रष्टाचार को लेकर भी है। कोई भी ऐसी पार्टी नहीं रही, जिसे करप्शन के आरोपों का सामना न करना पड़ा हो। इसी दौरान, नेपाल की इकॉनमी लगातार डांवाडोल होती चली गई। वर्ल्ड बैंक की 2024 की रिपोर्ट कहती है कि सरकार का बजट सही तरीके से खर्च नहीं हो पा रहा है, और यह समस्या 2018 से चली आ रही है। टैक्स कम मिल रहा है और विकास कार्यों पर खर्च बहुत धीमा है। वित्तीय वर्ष 24 में सुधार के बावजूद जीडीपी ग्रोथ 3.9 है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि देश लोकतंत्र का रास्ता छोड़ दे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 25 साल बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय के अंगने में पहुंचकर संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर में श्रद्धांजलि दी, जिससे संघ एवं भाजपा के बीच एक नई तरह की ऊर्जामयी सोच एवं समझ विकसित हुई है। एक नई प्राणवान ऊर्जा का सूरज उगा है, नये संकल्पों को पंख लगे हैं। संघ के सौ वर्ष पूरे करने के ऐतिहासिक अवसर पर मोदी ने सही कहा कि संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है।

संघ-भाजपा में तालमेल से जुड़े सुखद संकेत

(ललित गर्ग)

प्रधानमंत्री मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने संघ के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। मोदी दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 25 साल बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय के अंगने में पहुंचकर संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर में श्रद्धांजलि दी, जिससे संघ एवं भाजपा के बीच एक नई तरह की ऊर्जामयी सोच एवं समझ विकसित हुई है। एक नई प्राणवान ऊर्जा का सूरज उगा है, नये संकल्पों को पंख लगे हैं। संघ के सौ वर्ष पूरे करने के ऐतिहासिक अवसर पर मोदी ने सही कहा कि संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 34 मिनट की संबोधन में देश के इतिहास, भक्ति आंदोलन, इसमें संतों की भूमिका, संघ की निःस्वार्थ कार्य प्रणाली, देश के विकास, युवाओं में धर्म-संस्कृति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा, भाषा और प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा करते हुए जहां नये बन रहे भारत की बानगी प्रस्तुत की, वही संघ की उपयोगिता एवं महत्व को चार-चांद लगाये। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की संघ के मुख्यालय की इस पहली यात्रा के गहरे निहितार्थ भी हैं तो दूरगामी परिदृश्य भी है। जो इस बात का संकेत है कि पिछले आम चुनाव के दौरान संघ व भाजपा के रिश्तों में जिस खटास को अनुभव किया गया था, वह संवाद, समझ, सकारात्मक सोच व संपर्क से दूर कर ली गई है। जो इस बात का भी संकेत है कि आने वाले वक्त में भाजपा व सरकार के अहम फैसलों में संघ की भूमिका बढ़ेगी, जिससे देश हिन्दू राष्ट्र के रूप में सशक्त होते हुए विश्व गुरु बनने के अपने संकल्प को पूरा कर सकेगा। वसुधैव कुटुम्बकम के भारत के उद्घोष को अधिक सार्थक करते हुए दुनिया के लिये एक रोशनी बनेगा।

यह सर्वविदित है कि मोदी भी संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। साथ ही वे संघ की रीति-नीतियों से भली-भांति परिचित हैं। लेकिन पिछले आम चुनाव के दौरान भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के कुछ अतिश्योक्तिपूर्ण एवं अहंकारी बयानों से भाजपा का कद संघ से बड़ा बताने की कोशिशें हुई थी, जिसके चलते संघ व भाजपा के रिश्तों में कुछ कसक एवं खटास देखी गई। जिसका असर लोकसभा चुनाव में चार सौ पार के लक्ष्य पर पड़ा, उसके मूल में संघ कार्यकर्ताओं की उदासीनता रही है। बाद में दोनों के रिश्ते सामान्य होने के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जो आशातीत सफलता हाथ लगी, कहा जा रहा था कि उसमें संघ कार्यकर्ताओं का समर्पण व सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण घटक रहा। अब संघ मुख्यालय में प्रधानमंत्री की यात्रा से यह तथ्य भी उजागर हुआ कि दोनों की रीतियों-नीतियों फिर से बेहतर तालमेल स्थापित हुआ है। इसका असर आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में संघ की भूमिका को लेकर देखने को मिलेगा, ऐसा ही असर

बदलते वक्त के साथ पार्टी के अन्य फैसलों पर भी नजर आ सकता है। आने वाले समय में भाजपा के लिये संघ का सहयोग पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अपनी जमीन मजबूत करने एवं जड़े जमाने में मील का पत्थर साबित होगा। इन राज्यों में संघ अपनी आधार भूमि को विस्तार दे रहा है। यानी दोनों अब सामंजस्य, सहयोग व सहजता के साथ आगे बढ़ेंगे। अर्थात भाजपा अब अपने वैचारिक एवं ऊर्जा स्रोत के साथ बेहतर तालमेल करके चलना चाहेगी। मोदी की नागपुर यात्रा के अनेक शुभ संकेत देखे जा रहे हैं, इसको औरंगजेब, राणा सांगा, संभल विवाद के बीच हिन्दुत्व की राजनीति को नई धार देने की कोई योजना के साथ जोड़कर भी देखा जा रहा है, नरेन्द्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की इस मुलाकात को 2029 के चुनावों की कोई नई पटकथा तैयार करने की पृष्ठभूमि में भी देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने संघ के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। मोदी दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरा कर सबका दिल जीत लिया। मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान संघ की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। मोदी ने संघ की 'राष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिका' को रेखांकित करके अपनी '2047 तक विकसित भारत' की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दर्शाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में 'महत्वपूर्ण भूमिका' निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जीवन-संकल्पों एवं विचार-ऊर्जा के जिस आंगन में आठ वर्ष की आयु में कदम रख कर जीने की कला सीखी। उस संघ से संस्कार ग्रहण कर ही उनके दिल में राष्ट्रभक्ति की ज्योति प्रज्ज्वलित हुई। उसी संघ के आंगन में नरेन्द्र मोदी के जाने पर अलग-अलग कयास लगाने एवं स्तरहीन राजनीति करने की जरूरत नहीं है। इस पर ज्यादा आश्चर्य भी जताने का कोई औचित्य इसलिये नहीं है कि कोई अपने घर, अपने संस्कार-भूमि एवं अपनी पवित्र पाठशाला में गया है। संघ उनकी राजनीति की आत्मा तो है ही, जीवन-संस्कारदाता भी है। उनका संघ से रिश्ता दशकों पुराना है। नरेन्द्र मोदी के साथ संघ भी हमेशा चट्टान की तरह खड़ा रहा है। खुद को संघ के प्रचारक मानने वाले मोदी समय-समय पर संघ की तारीफ करने में नहीं चूकते। हाल ही में तीन बड़े मौके आये जब मोदी ने अपने जीवन को सही मार्गदर्शन देने के लिए संघ का आभार जताया और इस सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने नागपुर में भी संघ को एक ऐसे संगठन के रूप में संदर्भित किया जिसने 'समर्पण और सेवा के उच्चतम सिद्धांतों को कायम रखा।'

निश्चित ही संघ दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी गैर-राजनीतिक संगठन है। हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा उसका मूल उद्देश्य है। संघ की स्थापना राष्ट्रवादी आंदोलन को एक मजबूत सांस्कृतिक आधार देने के लिए की गई थी। हमारी सदियों पुरानी प्राचीन सभ्यताएं जो धर्म, अहिंसा और भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित थी उपनिवेशवाद के शोर में अपनी आवाज खो रही थी, हिन्दू समाज पर रह-रह की हमले हो रहे थे, हिन्दू एवं सनातन संस्कृति को सलक्ष्य कुचलने के प्रयास से हिन्दू समाज भयभीत था एवं लगातार कमजोर हो रहा था, इन जटिल स्थितियों में भारत के लोगों को एक सांस्कृतिक छत्र के नीचे एकजुट करने का प्रयास संघ ने प्रभावी ढंग किया और यह उन अभिजात्य लोगों को बहुत पसंद नहीं आया, जिन्होंने अपनी सांस्कृतिक पहचान को त्याग कर अपनी विदेशी शिक्षा और पश्चिमी मूल्यों के सम्पर्क में पश्चिम की नकल करने के पक्ष?में थे। इन्हीं भारत विरोधी लोगों ने संघ पर तरह-तरह के प्रतिबंध भी लगाये, लेकिन उनके आरोप पूरी तरह निराधार पाये गये।

संघ अपनी सकारात्मक सोच, सेवा एवं समर्पण के बल पर निरन्तर आगे बढ़ता रहा। संघ का एक ही भाव था कि बतौर राष्ट्र भारत पुनः सशक्त स्थिति में आए जहां वह दुनिया का मार्ग दर्शन कर सके लेकिन इसके लिए पहले भारतीय समाज का रूपांतरण होना जरूरी था। समाज के रूपांतरण के लिए?संघ ने दैनिक शाखाओं के जरिए व्यक्ति निर्माण का काम शुरू किया था। संघ के स्वयं सेवक एवं 40 से अधिक परियोजनाएं जीवन के हर क्षेत्र में सेवा करके मां भारती की सेवा कर रहे हैं। कौन नहीं जानता कि 1947 में संघ के स्वयंसेवकों ने कश्मीर सीमा पर बगैर किसी प्रशिक्षण के पाकिस्तान सेना की गतिविधियों पर नजर रखी थी और पाकिस्तान से जान बचाकर आए शरणार्थियों के लिए?शिविर लगाए, भोजन की व्यवस्था की थी। 1962 में भारत-चीन हमले के दौरान सैनिक आवाजाही मार्गों की यातायात व्यवस्था, रसद और आपूर्ति में मदद स्वयंसेवकों ने की थी। सेवा के साथ-साथ राष्ट्रीयता के मजबूत इरादों की तमाम चुनौतियों के बावजूद संघ लगातार विस्तार पाते हुए वृक्ष से वटवृक्ष बनने की ओर अग्रसर है। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

ग्रामीण क्षेत्रों में भी पांव प्रसार रही है ब्लडप्रेशर की बीमारी

(सुभाष आनंद-विनायक फीचर्स)

वर्तमान समय में तेजी से बदलते रहन-सहन और खानपान के चलते लोगों का ब्लड प्रेशर लगातार बढ़ रहा है जो गंभीर चिंता का विषय है। खाने पीने के शौकीन लोगों में उच्च रक्तचाप की समस्या लगातार बढ़ रही है, उच्च रक्तचाप के कारण दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ता जा रहा है और अकाल मृत्यु की घटनाएं बढ़ रही है।पहले शहरी अमीरों की बीमारी समझा जाने वाला ब्लड प्रेशर का रोग अब ग्रामीणों को भी अपनी चपेट में ले रहा है। देश भर में जवान लोगों की बढ़ती मृत्यु की घटनाओं में जिस प्रकार बढ़ोतरी हो रही है उससे चिंताएं बढ़ रही है। ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट दिल्ली के मेडिसन विभाग के डॉक्टरों का एक मत से कहना है कि मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में उच्च रक्तचाप को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए और ना ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है,जिससे भविष्य में लोगों के हृदय रोग के शिकार होने की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। एक सर्वे के अनुसार पंजाब में 45 से 60 वर्ष की आयु में उच्च रक्तचाप की समस्या सबसे अधिक पाई जाती थी लेकिन अब कुछ वर्षों से जवान लोगों को भी उच्च रक्तचाप की समस्या से घिरे हुए देखा गया है। लॉगगिट यूडिट एजिग स्टडी ऑफ़ इंडिया की ओर से प्रकाशित शोध पर आई एम ई (एस) ने पुन- शोध किया और दोबारा उच्च रक्तचाप की बढ़ती समस्या पर चिंता प्रकट की है। उन्होंने बताया कि पंजाब में 60 फीसदी से ज्यादा लोग हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं।

शोधकर्ताओं ने बताया कि अनियमित लाइफस्टाइल इसका मुख्य कारण है,इसके साथ और भी कई कारण है जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है जैसे शराब का सेवन ,घी-तेल ,तले भुने खाने का अधिक सेवन ,फास्ट फूड का प्रयोग ,खेती में स्प्रे का बढ़ता चलन इत्यादि। पिछले कुछ दिनों में 45 वर्ष की उम्र वालों में हाई ब्लड प्रेशर सबसे ज्यादा बढ़ा है। 40 प्रतिशत लोगों में उच्च रक्तचाप से पहले वाले लक्षण मौजूद होते हैं, इसी कारण दिल के दौरे और स्ट्रोक होने का लोगों में ज्यादा खतरा है। पूरे भारत में स्थिति बहुत गंभीर होती जा रही है। देश भर में खान-पान ठीक ना होने के कारण उच्च रक्तचाप के रोगियों में लगातार वृद्धि होती जा रही है। कुछ डॉक्टरों का मानना है कि महिलाओं के मुकाबले पुरुषों में उच्च रक्तचाप की समस्या ज्यादा पाई जाती है। ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट नई दिल्ली के डिपार्टमेंट आफ कम्युनिटी मेडिसन एवं स्कूल आफ पब्लिक हेल्थ में तैनात डॉक्टरों की टीम का कहना है कि 15 से 49 वर्ष के आयु वर्ग में पुरुष उच्च रक्तचाप का प्रसार बराबर आयु की महिलाओं की तुलना में अधिक है। उन्होंने बताया कि 45 प्रतिशत भारतीय वयस्क उच्च रक्तचाप से ग्रस्त मिले जबकि 30 फीसदी को निदान और नियंत्रण के अभाव से उच्च रक्तचाप था। उच्च रक्तचाप से पीड़ित युवा और उम्रदराज आबादी दोनों के साथ हमारे सामने एक बड़ा स्वास्थ्य संकट मौजूद है। शोध में पाया गया है कि 60 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों का वजन कम है।ऐसे में देखा जाए तो अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए कुछ सावधानियां बरतनी पड़ेगी ,बदलते मौसम में बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर बुरा असर पड़ता है, लोगों को फास्ट फूड से परहेज करना चाहिए और सुबह शाम लंबी सैर की आदत डालना जरूरी है ,यदि आप उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए और नियमित दवाई का सेवन करना भी चाहिए। उच्च रक्तचाप के कारणों पर नजर डाली जाए तो साफ स्पष्ट है कि लोगों ने मेहनत वाला काम करना छोड़ दिया है , महिलाएं भी अब घरों के काम में रुचि नहीं लेती। पहले कपड़े धोने, पानी भरने जैसे मेहनत वाले काम महिलाएं किया करती थी जिससे उनका पर्याप्त व्यायाम हो जाता था। पुरुष भी काम पर पैदल या साइकिल से जाया करते थे।यह काम अब कम होने लगे हैं । लोगों में शराब की लत पहले से ज्यादा बढ़ रही है । पहले लोग दूध ,लस्सी, मक्खन खाया करते थे लेकिन अब यह गांव में भी लुप्त होता जा रहा है,इसी कारण अब यह बीमारी घर घर में दस्तक दे रही है ।(विनायक फीचर्स)

मथुरा-काशी से जुड़ी नई मुहीम का आह्वान

-ललित गर्ग-

हिंदू समूहों का दावा है कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट करके उनके ऊपर मस्जिदें बना दीं। इसीलिये विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने 1984 में तीन मंदिरों की बात की थी, जिनमें में अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बन चुका है। इसके बाद कई लोगों को लगने लगा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके अन्य सहयोगी संगठन इससे संतुष्ट हो चुके हैं और काशी व मथुरा के विषय को जैसे उन्होंने त्याग दिया है या भूला दिया है। लेकिन ऐसा नहीं है, लोकसभा में वक्फ विधेयक के पेश किए जाने से कुछ ही घंटे पहले संघ के सरकार्यवाह एवं महामंत्री दत्तात्रेय होसबाले ने काशी ज्ञानवापी और मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े आंदोलनों-कार्यक्रमों में संघ के स्वयंसेवकों को न रोकने की बात कह कर एक नई मुहीम के आह्वान का अप्रत्यक्ष रूप से संकेत दे दिया है, जिसके गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। पिछले कुछ समय से इनको लेकर एक ऊहापोह की स्थिति थी, लेकिन संघ के इस मुद्दे पर छाये धुंधलको को हटाते हुए अपने नये बयान से ऊर्जा का संचार किया है। भले ही इससे राजनीति गर्माये, लेकिन हिन्दू आस्था को इससे खुशी मिली है।

संघ की कन्नड़ साप्ताहिक पत्रिका विक्रमा को दिए इंटरव्यू में होसबाले ने साफ कर दिया कि उस समय यानी 1984 में विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने तीन मंदिरों की बात की थी। इसलिए अगर संघ के स्वयंसेवक इन मंदिरों के लिए काम करना चाहते हैं, तो हम उनको रोकेंगे नहीं। साफ है, इस बयान के बाद इन मथुरा-काशी दोनों स्थलों से जुड़े विवाद और इनके आंदोलनों को एक नई ऊर्जा, इन मन्दिरों के जीर्णोद्धार, स्वतंत्र अस्तित्व हासिल करने में सफलता मिलेगी। इससे एक बार फिर भाजपा की ताकत बढ़ेगी एवं हिन्दुओं को एकजुट करने

का वातावरण बनेगा। बिहार में कुछ ही माह बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और साल 2027 की शुरुआत में ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे। बिहार एवं उत्तर प्रदेश दोनों ही प्रदेशों में जातिगत गणना और आरक्षण को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें हो रही हैं। इन दोनों चुनावों में काशी और मथुरा बड़ा मुद्दा बने, तो कोई आश्चर्य नहीं है। दोनों मन्दिर बिहार से सटे उत्तर प्रदेश के दो छोरों पर स्थित हिंदुओं के दो बड़े पवित्र एवं पावन धर्मस्थल हैं। मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर भगवान कृष्ण के जन्मस्थान के रूप में और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के रूप में हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण आस्था-स्थल हैं, जहाँ लोग मोक्ष प्राप्ति के लिए आते हैं। दोनों मंदिर हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और करोड़ो भक्तों को आकर्षित करते हैं, दोनों मंदिर भारतीय संस्कृति और इतिहास का अहम हिस्सा हैं और उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

काशी में विश्वनाथ और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर का पुनरुद्धार केवल भौतिक संरचनाओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास नहीं है-यह भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सार को पुनर्जीवित करने एवं आहत हिन्दू आस्था पर मरहम लगाने का आह्वान है। सनातन धर्म की शाश्वत विरासत के प्रतीक ये मंदिर आक्रमणकारियों के सदियों के हमलों के बावजूद हिंदुओं की दृढ़ता और भक्ति के प्रमाण हैं। इन पवित्र स्थलों को पुनः प्राप्त करना हमारे पूर्वजों के बलिदान का सम्मान करने, हमारी विरासत को संरक्षित करने और हमारी समृद्ध परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का कार्य है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंदू मंदिरों के बारे में सच्चाई सबके सामने है, लेकिन ये मामले अनसुलझे हैं। ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के ये स्थल लंबी अदालती लड़ाई के बावजूद अभी भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं।

दत्तात्रेय होसबले का यह साक्षात्कार महत्वपूर्ण होने के साथ दूरगामी सोच से जुड़ा है। हालांकि, होसबले ने अपने इसी इंटरव्यू में देश की सभी मस्जिदों को मुद्दा बनाने की प्रवृत्ति को सामाजिक ताने-बाने के लिए नुकसानदेह बताकर संतुलन साधने की कोशिश की है। इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग तलाशना सही नहीं है। भले ही पिछले साल दिसंबर में मस्जिदों को लेकर उठ रहे विवाद को शांत करने का उन्होंने यह प्रयास किया था। लेकिन काशी और मथुरा भी उसमें शामिल रहे हो, ऐसा कैसे सोचा जा सकता है? होसबले ने इस साक्षात्कार में गौ हत्या, लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी चिंताओं को स्वीकार किया। उन्होंने अस्पृश्यता यानी छुआछूत को खत्म करने, युवाओं में संस्कृति के संरक्षण और देशी भाषाओं की सुरक्षा जैसे समकालीन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। भाषा नीति पर होसबाले ने त्रिभाषी दृष्टिकोण का समर्थन किया और इसे 95 प्रतिशत भाषाई विवादों का समाधान बताया। उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और उनमें शिक्षित लोगों के लिए आर्थिक अवसर सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।

होसबोले ने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक भूराजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। यदि भारत में हिंदू समाज मजबूत और संगठित नहीं है, तो केवल 'अखंड भारत' के बारे में बोलने से परिणाम नहीं मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अतीत की खोज में लगे रहने से समाज अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तनों पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएगा, जैसे अस्पृश्यता को समाप्त करना, युवाओं में मूल्यों का संचार करना तथा संस्कृति और भाषाओं को संरक्षित करना। निश्चित ही होसबले के बोल से जहां हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा को बल मिला है, वहीं राष्ट्रीयता भी मजबूत होती हुई दिख रही है। संघ की स्थापना भी इसी उद्देश्य एवं राष्ट्रवादी आंदोलन को एक मजबूत सांस्कृतिक आधार देने के लिए की गई थी। हमारी सदियों पुरानी प्राचीन सभ्यताएं जो धर्म, अहिंसा और भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित थी उपनिवेशवाद के शोर में अपनी आवाज खो न जाये, हिन्दू समाज पर रह-रह हो रहे हमले रूके, हिन्दू एवं सनातन संस्कृति को सलक्ष्य कुचलने के प्रयास विराम पाये-इन जटिल स्थितियों में भारत के लोगों को एक सांस्कृतिक छत्र के नीचे एकजुट करने की दृष्टि से होसबले ने जगाया है, चेताया है, संगठित होने का आह्वान किया है। निश्चित तौर पर इन दोनों मन्दिर मुद्दों को नए सिरे से हवा देने की इस कवायद ने संघ विरोधियों एवं मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के सामने एक नई गंभीर चुनौती पेश की है। खासकर यह देखते हुए कि अयोध्या की रणनीतिक सफलता ने हिंदुत्व की राजनीति का आधार मजबूत किया है, हिन्दुओं को संगठित किया है।

मंदिर-मस्जिद विवाद के बीच संघ की तरफ से पहले भी कई बयान आते रहे हैं। ये बयान दर्शाते हैं कि संघ भले ही सीधे-सीधे विवाद से खुद को भले ही अलग रखता हो, वैचारिक रूप से वह इनको पूरा समर्थन देता है। संघ का समर्थन देश को अराजक बनाने का कभी नहीं रहा, उसके सामने बड़ा लक्ष्य देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का भी है। बांग्लादेश समेत कई पड़ोसी देशों में भारत-विरोधी शक्तियां नए सिरे से सक्रिय होने लगी हैं, उनसे लड़ने की ताकत एवं रणनीति भी संघ चाहता है। संघ सामंजस्यपूर्ण और संगठित भारत के आदर्श को आकार देने के लिये प्रतिबद्ध है। श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति जैसे आंदोलनों ने भारत के सभी वर्गों और क्षेत्रों को सांस्कृतिक रूप से संगठित किया। राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर सीमा सुरक्षा, शासन में सहभागिता से लेकर ग्रामीण विकास तक, राष्ट्रीय जीवन का कोई भी पहलू संघ के स्वयंसेवकों से अछूता नहीं है। सौ वर्षों की संघ यात्रा हिन्दू एकता, विश्व शांति व समृद्धि के साथ सामंजस्यपूर्ण और एकजुट भारत के भविष्य के संकल्प के साथ-साथ काशी-मथुरा के मुद्दे से भी जुड़ी है। हिंदुओं को बचाने और उन्हें सम्मान और गरिमा के साथ देश सेवा में तत्पर करने के लिये उनकी आस्था एवं अस्तित्व पर लगे घावों को तो भरना ही होगा।

संक्षिप्त समाचार

नाले में मिला भ्रूण, कब्जे में लिया

रुड़की, एजेंसी। मक्खनपुर गांव में नाले के किनारे संदिग्ध स्थान पर भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भ्रूण को कब्जे में लिया। पुलिस भ्रूण को अस्पताल ले गई। वहां से डीएनए टेस्ट व अन्य जरूरी कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार दोपहर बाद भगवानपुर थाना क्षेत्र के मक्खनपुर गांव में नाले में किसी ग्रामीण को भ्रूण दिखाई दिया। इसकी सूचना तभी पुलिस को दी गई। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और भ्रूण को अपने कब्जे में लेकर रुड़की सिविल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस डीएनए व पोस्टमार्टम करा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस उपनिरीक्षक पुनित दनोशी ने बताया कि मक्खनपुर में भ्रूण मिला है। इसकी सुरागजनी की जा रही है।

रेलवे ने आठ स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि बढ़ाई

रुड़की, एजेंसी। ट्रेनों में बढ़ती भीड़ के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने मुरादाबाद मंडल से होकर गुजरने वाली आठ स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अवधि बढ़ा दी है। मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए अप्रैल माह तक संचालित हो रही ट्रेनों की संचालन अवधि बढ़ाते हुए पीलीभीत-शाहजहांपुर- पीलीभीत अनारक्षित स्पेशल ट्रेन अब 1 अप्रैल से 30 जून तक संचालित की जाएगी। वड़ोदरा-हरिद्वार- वड़ोदरा साप्ताहिक स्पेशल छह अप्रैल से 29 जून तक संचालित होगी। ट्रेन का हरिद्वार से प्रस्थान समय शाम 4 बजकर 45 मिनट और रुड़की में 5 बजकर 28 मिनट पर पहुंचने के बाद दो मिनट का ठहराव दिया गया है। साबरमती-हरिद्वार-साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन 3 अप्रैल से 5 मई तक संचालित होगी। यह ट्रेन 3 अप्रैल से 4 मई तक साबरमती से बृहस्पतिवार व रविवार को और 4 अप्रैल से 5 मई तक शुक्रवार एवं सोमवार को हरिद्वार से संचालित होगी। इसके अलावा सहरसा से आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन 1 अप्रैल से 9 अप्रैल बृहस्पतिवार व शनिवार छोड़कर और सहरसा से आनंद विहार टर्मिनल 3 अप्रैल से 11 अप्रैल शनिवार और सोमवार को छोड़कर संचालित होगी।

सचिव की सोशल मीडिया पर बनाई फर्जी आईडी, कई वर्षों से एक्टिव नहीं

देहरादून, एजेंसी। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन कई वर्षों से सोशल मीडिया पर एक्टिव नहीं है। बावजूद किसी ने उनकी सोशल मीडिया पर फेक आईडी बना दी। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन की किसी अज्ञात व्यक्ति ने फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर कई लोगों को फ्रैंड रिक्वेस्ट भेज दी। जबकि सचिव सुमन कई वर्षों से फेसबुक पर एक्टिव नहीं है। जब उनको मामले की जानकारी हुई, तो उन्होंने अपने जानने वाले लोगों को मैसेज भेजकर सजग किया। मैसेज में कहा गया कि इसे किसी ने गलत लाभ लेने के लिए बनाया है, कोई फ्रॉड कर रहा है। ऐसी किसी फ्रैंड रिक्वेस्ट को स्वीकार ना करें, यदि स्वीकार कर लिया है तो रिपोर्ट करते हुए अनफ्रैंड कर दें।

राम और कृष्ण की धरती का हुआ सम्मान : जगद्गुरु शंकराचार्य

हरिद्वार, एजेंसी। जगदुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने विभिन्न जगहों का नाम बदलकर अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए एक और कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि जहां अच्छे लोगों की उपेक्षा होती है वहां आक्रांता जगह ले लेते हैं। वर्तमान में जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, उनकी ही देन है कि आक्रांताओं को देश में प्रवेश का मौका मिला। जगदुरु ने कहा कि यह देश हाजी और गाजी का नहीं राम और कृष्ण का है। यहां सनातन था, है और हमेशा रहेगा। जगदुरु ने सीएम धामी के लिए गए निर्णयों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड में जो नामों का परिवर्तन किया गया है यह सकारात्मक राजनीति और राष्ट्रीय आवश्यकता के अनुरूप है। यह दुर्भाग्य का विषय है कि जिन आक्रांताओं ने हमारी सनातन संस्कृति को बदाक्रांत किया हमने उनका गुणानुवाद किया।

वन संपदाओं से राजस्व बढ़ाने के हों प्रयास, सीएम ने गेम चेंजर योजनाओं की बैठक में दिए निर्देश

देहरादून, एजेंसी।
सीएम धामी ने वन विभाग और ऊर्जा निगम की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य किए जाएं।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में वन विभाग और ऊर्जा निगम की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने वन विभाग को वनों के संरक्षण के साथ वन संपदाओं से राजस्व वृद्धि के लिए और प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। वहीं, ऊर्जा निगम को ऊर्जा के क्षेत्र में अनेक संभावनाओं पर कार्य करने की बात कही।

सीएम धामी ने कहा, वन विभाग के गेस्ट हाउस के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए कारगर उपाय करें। कहा कि वन संपदाओं का बेहतर उपयोग के साथ ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार को बढ़ावा दिया जाए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि इको टूरिज्म के अंतर्गत इको कैंपिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, पुराने फॉरेस्ट

रेस्ट हाउस के रिस्टोर, स्थानीय युवाओं को विभिन्न गतिविधियों जैसे नेचर गाइड का प्रशिक्षण और क्षमता विकास कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इको टूरिज्म के लिए समर्पित एक वेबसाइट बनाई जाएगी। अभी तक विभिन्न क्षेत्रों में संचालित इको टूरिज्म क्षेत्र से स्थानीय युवाओं को लगभग पांच करोड़ रुपये, जिप्सी संचालन से 17 करोड़ और स्वयं सहायता समूह को 30 लाख की आय हुई है। मुख्यमंत्री धामी ने वनाग्नि की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ रणनीति बनाने के निर्देश हैं। उन्होंने कहा कि प्रयास केवल कागजों तक सीमित न रहे, धरातल पर दिखाई दें। कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने के लिए अन्य राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिस का अध्ययन किया जाए और राज्य में इसके लिए बेहतर कार्य योजना बनाई जाए। सीएम धामी ने ऊर्जा निगम की समीक्षा बैठक में कहा कि राज्य में ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। लघु जल विद्युत परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दें। कहा कि राज्य की मुख्य अवधारणा में ऊर्जा और पर्यटन प्रदेश था। पर्यटन के क्षेत्र में राज्य में तेजी से कार्य हो रहे हैं, लेकिन ऊर्जा के क्षेत्र में अनेक संभावनाओं पर कार्य करने की जरूरत है। शहरी क्षेत्रों में बिजली लाइन को भूमिगत करने का कार्य मानसून शुरू होने से पहले पूरा किया जाए। सरकारी भवनों में सोलर रूफ टॉप लगाने का कार्य जल्द पूरा करें। यूजेवीएनएल, यूपीसीएल की जो परिसंपत्तियां उपयोग में नहीं है, उनको उपयोग में लाने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाएं। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वर्ष-2023 में संशोधित जल विद्युत नीति के अनुसार वन टाइम एमनेस्टी के तहत कुल 160.80 मेगावाट के आठ प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई हैं। ये प्रोजेक्ट 2030 तक 1790 करोड़ की लागत से पूरे होंगे। साथ ही 121 मेगावाट के छह प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिली है। इससे क्षेत्र का सामाजिक आर्थिक विकास होगा। यूजीवीएनएल 2028 से तीन पंप स्टोरेज का कार्य शुरू कर 2031 में पूरा करेगा। लगभग 5660 करोड़ की लागत इन तीनों पंप स्टोरेज में इच्छारी , लखवार-व्यासी और व्यासी-कटापत्थर प्रोजेक्ट शामिल हैं।

आठ शहरों में बनेंगी 23 खेल अकादमी, लेगेसी प्लान का ड्राफ्ट तैयार

देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज होने वाली बैठक में लेगेसी प्लान के ड्राफ्ट पर मुहर लग सकती है। राज्य के आठ शहरों में 23 खेल अकादमी खोली जाएंगी। इसके लिए लेगेसी प्लान का ड्राफ्ट तैयार हो चुका है। इसके तहत 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए देश-विदेश से मंगाए गए लगभग 100 करोड़ के खेल उपकरणों की देखरेख सुनिश्चित होगी। साथ ही 23 खेलों की अलग-अलग अकादमी बनने से राज्य से श्रेष्ठ खिलाड़ी तैयार हो सकेंगे। इस योजना पर करीब 33 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज बुधवार को होने वाली बैठक में लेगेसी प्लान के ड्राफ्ट पर मुहर लग सकती है। ड्राफ्ट की खेल मंत्री रेखा आर्या के स्तर पर समीक्षा हो चुकी है। ये सभी अकादमी देहरादून के महाराणा प्रताप स्टेडियम व परेड ग्राउंड, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, रुद्रपुर, पिथौरागढ़, हल्द्वानी गोलापार स्टेडियम समेत आठ शहरों के उन्हीं स्थानों पर शुरू होंगी, जहां राष्ट्रीय खेलों की प्रतियोगिताएं हुई हैं। अकादमी के जरिये वहां मौजूदा खेल अवस्थापनाओं का लंबे समय तक इस्तेमाल हो सकेगा।

सभी अकादमी राज्य सरकार की ओर से संचालित होंगी। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, अकादमी संचालन में संबंधित खेल की एसोसिएशन और फेडरेशन की भी अहम भूमिका रहेगी। इनमें शूटिंग, स्वीमिंग, एथलेटिक्स, जिमनास्टिक, तीरंदाजी, मॉडर्न पैंथालॉन, कुश्ती, बॉक्सिंग, बैडमिंटन, फुटबॉल, हैंडबॉल समेत 23 खेलों की अकादमी बनाने का प्रस्ताव है।

राष्ट्रीय खेल : संविदा पर नियुक्त 279 कोचों की 15 अप्रैल से होगी बहाली, वेतन का हो रहा इंतजाम

देहरादून, एजेंसी।
संविदा पर नियुक्त 279 के लिए राहत भरी खबर है।कोचों को फिर से बहाल करके वेतन का इंतजाम करने का दावा किया जा रहा है।

38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान राज्यभर में संविदा पर नियुक्त 279 कोच 15 अप्रैल से बहाल कर दिए जाएंगे। बजट की कमी के कारण इन कोचों के वेतन पर संकट मंडरा रहा था, लेकिन सरकार और विभाग ने अन्य विभागों के बचे बजट से वेतन देने का प्रयास शुरू कर दिया है।

बजट की कमी के कारण राज्य की खेल तैयारियों पर बुरा असर पड़ने की आशंका के चलते अन्य विभागों का बचा बजट लिया जा रहा है। फिलहाल 20 करोड़ रुपये का इंतजाम होने की बात कही जा रही है। बता दें कि राष्ट्रीय खेलों से पहले इन सभी कोच के वेतन के लिए 2025-26 के बजट के लिए 11 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे, लेकिन मिले केवल 10 लाख रुपये। 28 फरवरी को सभी कोचों की सेवाओं को एक महीने का ब्रेक दे दिया गया था। उन्हें फिर से बहाल

करके वेतन का इंतजाम करने का दावा किया जा रहा है।

राष्ट्रीय खेलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके सभी कोच तय संविदा के अनुसार 15 अप्रैल से बहाल हो जाएंगे। यह सही है कि अभी उनके लिए बजट का प्रावधान नहीं हो सका है, जिससे हो सकता है कि वेतन मिलने में कुछ देरी हो, लेकिन जल्द ही उनका वेतन अन्य विभागों के बचे बजट से देने का प्रयास किया जा रहा है। उसके बाद अनुपूरक बजट मिल जाएगा। राज्य में कई खेल गतिविधियां जारी हैं और आगे कई प्रतियोगिताएं होनी हैं, उनकी तैयारी में हमारे सभी कोच सक्रिय भूमिका में रहेंगे।

पैसे लेकर मंदिर दर्शन कराने पर होगी एफआईआर दर्ज, मजदूरों को बिना सत्यापन धाम भेजने पर रोक

चमोली, एजेंसी।
चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर हुए बैठक में जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी ने जरूरी दिशा- निर्देश दिए। चारधाम यात्रा के सफल संचालन को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ ही टैक्सी यूनियन, होटल एसोसिएशन, लोक निर्माण विभाग (पीआईयू) और तीर्थपुरोहित संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि बदरीनाथ मंदिर के दर्शनों के एवज में यदि श्रद्धालुओं से पैसे लेने का मामला मिला तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। डीएम ने बदरीनाथ धाम में 20 अप्रैल तक सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

जिला सभागार में आयोजित बैठक में बदरीनाथ होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश मेहता ने कहा कि बदरीनाथ धाम में प्रतिदिन करीब 35 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था है, लिहाजा किसी भी पड़ाव पर श्रद्धालुओं को रोका न जाए। पंडा पंचायत संघ के अध्यक्ष प्रवीण ध्यानी ने धाम में व्यवस्थित ट्रैफिक प्लान लागू करने, तीर्थ पुरोहितों के लिए यात्रा शुरू होने से पहले आवास सुविधा देने और बदरीनाथ में अलकनंदा में भरी गाद को हटाने की मांग उठाई।

ब्रह्मकपाल तीर्थसंघ के अध्यक्ष अमित सती ने मास्टर प्लान के तहत ब्रह्मकपाल में सुरक्षा के इंतजाम करने, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल शाह ने क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने की मांग उठाई। होटल व्यवसायी टीका प्रसाद मैखुरी ने छोटे यात्रा पड़ावों पर साफ-सफाई और शौचालय की व्यवस्था करने, अयोध्या हटवाल ने बदरीनाथ हाईवे किनारे नाली निर्माण की मांग उठाई।

डीएम डॉ. संदीप तिवारी ने लोनिवि पीआईयू के साथ ही अन्य निर्माणदायी संस्थाओं को बिना सत्यापन के किसी भी मजदूर को बदरीनाथ न भेजने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन को इसकी लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि गत वर्ष कुछ मजदूर बिना सत्यापन के बदरीनाथ पहुंच गए थे। पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने यात्रा पड़ावों के होटलों में विदेशी नागरिकों को ठहराने पर होटल संचालकों को आवश्यक रूप से फार्म सी भरने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि फार्म सी न भरने की स्थिति में संबंधित होटल संचालकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बदरीनाथ में मजदूरों का सत्यापन प्राथमिकता के साथ करने के लिए कहा।

उधम सिंह नगर पुलिस ने किया अरमान हत्याकांड का खुलासा

जसपुर, एजेंसी।
उधम सिंह नगर के जसपुर कोतवाली क्षेत्र के मड़वाखेड़ा में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक की हत्या करने का मामला सामने आया था. आरोपी द्वारा शव को गेहूं के खेत में ठिकाने लगाया था. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए महज कुछ घंटों में ही आरोपी को दबोच लिया.

जसपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुई युवक की हत्या का पुलिस ने महज कुछ घंटों में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी हुई है. दरअसल मंगलवार सुबह लगभग साढ़े 8 बजे सूतमिल चौकी इंचार्ज को सूचना मिली थी कि मड़वाखेड़ा गांव में हाईवे से 100 मीटर अंदर गेहूं

के खेत में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ है. सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि एक युवक का खून से लथपथ शव गेहूं के खेत में पड़ा हुआ है. जांच के दौरान मृतक के शरीर में घाव के निशान मिले.

चौकी पुलिस ने मामले की सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को देते हुए शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया गया. मृतक की पहचान अरमान अली निवासी मोहल्ला नई बस्ती वार्ड नंबर 12 जसपुर खुर्द उधम सिंह नगर के रूप में मृतक के फुफेरे भाई शाहनवाज निवासी नई बस्ती वार्ड नंबर 17 जसपुर ने की. सूचना पर एसएसपी सहित तमाम अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया. जिसके बाद एसएसपी द्वारा टीम का गठन कर आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए. जांच के दौरान जसपुर पुलिस ने एक संदिग्ध समीर को स्कूल के पास से हिरासत में लिया. सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी समीर निवासी नई बस्ती ने अरमान की हत्या करना कबूल किया. आरोपी ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर ने अरमान की हत्या की.

पहले माता-पिता के लिए लिखा सुसाइड नोट, फिर फंदे से लटककर युवती ने दी जान

चमोली, एजेंसी। एक युवती ने फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। मृतका सुबह मंदिर भी गई थी और खाना भी उसी ने बनाया, लेकिन फिर ऐसा क्या हुआ कि उसने इतना बड़ा कदम उठा लिया।

नगर के सुभाषनगर मोहल्ले में एक युवती रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर लटकी मिली। थाना पुलिस ने शव को फंदे से निकालकर पोस्टमार्टम करवाया। जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें बार-बार मम्मी-पापा मुझे माफ कर देना की बातें लिखी हुई थी।

पुलिस ने सुसाइड नोट के साथ ही मृतका के मोबाइल फोन को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरु कर दी है। गोपेश्वर पुलिस थाने के थानाध्यक्ष विनोद चौरसिया ने बताया कि मंगलवार को अपराह्न 12 बजकर 40 मिनट पर कंट्रोल रुम से उन्हें एक युवती के अपने कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी होने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां सुषमा (25) ग्राम सणकोट, नारायणबगड़, हाल निवासी सुभाषनगर का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।

कोर्ट में उलझी भर्ती, कैबिनेट में आएगा प्रस्ताव, विभागीय सीधी भर्ती से भरेंगे प्रधानाचार्य के पद

देहरादून, एजेंसी। सहायक अध्यापक भी विभागीय सीधी भर्ती से प्रधानाचार्य बन सकेंगे। प्रदेश के इंटर कालेजों में प्रधानाचार्यों के 79 प्रतिशत पद खाली हैं। शिक्षा विभाग में प्रवक्ताओं के साथ ही अब सहायक अध्यापक(एलटी) भी विभागीय सीधी भर्ती से इंटर कालेजों में प्रधानाचार्य बन सकेंगे। कोर्ट में उलझी भर्ती के लिए सरकार अब कैबिनेट में प्रस्ताव लाने जा रही है। शिक्षा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत के मुताबिक मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्ताव लाकर विभागीय सीधी भर्ती से प्रधानाचार्य के पदों को भरा जाएगा। प्रदेश के इंटर कालेजों में प्रधानाचार्यों के 79 प्रतिशत पद हैं खाली हैं। प्रदेश के सरकारी इंटर कालेजों में प्रधानाचार्यों के पदों को अब तक विभागीय पदोन्नति से भरा जाता रहा है, लेकिन वर्तमान में पदोन्नति न हो पाने एवं इसमें देरी की वजह से विभाग में प्रधानाचार्य के 1385 में से 1101 पद खाली हैं। कुछ यही हाल प्रधानाध्यापकों का है। 910 में से मात्र 122 विद्यालयों में प्रधानाध्यापक हैं। जबकि 788 पद पिछले काफी समय से खाली हैं।

सरकार ने पहली पद प्रधानाचार्य के 692 पदों को विभागीय सीधी भर्ती से भरने का निर्णय लिया था। इसके लिए शासन ने आदेश जारी किया था। 50 साल की उम्र तक के प्रवक्ताओं को भर्ती के लिए पात्र माना गया था। वहीं, सहायक अध्यापक एलटी शिक्षकों को छोड़ दिया गया ।

चमोली के जिलाधिकारी पर फिर अभद्रता का लगा आरोप, सभी जिला आबकारी अधिकारी हुए लामबंद

चमोली, एजेंसी।
जिला आबकारी अधिकारियों ने तीन अप्रैल को देहरादून में जमा होकर प्रमुख सचिव और आबकारी आयुक्त को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर समाधान नहीं निकाला गया तो राज्य भर में आबकारी अधिकारी और कर्मचारी कार्य बहिष्कार करेंगे।

चमोली के जिलाधिकारी डॉ.संदीप तिवारी पर जिला आबकारी अधिकारी दुर्गेश्वर कुमार त्रिपाठी के साथ बार-बार अभद्र व्यवहार करने का आरोप है। इसके विरोध में राज्य भर के जिला आबकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।

इस मामले में राज्य के सभी जिला आबकारी अधिकारियों ने तीन अप्रैल को देहरादून में जमा होकर प्रमुख सचिव और आबकारी आयुक्त को ज्ञापन सौंपने का

निर्णय लिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर समाधान नहीं निकाला गया तो राज्य भर में आबकारी अधिकारी और कर्मचारी कार्य बहिष्कार करेंगे। चमोली के जिला आबकारी अधिकारी त्रिपाठी ने एक पत्र के जरिये आरोप लगाया है कि जिलाधिकारी उनके साथ लगातार गाली-गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। आरोप लगाया कि बीती 18 मार्च को जिलाधिकारी ने उनके साथ अमर्यादित व्यवहार किया, जिसके बाद उन्होंने प्रमुख सचिव से अपने स्थानांतरण का अनुरोध किया था। फिर 31 मार्च को भी जिलाधिकारी ने उन्हें कार्यालय में बुलाकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और करियर को बर्बाद करने की धमकी दी।

त्रिपाठी का कहना है कि वह पूरे घटनाक्रम से मानसिक रूप से व्यथित हैं। इस मामले पर राज्य भर के आबकारी अधिकारी और कर्मचारी लामबंद हो गए हैं। सोशल मीडिया पर मैसेज प्रसारित हो रहे हैं कि यह बर्ताव सिर्फ चमोली में ही नहीं, बल्कि कुछ अन्य जिलों में भी हो रहा है।

संक्षिप्त समाचार

मां कूष्मांडा को केसर खीर का लगा भोग

धर्मापुर। मां शीतला चौकियां धाम में वासंतिक नवरात्रि के चौथे दिन माता के कूष्मांडा स्वरूप का भक्तों ने पूजन-अर्चन किया। कूष्मांडा स्वरूप में मां को केसर खीर के साथ पेड़े व मिश्री का भोग लगाया गया।

शीतला चौकियां धाम में प्रातःकाल 4 बजे मंदिर के कपाट खुलने के पश्चात माता रानी का भव्य श्रृंगार कर पुजारी जयनारायण पंडा ने आरती की। मन्दिर खुलने के पहले ही भक्तों की लंबी कतार लग गई। दुर्गा सप्तशती पाठ, वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन पूजन माता रानी के जयकारों एवं घंटों की गूंज से सारा वातावरण मनमोहक भक्तिमय हो गया। वहीं पूर्वांचल के कोने-कोने से आये श्रद्धालुओं ने मुंडन संस्कार, कढ़ाही, पूजन आदि करके परिवार समेत मां के चरणों में मत्था टेकते हुए सुख, शांति, समृद्धि, की कामना की। वहीं दर्शन-पूजन करने के पश्चात् दर्शनार्थी पवित्र कुंड के बगल में स्थित काल भैरव नाथ एवं मां काली मंदिर में दर्शन-पूजन किए। महंत विवेकानंद पंडा ने बताया कि नवरात्र के तीसरे दिन लगभग 30 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया।

पुजारी जय नारायण पंडा ने बताया कि नवरात्र का चौथे दिन मां कूष्मांडा को समर्पित है। इस दिन विशेष पूजा करने से आत्मविश्वास में वृद्धि होती है, जीवन में खुशहाली आती है और सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ती है।

मुंगराबादशाहपुर : गुड़हाई मोहल्ला के रामलीला मैदान पर स्थित मां शारदा देवी चौरा मंदिर पर चैत्र नवरात्र के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने मां कूंष्मांडा का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया।

मंगलवार को महिलाएं पीतांबर वस्त्र धारण कर मां शारदा चौरा मंदिर में पहुंचकर 51 दीपों की आरती की। माता की आरती में सैकड़ों महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। साथ ही 21 प्रकार का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। विद्वान पंडित सिद्धार्थ महाराज ने बताया कि इस दिन विशेष पूजा करने से आत्मविश्वास में वृद्धि होती है, जीवन में खुशहाली आती है और सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ती है।

स्लीपर बस अनियंत्रित होकर मकान में घुसी, 13 गंभीर घायलज्चार रेफर, 28 को हल्की-फुल्की चोटें

कानपुर , एजेंसी। इटावा जिले में जसवंतनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार तड़के सुबह साढ़े चार बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें सवारियों से भरी एक स्लीपर बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने मकान में जा घुसी। हादसे से सवारियों में चीखपुकार मच गई। हादसे में 17 सावरियां गंभीर घायल हो गई, जिनमें चार को नाजुक हालत में रेफर कर दिया गया। वहीं, 28 अन्य सवारियों को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। केबिन में फंसे ड्राइवर को पुलिस प्रशासन ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार को तड़के सुबह थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिल्ली से कल्पना ट्रैवल्स एजेंसी की प्राइवेट डबल डेकर बस आ रही थी। इस बीच आगे जा रहे एक अज्ञात ट्रक ने अचानक टर्न ले लिया।

ट्रक को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने मकान में जा घुसी। बस का ड्राइवर बुरी तरह केबिन में फंस गया। सूचना पर सीओ नागेंद्र चौबे, थाना निरीक्षक राम सहाय सिंह तत्काल दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। इस घटना में यादव नगर निवासी विमलेश यादव की वहां बनी दुकानें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। उन्होंने बताया कि इस घटना में लगभग तीन लाख रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। उन्होंने इस संबंध में थाना पुलिस को तहरीर दी है।

शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध

जौनपुर। माध्यमिक शिक्षक संघ(नवीन) के प्रांतीय अध्यक्ष के आह्वान पर जिलाध्यक्ष राज केसर यादव के नेतृत्व में जनपद के समस्त विद्यालय में शिक्षक व कर्मचारियों ने बाहों पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। एनपीएस और यूपीएस की जगह पुरानी पेंशन बहाल की मांग की गई। प्रांतीय अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

मोहर्रम के जुलूस पर कोई पांबदी नहीं

सीएम योगी बोले-ताजिये का साइज छोटा करने को कहा, ताकि एचटी लाइन से न टकराए

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत में प्रदेश के विकास से लेकर कानून व्यवस्था तक खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि राज्य तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा है। 2030 तक यह देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसकी प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के बराबर होगी।

सीएम ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके आठ साल के कार्यकाल के दौरान, उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। पिछले कुछ दशकों में राज्य के विकास की उपेक्षा करने के लिए पिछली सरकारों की आलोचना की।

हमें विश्वास है 2029-30 तक लक्ष्य हासिल कर लेंगे

उन्होंने कहा कि जब भारत स्वतंत्र हुआ, तो उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के बराबर थी। 2016-17 में यह राष्ट्रीय औसत के एक तिहाई तक कम हो गई। हम इसे 2016-17 के स्तर से दोगुना करने में सफल रहे हैं। मेरे आकलन के अनुसार, उत्तर प्रदेश देश की नंबर वन अर्थव्यवस्था होगी। सीएम ने कहा कि हमने एक समय सीमा तय की है और जिस तरह से हम विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, हमें विश्वास है कि हम 2029-30 तक अपने लक्ष्य

हासिल कर लेंगे।

आठ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों से जुड़े सवाल के जवाब में सीएम ने कहा पिछले आठ वर्षों में हमने उन कार्यों को पूरा करने का प्रयास किया है, जो पिछली सरकारें 70 वर्षों में हासिल नहीं कर सकीं। 1947 से 2017 के बीच 70 वर्षों में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 12-12.5 लाख करोड़ रुपये के दायरे में थी और देश में सातवें या आठवें स्थान पर थी। उन्होंने कहा, पिछले आठ वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था 27.5 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है और देश में दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है।

मैं खुद को विशेष नहीं मानता: आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि भारतीय परंपरा धर्म को स्वार्थ से नहीं जोड़ती है। क्या वह खुद को एक धार्मिक व्यक्ति या एक राजनीतिक नेता के रूप में अधिक मानते हैं? इस पर सीएम ने जोर देकर कहा, मैं एक नागरिक के रूप में काम करता हूं और खुद को विशेष नहीं मानता। एक नागरिक के रूप में, मेरे संवैधानिक कर्तव्य पहले आते हैं। मेरे लिए, राष्ट्र सर्वोपरि है। अगर देश सुरक्षित है, तो मेरा धर्म सुरक्षित है। जब धर्म सुरक्षित है, तो कल्याण का मार्ग अपने आप खुल जाता है।

नाम नहीं... काम से याद किया जाए: यह पूछे जाने पर कि वह कैसे चाहते हैं कि उन्हें या उनकी विरासत को याद किया जाए? इस पर सीएम ने जबाव दिया कि दूसरों को उन्हें याद करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि वह हमेशा मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा, नाम नहीं बल्कि काम को याद रखना चाहिए। किसी की पहचान उसके काम से होनी चाहिए, नाम से नहीं। उन्होंने कहा मैं वर्तमान में जी रहा हूं।

हिंदुओं से धार्मिक अनुशासन सीखें मुसलमान: मुस्लिमों को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में सीएम ने कहा कि उन्हें राज्य के विकास में उचित हिस्सा मिलेगा, लेकिन सिर्फ इसलिए विशेष रियायतों की उम्मीद न करें कि वह अल्पसंख्यक हैं। मुसलमानों के साथ भेदभाव के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मुसलमान राज्य की आबादी का 20 प्रतिशत हैं, लेकिन सरकारी कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों में उनकी हिस्सेदारी 35-40 प्रतिशत है। हम न तो भेदभाव में विश्वास करते हैं और न ही तुष्टिकरण में।

मेरठ में उनके प्रशासन द्वारा सड़कों पर नमाज अदा करने के खिलाफ चेतावनी पर विवाद के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है। सड़कें चलने के लिए होती हैं और जो लोग (फैसले के खिलाफ) बोल रहे हैं, उन्हें हिंदुओं से अनुशासन सीखना चाहिए।

लूट-खसोट का अड्डा बन गया है वक्फ बोर्ड

वक्फ (संशोधन) विधेयक का विरोध करने वालों की आलोचना करते हुए सीएम ने कहा कि वक्फ बोर्ड स्वार्थी हितों के साथ-साथ लूट खसोट (संपत्ति हड़पने) का अड्डा बन गए हैं और मुसलमानों के कल्याण के लिए बहुत कम काम किया है। हिंदू मंदिरों और मठों द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में दान के उदाहरणों का हवाला देते हुए उन्होंने पूछा कि क्या किसी वक्फ बोर्ड ने कई गुना अधिक संपत्ति होने के बावजूद इस तरह का कल्याणकारी काम किया है। उन्होंने पूछा कि पूरे समाज की बात तो छोड़िए, क्या वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल मुसलमानों के कल्याण के लिए किया गया है।

बुलडोजर मॉडल समय की जरूरत : एक सवाल के जवाब में सीएम ने कहा बुलडोजर मॉडल को अब अन्य राज्यों में भी त्वरित न्याय के रूप में अपनाया जा रहा है, हालांकि इसकी वैधता पर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। हम इस लोकप्रिय प्रथा को उपलब्धि नहीं बल्कि आवश्यकता मानते हैं। बुलडोजर का इस्तेमाल बुनियादी ढांचे के निर्माण और अतिक्रमण हटाने के लिए भी किया जा सकता है।

सपा सांसद के पक्ष में उतरे दलित संगठन, करणी सेना को चुनौती...

12 अप्रैल को आओ, इतिहास पढ़ाकर भेजेंगे

आगरा , एजेंसी। आगरा में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर करणी सेना के हमले के मामले में शहर के दलित संगठन सांसद के समर्थन में आ गए हैं। संगठनों ने करणी सेना के 12 अप्रैल के लिए दी जा रही चेतावनी पर एलान किया है कि जिसको आगरा आना है, आ जाए, इस बार इतिहास पढ़ाकर वापस भेजेंगे।

मंगलवार को डॉ. आंबेडकर अनुयायी एकता फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बुद्ध विहार गेस्ट हाउस पर वार्ता में सांसद सुमन का समर्थन किया है। अध्यक्ष आशीष प्रिंस ने कहा कि करणी सेना ने यह हमला दलित सांसद पर नहीं किया, बल्कि हर दलित परिवार पर किया है। सांसद सुमन ने संसद में वही कहा जो इतिहास में लिखा हुआ है।

फाउंडेशन के एसबी दिनकर, बलविंदर जाटव ने चेतावनी दी कि 12 अप्रैल को करणी सेना या कोई भी आना चाहता है तो आ जाएं। इस बार पूरा इतिहास पढ़ाकर ही वापस भेजेंगे। देश संविधान से चलेगा, न कि करणी सेना की मनमानी से। यह दलितों को दबाने की साजिश है। राणा सांगा के नाम पर माहौल खराब किया जा रहा है। मौके पर चौधरी रामगोपाल, राहुल वरुण, राहुल राज, मनीष वरुण, रोहित कैमकर, कल्याण बाबू, गौरव कुमार, करन जरारी आदि मौजूद रहे।

काशी में श्रृंगार गौरी पूजन

सत्यनारायण मंदिर और गेट 4-बी से जत्थे को मिला प्रवेश, डमरूओं की थाप से गूंजा परिसर

वाराणसी , एजेंसी। चैत्र नवरात्र के चौथे दिन ज्ञानवापी स्थित श्रृंगार गौरी का दर्शन-पूजन हुआ। सत्यनारायण मंदिर और विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर 4-बी से सुबह 8.30 बजे से ज्ञानवापी मुक्ति महापरिषद के जत्थे को प्रवेश मिला।

इस दर्शन-पूजन में महिला दर्शनार्थियों को वरीयता दी गई। सबसे आगे इनकी लाइन रही, उसके बाद बाकी सभी के दर्शन हुए। मंगलवार को मंदिर सभागार में ज्ञानवापी मुक्ति महापरिषद की ओर से माता श्रृंगार गौरी के पूजन कार्यक्रम, ज्ञानवापी व्यास जी तहखाना और बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन को एक बैठक हुई थी।

इस बैठक में तय किया गया कि बीते 38 वर्षों से चली आ रही श्रृंगार गौरी के दर्शन की अबाध परंपरा को कायम रखने और उसके दर्शन के मौलिक स्वरूप पर गहन विचार मंथन किया गया। मंदिर प्रशासन ने विगत वर्षों के स्वरूप को ही बनाए रखने का विचार रखा, जिस पर ज्ञानवापी मुक्ति महापरिषद के सदस्यों ने सहमति जताई। यह भी तय हुआ कि पुलिस प्रशासन भक्तों के परंपरागत व्यवस्था में सहयोग करेगा।

यह भी तय हुआ कि सबसे आगे महिलाएं ही दर्शन करेगी ततपश्चात क्रम निर्धारण से दर्शन पूजन होगा। बैठक में कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र, मंदिर प्रशासन के डिप्टी एसडीएम शंभू शरण, पुलिस उपायुक्त, सहित ज्ञानवापी मुक्ति महापरिषद से डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्र, अधिवक्ता अनघ शुक्ल, पतंजलि पांडेय आदि शामिल रहे।

मां विंध्यवासिनी के कुष्मांडा रूप का किया दर्शन भक्तों ने लगाए जयकारे; गूंजा- या देवी सर्वभूतेषु

मिर्जापुर , एजेंसी। विंध्याचल धाम में चल रहे चैत्र नवरात्र के चौथे व पांचवें दिन बुधवार को देवी दरबार में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। गंगा स्नान करने के उपरांत माता दरबार में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बड़े श्रद्धा भाव से शीश नवाकर मंगल कामना की। गुड़हल, कमल, गुलाब पुष्पों से देवी का किया गया दिव्य स्वरूप का दर्शन पाकर श्रद्धालु निहाल हो उठे। भोर से लेकर देर रात तक माता की जय जयकार से देवी धाम गूंजता रहा। चैत्र नवरात्र के चौथे व पांचवें दिन आदिशक्ति के दरबार में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भोर में माता की मंगला आरती के पूर्व ही दर्शन के लिए मंदिर के बाहर लाइन में लग गए थे। देवी दरबार पहुंचे श्रद्धालुओं ने विधि-विधान पूर्वक दर्शन पूजन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।

वाराणसी में लोगों को रोगी बना रही मौसम की बेरुखी, ओपीडी पहुंचे 500 मरीज

वाराणसी , एजेंसी। दिन में तेज धूप और शाम को हवा में नमी। पिछले तीन दिन से ऐसा ही मौसम है। तेजी से बदले मौसम का असर सेहत पर भी पड़ने लगा है। जिले के सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। मंगलवार को सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों को मिलाकर ओपीडी में 5000 से अधिक मरीज आए, इसमें 500 ने सर्दी, बुखार, गले में खरास, पेट संबंधी बीमारी और चक्कर की समस्या बताई।

मौसम विभाग ने अगले सप्ताह तक अधिकतम तापमान के 40 डिग्री पार पहुंचने की संभावना जताई है। मंगलवार को जिला अस्पताल, मंडलीय अस्पताल कबीरचौरा, शास्त्री अस्पताल रामनगर में फिजिशियन और बाल रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में मरीजों की भीड़ ज्यादा दिखी। बाल रोग विभाग की ओपीडी में 100 बच्चों में 20 से 30 बच्चों में उल्टी, दस्त सहित पेट संबंधी समस्या देखने को मिली। यह संख्या पिछले सप्ताह 10-15 थी।

बच्चों, बुजुर्गों की सेहत पर सतर्कता जरूरी : मंडलीय अस्पताल के एसआईसी डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि मंगलवार को ओपीडी में 1000 मरीज आए, इसमें 200 मौसमी बीमारी के रहे। इनमें बच्चों में पेट संबंधी समस्या रही तो फिजिशियन की ओपीडी में भी लोग बीपी लो होने, बुखार की समस्या लेकर आए। शास्त्री अस्पताल रामनगर के सीएमएस डॉ. गिरीश चंद्र द्विवेदी ने बताया इन दिनों मौसम के उलटफेर से जुड़ी समस्या वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. ब्रजेश कुमार ने बताया कि मौसम में जिस तरह से बदलाव हो रहा है, उससे बच्चों के साथ ही बुजुर्गों की सेहत के प्रति लोगो को सतर्कता बरतने की जरूरत है।

हिंदू सेवा सदन अस्पताल में छह बेड रिजर्व : काशी विश्वनाथ धाम के निकट बने हिंदू सेवा सदन चिकित्सालय बासंफाटक में हीट वेब, लू चलने से परेशान मरीजों के उपचार को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रधानमंत्री राजेंद्र मोहन शाह ने बताया कि हीट वेब, लू वाले मरीजों के लिए छह बेड रिजर्व करवाए गए हैं। यह सुविधा 24 घंटे तक अस्पताल में उपलब्ध रहेगी।

चार साल की बच्ची से नौवीं के छात्र ने किया दुष्कर्म, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रयागराज , एजेंसी। बहरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में चार साल की बच्ची से सोमवार की दोपहर ढाई बजे गांव के ही नौवीं के छात्र ने दुष्कर्म किया था। घटना की जानकारी होने पर बच्ची के पिता जब आरोपी किशोर के घर गए तो उसने पारिवारिक भाइयों के साथ मिलकर उन्हें मारापीटा। पीड़ित पिता की तहरीर पर सोमवार की रात आरोपी छात्र पर पॉक्सो और मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी को उसके घर से पकड़ कर जेजे कोर्ट (किशोर न्याय बोर्ड) में पेश किया गया। जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। अन्य तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, बच्ची को इलाज के लिए डफरिन अस्पताल भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पीड़ित पिता ने बताया कि बीते सोमवार को दोपहर ढाई बजे उनकी बेटी घर के बाहर अपनी दादी के साथ खेल रही थी। उसी समय 16 वर्षीय किशोर उनकी बेटी को बहला-फुसला कर खेत की ओर ले गया। जहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। हालत बिगड़ने पर वह बच्ची को छोड़कर भाग गया। वहीं, बच्ची को खोजते हुए परिजन खेत में पहुंचे तो वह खून से लथपथ पड़ी थी। बच्ची के पिता जब शिकायत करने आरोपी के घर पहुंचे तो उसने बड़े भाई अभयराज व दो चचेरे भाइयों श्यामजीत और रामजीत के साथ मिलकर उन्हें मारापीटा। इसके बाद पीड़ित परिजन बच्ची के साथ बहरिया थाने पहुंचे।

बलिया में तेल व गैस उत्खनन..., इन दो जगहों पर खोदाई का खाका तैयार

तीन हजार मीटर तक होगा काम

बलिया, एजेंसी। यूपी के बलिया में शेरे बलिया चित्तू पांडेय के गांव रट्टूचक सागरपाली गांव में तेल और गैस मिलने की संभावना पर ओएनजीसी की ओर से खोदाई की जा रही है। इसके लिए कंपनी आधुनिक उपकरणों व मशीनों की मदद ले रही है। यहां तीन हजार मीटर तक खोदाई की जाएगी। कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि यह प्रोजेक्ट सफल रहा तो तीन किलोमीटर के क्षेत्रफल में तेल की खोज के लिए खोदाई की जाएगी। इसके लिए नसीराबाद और नरही गांव चिह्नित किए गए हैं। दोनों स्थानों पर खोदाई का खाका तैयार है। कंपनी वित्त व लेखा महाप्रबंधक संजीव हजारिका का कहना है कि बलिया से प्रयागराज तक करीब तीन सौ किमी तक धरती के अंदर तेल और प्राकृतिक गैस के भंडार होने के संकेत मिले हैं। उसी के तहत सबसे निचले स्तर बलिया के सागरपाली रट्टूचक में खोदाई की जा रही है। ओएनजीसी के अधिकारी तेल के साथ गैस मिलने की भी संभावना जता रहे हैं। इससे 30 साल तक देश को तेल का बड़ा भंडार मिल सकता है। 40 तरह के पेट्रोलियम उत्पाद तैयार किए जाएंगे। शेरे चित्तू पांडेय के गांव रट्टूचक सागरपाली में उनके परिजनों से 10 एकड़ खेत लीज पर लेकर ओएनजीसी तीन किमी अंदर तक खोदाई कर रही है। अब तक खोदाई 700 मीटर तक पहुंच चुकी है।

हाईकोर्ट ने कहा : महिला का शरीर उसका मंदिर, समझौते से नहीं हिला सकते उसकी नींव

प्रयागराज, एजेंसी। इलाहाबाद हाईकोर्ट का कहना है कि महिला का शरीर उसका मंदिर है और पवित्रता उसकी नींव। इसे किसी भी कीमत पर हिलाया नहीं जा सकता। दुष्कर्म जैसे अपराध जीवन की गरिमामयी सांसों को दबा देते हैं। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने धर्मांतरण और दुष्कर्म के आरोपी की समझौते के आधार पर मुकदमा रद्द करने की मांग खारिज कर दी। यह याचिका रामपुर के स्वार थाना क्षेत्र निवासी तौफीक ने दाखिल की थी, जिसे न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की अदालत ने कई तल्ख टिप्पणियों के साथ खारिज किया है। तौफीक पर आरोप है कि उसके जीजा मोहम्मद अयान ने फेसबुक पर राहुल के नाम से आईडी बनाई और युवती को प्रेमजाल में फंसाया। दुष्कर्म किया और फिर धर्मांतरण का प्रस्ताव नहीं मानने पर मारपीट की। इसमें तौफीक भी बराबर का सहयोगी था।

पीड़ित युवती ने सात जून 2021 को राहुल उर्फ मोहम्मद अयान, उसके साले तौफीक अहमद व मोहम्मद

रियाज के खिलाफ दुष्कर्म व जबरन धर्मांतरण कराने की एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि फेसबुक पर राहुल नाम के युवक से चैटिंग शुरू हुई। करीब सालभर बाद शादी के लिए राजी होने पर उसे नवाबनगर, रामपुर ले गया। वहां छह महीने रहने पर पता चला कि राहुल का असली नाम अयान है। यह जानकर पीड़िता ने शादी से इंकार किया तो अयान ने अपने साले तौफीक व रियाज संग मिलकर उसे पीटा। दुष्कर्म किया। चंगुल से भागी पीड़िता ने मुकदमा दर्ज करवाया। फेसबुक के जरिये दूसरी लड़कियों को फंसाने और जबरन धर्म परिवर्तन कराने का आरोप भी लगाया।

पुलिस ने मई 2021 में आरोप पत्र दाखिल किया, जिसके खिलाफ तौफिक ने हाईकोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने समझौते की दलील को सिरे से खारिज कर दिया। कहा, हाईकोर्ट को समझौते के आधार पर मुकदमा रद्द करने का अधिकार है, लेकिन दुष्कर्म जैसे मामलों में समझौते की बात कल्पना से परे है। मौजूदा मामले में धर्म परिवर्तन आस्था के लिए नहीं, बल्कि विवाह का आधार बनाने या उससे बचने के उद्देश्य से किया गया था। इसे सद्भावनापूर्ण नहीं माना जा सकता। गैरकानूनी धर्मांतरण भी गंभीर अपराध है।

याची ने कहा-हो गया है समझौता, मर्जी से बदला धर्म: याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि दोनों पक्षकारों के बीच 2023 में समझौता हो गया है।

भरतपुर की सेवर सब्जी मंडी में भीषण आग, तीन सिलेंडर फटे, भारी नुकसान

भरतपुर। सेवर स्थित सब्जी मंडी में देर रात अचानक भीषण आग लग गई, जिससे कई दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग इतनी तेजी से फैली कि तीन गैस सिलेंडर फट गए, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

बताया जा रहा है कि आग सबसे पहले चाय और नाश्ते की दुकानों से शुरू हुई और देखते ही देखते आसपास के छप्परों तक पहुंच गई। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट या चूल्हे से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद भरतपुर, नदबई और सिविल डिफेंस की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। भरतपुर के फायरमैन नीरज कुंतल ने बताया कि टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस दौरान चार दमकल मौके पर लगी रहीं, लेकिन तीन फायर टेंडर भी क्षतिग्रस्त हो गए।

इस आग में व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है, क्योंकि सब्जियों और अनाज की दुकानें जलकर खाक हो गईं। गर्मी के कारण आग तेजी से फैली, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में मदद की।

राहत और बचाव कार्य अब भी जारी है। प्रशासन आग लगने के कारणों की गहराई से जांच कर रहा है और व्यापारियों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

अपील - गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रशासन ने सभी दुकानदारों से सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने की सलाह दी है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने सचल लोक अदालत मय मोबाइल वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बीकानेर। जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अतुल कुमार सक्सेना ने मंगलवार को सचल लोक अदालत मय मोबाईल वाहन को न्यायालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि मोबाइल वाहन के माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की लोक कल्याणकारी योजनाओं, अभियानों, आगामी राष्ट्रीय लोक अदालतों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इससे आमजन को योजनाओं, कानून एवं नियमों से संबंधित जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मांडवी राजवी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रमेश कुमार, बार अध्यक्ष विवेक शर्मा सहित अधिवक्ता, विभिन्न न्यायालयों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

दौसा स्टेशन पर नई रेल सेवा का भव्य स्वागत

दौसा। मथुरा गंगापुर मथुरा नई रेल के दौसा स्टेशन पर पहुंचने पर मंगलवार रात विधायक डीसी बैरवा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ड्राइवर व गार्ड का साफा पहनकर स्वागत किया। भरत राम (ड्राइवर) लोको पायलेट मथुरा व देवेश सैनी सहायक लोको पायलेट, विशेष कुमार मीणा गार्ड, ट्रैन मेनेजर ए के चौहन का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम भांडारेज, उमाशंकर बनियाना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रुकमणी गुप्ता, रेणु कटारिया आदि ने स्वागत किया। यह गाड़ी मथुरा से चलकर गोवर्धन, डीग, नगर, रामगढ, अलवर, राजगढ, बाँदीकुई, दौसा होते हुए गंगापुर 10-55 पहुचेगी। वापसी में यह गाडी गगापुर सिटी से चलकर मथुरा सुबह 7 बजे पहुचेगी।

जवाहर कला केंद्र में श्री राम के जीवन प्रसंग होंगे कैनवास पर साकार

जयपुर, । जवाहर कला केंद्र की ओर से शनिवार को 10 दिवसीय श्री राम कला महोत्सव का शुभारंभ किया गया। महोत्सव का शुभारंभ शनिवार सुबह 11 बजे चतुर्दिक गैलेरी में हुआ। यह आयोजन अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष में किया जा रहा है। वरिष्ठ चित्रकार संदीप सुमहेन्द्र के क्युरेशन में हो रहे महोत्सव के तहत होने वाले शिविर में 20 वरिष्ठ एवं युवा चित्रकार भाग ले रहे हैं। ये सभी श्री राम के अलग-अलग जीवन प्रसंगों का चित्रण करेंगे। इस दौरान तैयार पेंटिंग्स की 16 से 20 जनवरी तक चतुर्दिक आर्ट गैलेरी में प्रदर्शनी लगाई जायेगी।

वहीं कार्यशाला में राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स, राजस्थान यूनिवर्सिटी के दृश्य कला विभाग और निम्स यूनिवर्सिटी के कला विद्यार्थियों ने भी हिस्सा ले रहे हैं। वरिष्ठ चित्रकार सभी विद्यार्थियों को राजस्थान की पारम्परिक चित्रण शैली, रंग संयोजन और कम्पोजिशन की बारीकियां सीखा रहे हैं।

शुभारंभ के अवसर जेकेके के सहायक निदेशक अब्दुल लतीफ उस्ताद, डिप्टी जनरल मैनेजर भरत सिंह, ऑडियो विसुअल ऑफिसर अनिल शर्मा और कंसलटेंट प्रोग्राम मैनेजर डॉ. चन्द्रदीप हाडा उपस्थित रहे।

हर 36वें बच्चे को आटिज्म, सही समय पर पहचान और थैरेपी से इलाज संभव

वर्ल्ड ऑटिज्म डे – न्यूरो डेवलपमैंट से जुड़ी बीमारी है ऑटिज्म, देर से बोलने वाले 50 प्रतिशत बच्चों में ऑटिज्म की समस्या

जयपुर। न्यूरो डेवलपमेंट से जुड़ी बीमारी ऑटिज्म देश में तेजी से बढ़ रही है। हर 36वां बच्चा ऑटिज्म से ग्रसित है। विशेषज्ञों के अनुसार अगर बच्चा पैदा होने के बाद दो साल की उम्र तक भी न बोले, उसके भाव चेहरे देखकर न बदलकर चीजें देखने में बदले तो उसकी जल्दी से जल्दी न्यूरो डेवलपमेंट थैरेपी शुरू करने की आवश्यकता है। स्पीच डिले यानी देर से बोलना ऑटिज्म का प्रमुख लक्षण है। देरी से बोलने वाले 50 प्रतिशत बच्चों में ऑटिज्म देखने को मिल रहा है। ऑटिज्म जन्मजात भी होता है और कई केसेज में यह जैनेटिक भी होता है। इसकी पहचान करने का एक और असरदार तरीका यह है कि सात से आठ महीने के बच्चे की प्रतिक्रिया पर ध्यान दें। अगर चेहरे न देखकर चीजें देखने में उनकी प्रतिक्रिया बदल रही है तो उनकी जांच जरूर करवानी चाहिए।

पहले बच्चे को ऑटिज्म तो दूसरे में होने की संभावना 10 से 15 प्रतिशत

जेकेलोन अस्पताल के रेयर डिजीज सेंटर के प्रमुख और वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियांशु माथुर ने बताया कि अगर किसी युगल के पहले बच्चे में ऑटिज्म की पहचान हो चुकी है तो उनके दूसरे बच्चे में भी इसकी समस्या होने की संभावना 10 से 15 प्रतिशत तक होती है। कुछ जेनेटिक टेस्ट जैसे क्रोमोसोम माइक्रो एरे, एग्जोम, सिक्वेंसिंग आदि टेस्ट के जरिए इस बीमारी को डायग्नोज किया जा सकता है। डॉ. माथुर ने बताया कि आजकल की एडवांस थैरेपी से ऑटिज्म का इलाज संभव है। इसके साथ ही एडवांस दवाइयों से भी इस बीमारी में सुधार आता है। अगर इनकी समय पर थैरेपी शुरू की जाए तो इसकी बहुत अच्छे से मैनेज किया जा सकता है। इसके लिए मरीज की न्यूरो डेवलपमेंट थैरेपी की जाती है। इसके अंतर्गत ऑक्यूपेशनल थैरेपी, स्पीच थैरेपी भी शामिल हैं।

पहले बच्चे को ऑटिज्म तो दूसरे में होने की संभावना 10 से 15 प्रतिशत

जेकेलोन अस्पताल के रेयर डिजीज सेंटर के प्रमुख और वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियांशु माथुर ने बताया कि अगर किसी युगल के पहले बच्चे में ऑटिज्म की पहचान हो चुकी है तो उनके दूसरे बच्चे में भी इसकी समस्या होने की संभावना 10 से 15 प्रतिशत तक होती है। कुछ जेनेटिक टेस्ट जैसे क्रोमोसोम माइक्रो एरे, एग्जोम, सिक्वेंसिंग आदि टेस्ट के जरिए इस बीमारी को डायग्नोज किया जा सकता है। डॉ. माथुर ने बताया कि आजकल की एडवांस थैरेपी से ऑटिज्म का इलाज संभव है। इसके साथ ही एडवांस दवाइयों से भी इस बीमारी में सुधार आता है। अगर इनकी समय पर थैरेपी शुरू की जाए तो इसकी बहुत अच्छे से मैनेज किया जा सकता है। इसके लिए मरीज की न्यूरो डेवलपमेंट थैरेपी की जाती है। इसके अंतर्गत ऑक्यूपेशनल थैरेपी, स्पीच थैरेपी भी शामिल हैं।

आंखों से संपर्क बनाने से बचना

दूसरों की भावनाओं को समझने में कठिनाई
दोस्तों के साथ घुलने-मिलने में परेशानी
खेल या सामूहिक गतिविधियों में रुचि की कमी
देर से बोलना सीखना या बोलने की क्षमता का अभाव
शब्दों या वाक्यों को बार-बार दोहराना
किसी विषय पर अधिक बात करना, लेकिन संवाद न बना पाना

राज्य सेवा के 21 अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई : 18 प्रकरणों का निस्तारण, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी स्वीकृति

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं अभियोजन स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विचाराधीन 18 प्रकरणों का निस्तारण करते हुए कुल 21 अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की है। शर्मा ने भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 के तहत कुल 5 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति जारी की तथा 4 अधिकारियों के विरूद्ध धारा 17-ए में भ्रष्टाचार के आरोपों की विस्तृत जॉच/अनुसंधान की पूर्वानुमति भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को प्रदान की। सेवानिवृत्त अधिकारियों के पुराने प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 4 अधिकारियों को पेंशन रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसमें से 2 प्रकरणों में शत-प्रतिशत पेंशन रोके जाने का निर्णय किया गया। इसी प्रकार सेवारत अधिकारियों के 5 प्रकरणों में 7 अधिकारियों के विरूद्ध विभिन्न आरोपों के प्रमाणित पाये जाने से संबंधित अधिकारियों की वार्षिक वेतन वृद्धियां रोके जाने के दण्ड से दण्डित किये जाने का निर्णय किया। 2 प्रकरणों में सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरूद्ध प्रमाणित आरोपो के जॉच निष्कर्ष को अनुमोदित किया गया।

अलवर साइबर सेल पर लॉ स्टूडेंट से मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप, पुलिस ने किया इनकार

अलवर । राजस्थान के अलवर जिले में साइबर सेल के पुलिसकर्मियों पर एक लॉ स्टूडेंट के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और मोबाइल छीनने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता का दावा है कि उसने अपनी शिकायत को लेकर कई बार पुलिस के पास गुहार लगाई, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई।

पीड़िता के मुताबिक किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम और मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाए थे। इन अकाउंट्स को हटवाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग लेकर वह साइबर सेल पहुंची थी। लेकिन उसका आरोप है कि वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की, अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और छेड़छाड़ की। इतना ही नहीं, पुलिसकर्मियों ने उसका मोबाइल छीन लिया और उसे धमकाने की कोशिश की। पीड़िता के मुताबिक, जब स्थानीय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो वह अतिरिक्त जिला कलेक्टर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची। लेकिन वहां भी उसे एक घंटे तक इंतजार कराया गया और कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अब पीड़िता ने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है और साइबर सेल के दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, साइबर सेल थाने की इंचार्ज पुलिस उपाधीक्षक शालिनी बजाज ने इन आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है।

उन्होंने बताया कि लॉ स्टूडेंट अपनी शिकायत लेकर आई थी, जिसमें उसके नंबर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की गई थी। इस मामले में मालाखेड़ा थाने में मुकदमा दर्ज है और जांच जारी है।

बजाज के अनुसार, साइबर थाने पर पीड़िता के आने के दौरान महिला कांस्टेबल मौजूद थी और उसे समझाया गया। लेकिन वह एक ही मामले में दोबारा एफआईआर दर्ज कराने की जिद पर अड़ी थी, जिसके बाद उसे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के पास भेजा गया।

झुंझुनूं में 16 और 17 अप्रेल को होगा बाबा गंगाराम मंदिर का स्वर्ण जयंती समारोह

मंदिर में अनूप जलोटा भजन सुनाएंगे। नासिक का प्रसिद्ध ढोल आएगा। बंगाल के कारीगर मंदिर को सजा रहे हैं। त्रिपुरा के बेंत से सजावट की जा रही है।

झुंझुनू। राजस्थान के झुंझुनूं शहर में बाबा गंगाराम धाम, पंचदेव मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 16 और 17 अप्रेल 2025 को स्वर्ण जयंती समारोह मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे पुष्पों से सजाने के लिए बंगाल के कारीगर आ गए हैं। इस बार त्रिपुरा के बांस एवं बेंत से बारीकी से तैयार की गई विभिन्न कलाकृतियों से मंदिर को सजाया जा रहा है। पंचदेव मंदिर स्वर्ण जयंती समारोह आयोजन समिति के ट्रस्टी अनिल कुमार मोदी ने बताया कि 16 अप्रेल को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा के लिए नासिक (महाराष्ट्र) से प्रसिद्ध पथक ढोल बुलाया गया है, जिसमें 75 कलाकार अपने वाद्य यंत्रों से प्रस्तुति देंगे। केरल की देव दर्शन झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। भजन गायक अनूप जलोटा व अन्य कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे। 17 अप्रेल को बाबा गंगाराम, देवकीनन्दन व माता गायत्री देवी का अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद बाबा गंगाराम अमृतवाणी का सामूहिक संगीतमय पाठ होगा जिसे कोलकाता के नवीन जोशी प्रस्तुत करेंगे।

सैंड आर्टिस्ट नीतीश भारती रेत से दिखाएंगे कला

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सैंड आर्टिस्ट नीतीश भारती रेत के माध्यम से अपनी कला के हुनर दिखाएंगें। पारदर्शी कांच पर बनाए गए चित्रों को कैमरे के माध्यम से एल. ई. डी. स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। वे इंडियाज़ गोट टैलेंट कार्यक्रम में शीर्ष पर अपना स्थान बना चुके है।

जयपुर पुलिस ने अवैध वसूली करने वाली गैंग का किया भांडाफोड़ - चारों बदमाश गिरफ्तार, प्रति माह 8 से 10 लाख की करते थे वसूली

जयपुर। जयपुर के वेस्ट जिले की पुलिस ने निजी बसों से अवैध वसूली करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। भांकरोटा थाने के एसआई सुरेंद्र और उनकी टीम ने स्टिंग ऑपरेशन कर गिरोह की गतिविधियों को रिकॉर्ड किया, जिससे पता चला कि ये बदमाश निजी बस चालकों से जबरन पैसे वसूलते थे। पुलिस ने चार अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर इन अपराधियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से वसूली की रकम भी बरामद की। इस अवैध धंधे को पिछले 15 वर्षों से चौमू पुलिया बस स्टैंड के आसपास संचालित किया जा रहा था, जिससे प्रति माह 8 से 10 लाख रुपये की अवैध वसूली की जाती थी।

स्टिंग ऑपरेशन से हुआ खुलासा

डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि पुलिस को चौमू पुलिया पर निजी बस चालकों से अवैध वसूली की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद टीम को स्पाई गैजेट्स देकर जांच कराई गई। 28 और 29 मार्च को पुलिस टीम ने गोपनीय रूप से रैकी की और गिरोह की गतिविधियों को रिकॉर्ड किया। जांच में सामने आया कि बदमाश प्रत्येक बस से 50-100 रुपये वसूलते थे और पैसा न देने पर बस चालकों को धमकाते थे। विरोध करने पर बसों पर हमला कर पत्थर फेंके जाते थे और बसों में तोड़फोड़ की जाती थी। इस गिरोह का संचालन संगठित रूप से शिफ्टों में किया जाता था, जिससे सभी निजी बस चालक भयभीत रहते थे और शिकायत करने से कतराते थे।

गिरफ्तार आरोपी

पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है

1. भगवान सिंह (37) - निवासी डीडवाना कुचामन, हाल निवासी जयपुर। इसके पास से 45,360 रुपये, एक चाकू और स्कॉर्पियो कार बरामद हुई।

2. श्याम वीर सिंह (29) - निवासी नीमकाथाना, सीकर।

3. विक्रम सैन उर्फ विक्की (40) - निवासी हरमाड़ा, जयपुर।

4. दिलीप सिंह (54) - निवासी सीकर, हाल निवासी जयपुर।

गिरोह के मुख्य सरगना राजेंद्र उर्फ विजेंद्र की तलाश जारी है। पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की भी तलाश कर रही है।

तीन जोड़ी स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन

जयपुर। रेलवे की ओर से ग्रीष्मावकाश पर तीन जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार मथुरा-गंगापुर सिटी प्रतिदिन 1 अप्रैल से 30 जून तक मथुरा से प्रतिदिन शाम 4.15 बजे रवाना होकर रात 10.55 बजे गंगापुर सिटी पहुंचेगी। गंगापुर सिटी-मथुरा 1 अप्रैल से 30 जून तक गंगापुर सिटी से प्रतिदिन रात 11.25 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 7 बजे मथुरा पहुंचेगी। आगराकैंट-असारवा प्रतिदिन 1 अप्रैल से 30 जून तक आगराकैंट से प्रतिदिन रात 11 बजे रवाना होकर अगले दिन शाम 4.35 बजे असारवा पहुंचेगी। असारवा-आगराकैंट प्रतिदिन 2 अप्रैल से 1 जुलाई तक असारवा से प्रतिदिन शाम 6 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 10.20 बजे आगराकैंट पहुंचेगी। कानपुर सेट्रल-असारवा प्रतिदिन रेल 7 अप्रैल से 30 जून तक कानपुर सेट्रल से प्रतिदिन सुबह 8 बजे रवाना होकर सुबह 5.45 बजे असारवा पहुंचेगी। असारवा-कानपुर सेट्रल प्रतिदिन 8 अप्रैल से 1 जुलाई तक असारवा से प्रतिदिन सुबह 9.15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 7 बजे कानपुर सेट्रल पहुंचेगी।

ट्रेनें प्रभावित - पूर्व तटीय रेलवे मेरामण्डली-हिन्डोल रोड रेलखण्ड के मेरामण्डली स्टेशन पर तीसरी-चौथी लाइन डालने के कारण जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस रेलसेवा 19 अप्रैल को और पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस रेलसेवा 16 अप्रैल को रद्द रहेगी। वहीं पुरी-लालगढ़ एक्सप्रेस रेलसेवा 16 अप्रैल को परिवर्तित मार्ग खोरधा रोड-विजयनगर-बिलहर घाट-सम्बलपुर-झारसुगुड़ा रोड होकर, लालगढ-पुरी एक्सप्रेस रेलसेवा 20 अप्रैल को परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा रोड-सम्बलपुर-बिलहर घाट-टिटिलागढ-विजयनगरम-खोरधा रोड होकर, पुरी-अजमेर एक्सप्रेस रेलसेवा 17 व 21 अप्रैल को परिवर्तित मार्ग खोरधा रोड-बमर-विजयनगरम-टिटिलागढ़-लखौली होकर, अजमेर-पुरी एक्सप्रेस रेलसेवा 15 व 17 अप्रैल को परिवर्तित मार्ग लखौली-टिटिलागढ-विजयनगरम-बमर-खोरधा रोड होकर संचालित होगी।

हावडा-खातीपुरा स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन -

रेलवे की ओर से ग्रीष्मावकाश पर हावड़ा-खातीपुरा (जयपुर) स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। हावड़ा-खातीपुरा स्पेशल रेलसेवा 13 अप्रैल से 1 जून तक हावड़ा से शाम 6 बजे रवाना होकर दूसरे दिन रात 11 बजे खातीपुरा पहुंचेगी। खातीपुरा (जयपुर)-हावड़ा स्पेशल रेलसेवा 15 अप्रैल से 3 जून तक खातीपुरा से सुबह 5.30 बजे रवाना होकर दूसरे दिन दोपहर 3.15 बजे हावड़ा पहुंचेगी।

निलंबित 6 पुलिसकर्मी बहाल, बड़ा सवाल पहले दोषी क्यों माना था?

झुंझुन। दरअसल झुंझुनूं के एसएस मोदी स्कूल परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी हिमांशु शर्मा अंतिम समय में पहुंचा और जल्दबाजी में किसी अन्य परीक्षार्थी की सीट पर बैठ गया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने उच्च स्तर से पुलिसकर्मी को फोन करवाकर प्रवेश प्राप्त किया है। बाद में सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पाया गया कि उसे 11.03 बजे प्रवेश दिया गया था। फुटेज में दो परीक्षार्थी गेट बंद होने के बाद प्रवेश करते दिखे। केंद्राधीक्षक ने इस घटना की रिपोर्ट जिला कलक्टर को भेजी, जिसके बाद एसपी शरद चौधरी ने उसी दिन कार्रवाई करते हुए परीक्षा केंद्र पर तैनात एएसआई पवन स्वामी, हेड कांस्टेबल जयपाल, कांस्टेबल मुनेश, सुबोध, कुलदीप और बलराम को निलंबित कर दिया था।

जांच में पुलिसकर्मी निर्दोष

एसपी ने इस मामले की जांच डिप्टी साइबर रामखिलाड़ी मीणा को सौंपी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की गई और अधिकारियों के बयान दर्ज किए गए। जांच में दोषमुक्त पाए जाने के बाद एसपी ने सभी निलंबित पुलिसकर्मियों को बहाल कर दिया।

सभी को बहाल कर दिया गया

जांच रिपोर्ट जिला कलक्टर को सौंप दी गई है। पुलिसकर्मियों की कोई लापरवाही सामने नहीं आई, इसलिए सभी को बहाल कर दिया गया है। पुलिस की जिम्मेदारी मुख्य गेट तक की थी, अंदर की जांच एडीएम करेंगे।

शरद चौधरी, एसपी, झुंझुनूं

उपायुक्त ने आवश्यक वस्तुओं के परचून विक्रय मूल्य किए निर्धारित

धर्मशाला । जिला दंडाधिकारी, हेमराज बैरवा ने हिमाचल प्रदेश जमाखोरी एवं मुनाफाखोरी उन्मूलन के आदेश 1977 के खंड-3 (1)(ई) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कांगड़ा में आवश्यक वस्तुओं के परचून विक्रय मूल्य समस्त करों सहित निर्धारित किए हैं। जिला कांगड़ा का कोई भी व्यापारी तथा निर्माता निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य उपभोक्ताओं से नहीं ले सकता है। उन्होंने होटलों/ढाबों में परोसा जाने वाला खाना, सब्जियों जिसमें पूरी खुराक दाल सब्जी एवं चावल/चपाती प्रति खुराक 80 रुपये, दाल फ्राई प्रति प्लेट 60 रुपए, मटर-पनीर एवं पालक-पनीर प्रति प्लेट 80/90 रुपए, चिकन करी प्रति प्लेट 80 रुपए, मीट पका हुआ प्रति प्लेट 120 रुपए, तवा चपाती 5 रुपए, चाय 10 रूपये, तन्दूरी चपाती 7 रूपये, परांठा भरा हुआ अचार सहित 20 रुपए, दो पूरी/ भटूरा चने दही सहित प्रति प्लेट 50 रुपए, चावल 50 रूपये प्रति प्लेट, साधारण दाल 40 रूपये प्रति प्लेट तथा स्पेशल सब्जी 70 रूपये प्रति प्लेट निर्धारित किए हैं।

इसी प्रकार मीट बकरा, भेड़ प्रति किलोग्राम 500 रुपए, मुर्गा ब्राईलर, ड्रैस्ड प्रति किलोग्राम 200 रुपए, मीट सूअर प्रति किलोग्राम 250 रुपए, मछली कच्ची 200 रुपये प्रति किलोग्राम तथा मछली तली हुई 280 रुपये प्रति किलोग्राम तथा जिंदा मुर्गा 150 रूपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि हलवाईयों/ग्वालों द्वारा बेचा जाने वाला कच्चा दूध प्रति लीटर 55 रुपए, उबला हुआ दूध 57 रूपये प्रति लीटर, पैकेट दूध सभी ब्रांड का अंकित मूल्य पर तथा दही प्रति किलोग्राम 80 रुपए। इसी प्रकार पनीर खुला दूसरे राज्यों से आयातित तथा स्थानीय पनीर प्रति किलोग्राम 300 रुपए बेचा जाएगा। इसके अलावा समोसा 12 रूपये, चौमिन वेज 60 रूपये प्रति प्लेट तथा 35 रूपये आधी प्लेट, चौमिन नॉन वेज 70 रूपये प्रति प्लेट तथा 40 रूपये आधी प्लेट, थुपका वेज 60 रूपये प्रति प्लेट तथा 40 रूपये आधी प्लेट, थुपका नॉन वेज 70 रूपये प्रति प्लेट तथा 50 रूपये आधी प्लेट, मोमो वेज 70 रूपये प्रति प्लेट तथा 40 रूपये आधी प्लेट, मोमो नॉन वेज 100 रूपये प्रति प्लेट तथा 55 रूपये आधी प्लेट बेचा जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि सभी परचून दुकानदारों, होटल, ढाबा मालिक एवं मीट तथा मछली विक्रेताओं से अपने-अपने व्यापारिक परिसरों के बाहर ग्राहक की जानकारी हेतु रेट लिस्टें जोकि हिन्दी भाषा में स्पष्ट रूप से लिखी हों तथा दुकानदार द्वारा दिनांक सहित हस्ताक्षरित हों, को लगाने के निर्देश दिए हैं।

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ऊना में रोजगार मेला 7 को

ऊना। विध्या ज्योति यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ द्वारा 7 अप्रैल को जिला सैनिक कल्याण केंद्र ऊना में हिमाचल प्रदेश के भूतपूर्व सैनिकों के लिए रोजगार मेला लगाया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा गार्ड, ड्राइवर, प्रशासनिक अधिकारी (जेसीओ), करियर काउंसलर के पद भूतपूर्व सैनिकों से भरें जाएंगे। जिला सैनिक कल्याण ऊना के उपनिदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल एसके कालिया ने बताया कि इन पदों के लिए आयु 35 से 55 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इच्छुक भूतपूर्व सैनिक निर्धारित तिथि और स्थान पर आवश्यक दस्तावेज़ों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

हमीरपुर में सर्विस इंजीनियरों और मार्केटिंग के साक्षात्कार 3 अप्रैल को

हमीरपुर । स्थानीय प्राइवेट कंपनी मैसर्स विमांशु इलीवेटर एंड एस्क्लेटर हमीरपुर में सर्विस इंजीनियर के 10 पदों, एक महिला रिसेप्शनिस्ट और मार्केटिंग के लिए 5 पुरुष उम्मीदवारों के पदों को भरने के लिए 3 अप्रैल को सुबह साढे दस बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि सर्विस इंजीनियर के पदों के लिए मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और फिटर ट्रेड के आईटीआई डिप्लोमाधारक युवा पात्र होंगे। महिला रिसेप्शनिस्ट और मार्केटिंग के पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक रखी गई है। इन सभी पदों के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष रखी गई है। चयनित आवेदको को कंपनी द्वारा 12 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाएगा। किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत पात्र उम्मीदवार हिमाचली स्थायी निवासी प्रमाण पत्र और अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कंपनी के मोबाइल नंबर 9988838349 या जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222318 पर संपर्क कर सकते हैं।

3 अप्रैल को टांडा रेंज में फायरिंग अभ्यास

धर्मशाला। सहायक आयुक्त सुभाष गौतम ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना द्वारा 3 अप्रैल को सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न स्वयं जाएं तथा अपने पालतु पशुओं को भी न जाने दें ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि से बचा जा सके।

37 करोड़ की लागत से 4 लेन होगा झलेड़ा-घालूवाल पुल : अग्निहोत्री

ऊना । उपमुख्यमंत्री एवं हरोली के विधायक मुकेश अग्निहोत्री के सबल नेतृत्व में विकास के निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुके हरोली विधानसभा क्षेत्र के लिए एक और बड़ी विकास परियोजना की सौगात मिली है। हरोली के झलेड़ा-घालूवाल पुल को लगभग 37 करोड़ रुपये की लागत से 4 लेन किया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को ऊना में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि इस संबंध में प्रदेश सरकार के प्रस्ताव को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि इस परियोजना की स्वीकृति को लेकर केंद्रीय मंत्रालय और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बीते एक वर्ष से विभिन्न स्तरों पर लगातार चर्चा चल रही थी। बीती 31 मार्च की शाम को इस नए फोर लेन पुल के लिए 36 करोड़ 93 लाख 48 हजार 947 रुपये की धनराशि की मंजूरी मिल गई है। उपमुख्यमंत्री ने इस स्वीकृति के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा एनएचएआई के चेयरमैन का आभार व्यक्त किया।

1962 में बने पुल का स्थान लेगा नया 4 लेन पुल – श्री अग्निहोत्री ने बताया कि 1962 में पंजाब (तब ऊना, पंजाब प्रांत का हिस्सा) के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री प्रताप चंद कैरों ने स्वां नदी पर झलेड़ा-घालूवाल पुल बनवाया था। समय के साथ बढ़ते यातायात के कारण पुल के पायों पर अत्यधिक दबाव पड़ने लगा और छोटा पुल के कारण यहां ट्रैफिक कंजेशन की समस्या भी बन रही थी। वहीं, बरसात में नुकसान पहुँचने से इसे मरम्मत हेतु अस्थायी रूप से बंद भी रखना पड़ा। चूंकि यह पुल हरोली विधानसभा क्षेत्र का प्रवेश द्वार है, सो इसके स्थान पर नया 4 लेन पुल बनाने का प्रस्ताव तैयार करके इसे मंजूरी दिलाने का काम किया गया। इस परियोजना से क्षेत्रवासियों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी।

सड़कों-पुलों के विस्तार से विकास की मुख्यधारा से जुड़ा हरोली – उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में पुलों और सड़कों के निर्माण से सभी क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। इसी साल 52 करोड़ रुपये की लागत से पंडोगा-त्यूड़ी पुल भी बनकर तैयार हो जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को पर्याप्त सहूलियत मिलेगी। इससे पहले, हरोली-रामपुर पुल का निर्माण किया जा चुका है, जो न केवल सुविधाजनक है, बल्कि एक आकर्षण का केंद्र भी बन चुका है। इसके अलावा क्षेत्र में अनेक छोटे पुलों के निर्माण और सड़कों के विस्तार के काम किए जा रहे हैं।

जिन्हें हरोली के विकास से पीड़ा हो रही है, वे डॉक्टरी सलाह ले लें – 'हरोली की जनता की बदौलत पाया है राजनीति में हर मुकाम, यहां का विकास मेरी नैतिक जिम्मेदारी' उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र निर्णायक विकास के दौर में है। हरोली की जनता के आशीर्वाद से ही उन्होंने राजनीति में हर मुकाम हासिल किया है और इस क्षेत्र का विकास उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। ऐसे में हरोली के विकास से किसी को भी एतराज नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को हरोली के विकास से पीड़ा हो रही है, वे झेंप मिटाने को यहां वहां बयानबाजी कर रहे हैं। लेकिन किसी के चिल्लाने से तथ्य नहीं बदलते। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि जिन्हें विकास से समस्या हो रही है, वे समझ लें कि यह पीड़ा आगे और बढ़ेगी, क्योंकि क्षेत्र के लिए एक के बाद एक बड़ी परियोजनाएं लाई जाएंगी। ऐसे में बेहतर होगा कि वे समय से डॉक्टरी सलाह ले लें।

केंद्र से धन लाने के लिए दम चाहिए – श्री अग्निहोत्री ने बताया कि केंद्र से धन लाने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति, ठोस व्यक्तिगत संबंध और विकास के प्रति समर्पण आवश्यक है। हम संघीय ढांचे के अंतर्गत रहते हैं और राज्य का अधिकार है कि उसे उसका उचित हिस्सा मिले। हरोली के लिए लगातार नई परियोजनाएं मंजूर करवाई जा रही हैं। हाल ही में केंद्र सरकार से 75 करोड़ रुपये की बीत क्षेत्र सिंचाई परियोजना-2 को भी स्वीकृति मिल गई है। विकास की यह गति आगे और तेज़ होगी।

दून विधानसभा क्षेत्र में लोगों को गुणवत्तायुक्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकताः राम कुमार चौधरी

विकास कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित

सोलन। दून के विधायक रामकुमार चौधरी ने कहा कि दून विधानसभा क्षेत्र में लोगों को गुणवत्तायुक्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। राम कुमार आज बद्दी के झाड़माजरी में विकास कार्यों के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। विधायक ने कहा कि दून विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा स्वास्थ्य एवं अन्य अधोसंरचनात्मक विकास के लिए धन की समुचित व्यवस्था की जा रही है। क्षेत्र के विकास के लिए कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी का भी उचित उपयोग सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं लोगों सामाजिक-आर्थिक स्तर में सुधार की दिशा में वर्तमान प्रदेश सरकार की योजनाएं भी महत्वपूर्ण सिद्ध हो रही हैं।

राम कुमार चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिए यह आवश्यक है कि सभी को इन योजनाओं की पूर्ण जानकारी हो। उन्होंने कहा कि समाज के कमज़ोर वर्गों के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाएं तभी सफल हो सकती हैं जब विभिन्न विभाग पूर्ण समन्वय के साथ कार्य करें।

उन्होंने बैठक में साईं मार्ग की मुरम्मत तथा सड़क के दोनों तरफ पानी की निकासी के लिए नालियां निर्मित करने और बिजली के क्षतिग्रस्त खंभे ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत बोर्ड, जल शक्ति, लोक निर्माण विभाग, बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण और नगर निगम बद्दी को साईं मार्ग पर विभिन्न विकासात्मक कमियों को दूर करने के लिए उनकी निगरानी में संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में व्यापार मंडल बद्दी का सहयोग भी लिया जा सकता है। उन्होंने तहसीलदार बद्दी को साईं रोड की निशानदेही करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने साईं रोड पर यातायात नियंत्रण के लिए लगाए गए डिवाइडर और स्ट्रीट लाइट की एलाइनमेंट ठीक करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बद्दी से नालागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग के कारण प्रभावित प्राकृतिक संसाधनों को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के माध्यम से ठीक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नालागढ़ को क्षेत्र में ऑटो पार्किंग तथा ठहराव सुनिश्चित करने और लोगों की सुविधा के लिए ऑटो का किराया दर्शाते बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रों तथा स्थानीय लोगों की सुविधा के दृष्टिगत राज्य पथ परिवहन निगम को नालागढ़ से बवासनी तक बस सेवा आरम्भ करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नगर परिषद बद्दी द्वारा निर्मित हर्बल पार्क के कार्य में अनियमितता पाए जाने पर उचित स्तर पर जांच करवाई जाएगी। बैठक में ग्रीष्म ऋतु के दौरान जल की उपलब्धता, बद्दी में जल निकासी कार्य की नवीनतम स्थिति, नई सड़कों के निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कृषि बीज एवं खाद की उपलब्धता, बद्दी में स्थायी मंडी बोर्ड के गठन, बद्दी में सफाई, स्वच्छता, मल निकासी व्यवस्था, साई मार्ग बद्दी के सीमांकन पर चर्चा, साई मार्ग पर भूमिगत केबलिंग, ऑटो एवं टैक्सियों के लिए पार्किंग सहित सूरज माजरा लुबाना में स्टेडियम के लिए भूमि हस्तांतरण करने पर विस्तृत चर्चा की गई। इससे पूर्व राम कुमार ने बद्दी के भटौलीकलां में आग लगने के कारण खा़क हुई झुग्गियों का निरीक्षण किया और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुरजीत चौधरी, पुलिस अधीक्षक बद्दी विनोद धीमान, उपमंडलाधिकारी बद्दी विवेक महाजन, उपमंडलाधिकारी नालागढ़ राज कुमार, बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण की संयुक्त कार्यकारी अधिकारी प्रिया नागटा, खंड विकास अधिकारी नालागढ़ नियोन शर्मा, खंड विकास अधिकारी पट्टा कुलदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

थल सेना अग्नि वीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 10 तक

हमीरपुर । थल सेना में अग्निवीरों की भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अब कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि इस भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 10 अप्रैल तक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की पहले ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा होगी और उसके बाद भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। आवेदन के इच्छुक एवं पात्र युवा वेबसाइट - ज्वाइनइंडियनआर्मी.एनआईसी.इन joinindianarmy.nic.in पर लॉग इन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण करवाने वाले उम्मीदवार का एक्टिव मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी होनी चाहिए, ताकि भविष्य में उससे संपर्क किया जा सके।

उपमुख्यमंत्री ने चैत्र नवरात्रि पर झलेड़ा मंदिर में की पूजा-अर्चना, भजन संध्या में हुए शामिल

ऊना। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को पुलिस लाइन झलेड़ा स्थित मंदिर में आयोजित भव्य धार्मिक आयोजन में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर माँ भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया और भजन संध्या में भाग लिया। उन्होंने ऊना पुलिस विभाग द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन और मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया। भजन संध्या में हिमाचल प्रदेश पुलिस के प्रसिद्ध %हार्मनी ऑफ पाइंस% बैंड ने अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उपस्थित भक्तों ने भक्ति गीतों का आनंद लिया और मंदिर प्रांगण में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन में उपमुख्यमंत्री की सुपुत्री डॉ. आस्था अग्निहोत्री, विधायक सुदर्शन बबलू, विवेक शर्मा, पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, एडवोकेट जनरल अनूप रत्तन, उपायुक्त ऊना जतिन लाल, अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य विजय डोगरा,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर, बाबा सरबजोत सिंह बेदी, सेवानिवृत्त डीआईजी मधुसूदन शर्मा और आर.एम. शर्मा, उपायुक्त जतिन लाल की धर्मपत्नी श्रीमती रेणु शेरावत, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंग सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती निधि, डिप्टी कमांडेंट बनगढ़ राजेश कुमार एवं चरनजीत सिंह, विजिलेंस के डिप्टी एसपी कुलविंदर सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया, सुरेंद्र शर्मा (एलआर), डीएसपी अजय ठाकुर, मोहन रावत, डॉ. वसुधा सूद समेत ऊना पुलिस विभाग के अधिकारी, पुलिस स्टाफ और उनके परिवारों सहित शिवालिक कॉलोनी, झलेड़ा और लालसिंगी के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एडीएम ने मासिक समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों की अनुपालना के कार्यों की समीक्षा की

बिंद्रावणी डंपिंग साईट में पिछले तीन महीनों में 9000 टन लेगेसी वेस्ट का निस्तारण –डॉ मदन कुमार

मंडी। बिंद्रावणी डंपिंग साईट में पिछले तीन महीनों में 9000 टन लेगेसी कचरे का निस्तारण किया गया है और शेष कचरे का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। यह जानकारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ मदन कुमार मंडी ने एनजीटी और माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश द्वारा पारित आदेशों की अनुपालना के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि बिंद्रावनी डंपिंग साईट पर अभी 59000 टन वेस्ट मौजूद है। जिसका आउटसोर्स आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। पिछले तीन महीनों में मंडी नगर निगम द्वारा 2168 टन प्लास्टिक वेस्ट पावर प्लांट को तथा 112 टन सीमेंट प्लांट को भेजा गया है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को बरसात से पहले साइट पर मौजूद लेगेसी वेस्ट का निस्तारण करने का निर्देश दिया ताकि बरसात में यहां से दूषित होकर पानी अन्य जल स्रोतों में न मिले।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में नगर निगम मंडी में रोजाना 17.64 टन कचरा एकत्रित किया जा रहा है। जिसमें से सूखा कचरा 7.06 टन, गीला कचरा 9.70 टन तथा सैनेटरी वेस्ट 0.02 टन है और इसका वैज्ञानिक तरीके से निपटारा किया जा रहा है। मंडी नगर निगम द्वारा कचरे से 88.32 टन कंपोस्ट खाद भी तैयार की गई है। बैठक में शहरी निकायों नगर निगम मंडी, नगर पंचायत करसोग, सुंदरनगर, नेरचौक, जोगिन्द्रनगर, सरकाघाट, रिवालसर में ठोस कचरा प्रबंधन के निस्तांतरण करने में की गई प्रगति की समीक्षा की गई। एडीएम ने बताया कि नगर पंचायत नेरचौक में रोजाना एकत्रित 4 टन कचरे में में 4 टन का, सरकाघाट में 2 टन कचरे में से 1.5 टन का, जोगिन्द्रनगर मे एक टन में से एक टन का, रिवालसर में एकत्रित एक टन कचरे में से एक टन का निपटारा, करसोग में एकत्रित एक टन में 0.5 टन का निस्तारण किया जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब घरों से होगा प्लास्टिक कचरे का संग्रहण

डीसी ने ग्राम पंचायत मनेड़ से किया पहल का शुभारंभ

धर्मशाला। डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने आज ग्राम पंचायत मनेड़ से विकास खंड धर्मशाला के प्लास्टिक कचरा संग्रहण एवं प्रबंधन पहल का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जनवरी/फरवरी 2025 की ग्राम सभाओं में पंचायतों में स्वच्छता शुल्क लगाने के बाद, विकास खंड धर्मशाला की सभी 27 पंचायतों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अपने सभी गांवों/वार्डो में प्लास्टिक कचरा संग्रहण शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एक जरूरी पहलू है, क्योंकि हर घर में प्लास्टिक सहित ठोस कचरा उत्पन्न होता है। सड़कों, नदियों या पहाड़ियों की ढलानों पर प्लास्टिक कचरे के ढेर से बचने के लिए, पंचायतों ने प्लास्टिक कचरे को समाप्त करनें के लिए हाथ मिलाया है। उन्होंने बताया कि पंचायतों ने अपने स्तर पर कचरा प्रबंधकों के साथ एक वर्ष के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए हैं और प्लास्टिक कचरा संग्रहण गतिविधि के लिए 15वें वित्त आयोग के अनुदान (स्वच्छता घटक निधि) को रखने का निर्णय लिया है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सभी पंचायतों में 15वें वित्त आयोग के तहत कुल 40 लाख रुपए रखे गए हैं। इसके अलावा धर्मशाला पंचायत समिति के सभी सदस्यों द्वारा 5 लाख रुपये और जिला परिषद सदस्यों द्वारा 6 लाख 50 हजार रुपये 2025-26 में प्लास्टिक कचरा संग्रहण गतिविधि के लिए 15वें वित्त आयोग के अनुदान में से रखे गए हैं।

पंचायतों से एकत्रित किया जाएगा स्वच्छता शुल्क – बकौल डीसी, पंचायतों में घरों से कचरा संग्रहण और स्वच्छता के लिए सभी पंचायतों में मासिक आधार पर स्वच्छता शुल्क के रूप में लगभग 6 लाख 20 हजार रुपये एकत्र किए जाएंगे। स्वच्छता शुल्क की राशि अलग-अलग रहेगी, जिसमें प्रत्येक घरों से आम तौर पर 50 रुपये, दुकानों से 100-250 रुपये, होटल, रेस्तरां, होम स्टे से 500 से 1000 रुपये तक शुल्क लिया जाता है, जो कचरे की मात्रा पर निर्भर करेगा।

साफ होंगे हॉटस्पॉट, स्वच्छता पर रहेगा जोर – हेमराज बैरवा ने बताया कि विकास खंड धर्मशाला की सभी 27 पंचायतों में वार्ड/गांव वार सर्वेक्षण करके विस्तृत योजना तैयार की गई है और ग्राम पंचायत रक्कड़, कनेड और पद्दर में प्लास्टिक कचरे का क्लस्टर स्तर पर प्रबंधन किया जाएगा। साथ ही इस माह स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और 15वें वित्त आयोग के फंड के कन्वर्जेंस से पंचायतों में सभी कचरा हॉटस्पॉट को साफ करेन के पश्चात क्षेत्र की बाड़बंदी की जाएगी ताकि इन हॉटस्पॉट को पूरी तरह से हटा दिया जाए।

उन्होंने बताया कि हाल ही में पंचायत क्षेत्र में शामिल योल कैंट को भी इस अपशिष्ट प्रबंधन योजना में शामिल किया जा रहा है। हाल ही में ग्राम पंचायत रक्कड़ द्वारा योल क्षेत्र में मानेकशॉ द्वार के पास एक कचरा हॉटस्पॉट को साफ किया गया था, इसके बाद क्षेत्र को बाड़ लगा दिया गया। उन्होंने बताया कि अब इस क्षेत्र में बेंच, पानी की टंकी और फूलों के गमले लगाकर एक छोटा सा सार्वजनिक पार्क बनाया गया है।

सीसीटीवी कैमरे होंगे स्थापित, गंदगी फैलाने वालों पर होगा जुर्माना – उपायुक्त ने बताया कि धर्मशाला विकास खंड की ग्राम पंचायतों ने फैसला लिया है कि पंचायत क्षेत्र में कचरा फैलाते हुए पकड़े जाने वाले किसी भी व्यक्ति पर एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा और अगर प्रदूषण करने वाला बार-बार पकड़ा जाता है तो राशि बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि हॉटस्पॉट के पास विभिन्न पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत तंगरोटी खास ने एक कैमरा लगाया है। जिसके सहयोग से दो उल्लंघनकर्ताओं पर जुर्माना लगा उनसे दो हजार रुपये वसूले गये हैं। उन्होंने बताया कि नदी/खड्डों में राहगीरों द्वारा प्लास्टिक कचरा फेंकने की रोकथाम के लिए, ग्राम पंचायतें पुलों के पास के क्षेत्र में बाड़ लगा रही हैं ताकि पानी को साफ रखा जा सके। उन्होंने बताया कि जल निकायों में कचरा डालते हुए देखे जाने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

पर्यटकों की अधिक आवाजाही वाली पंचायतों में चलेंगे जागरुकता कार्यक्रम – डीसी ने बताया कि ग्राम पंचायत टऊ, जूहल, सौकणी दा कोट, रक्कड़ जैसी भारी पर्यटक आवाजाही वाली पंचायतों में धौलाधार क्लीनर्स, वेस्ट वॉरियर्स जैसे एनजीओ के साथ मिलकर जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके तहत क्षेत्र के निवासियों, होटलों, होम स्टे मालिकों और अन्य हितधारकों के बीच प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन और नदियों, पहाड़ी ढलानों आदि में इसे खुले में फेंकने पर इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने का अभियान चलाया जाएगा।

उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक भुवनेश्वर गौड़ और अजय सोलंकी द्वारा 1 अप्रैल, 2025 को शिमला से जारी प्रेस वक्तव्य

सोलन। उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक भुवनेश्वर गौड और अजय सोलंकी ने आज यहां कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू को एक नामी पत्रिका द्वारा भारत के सबसे प्रभावशाली 100 व्यक्तियों की सूची में शामिल किया गया है जो कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा अनाथ बच्चों, महिलाओं, संवेदनशील वर्गों के कल्याण में हरित ऊर्जा क्षेत्र में नवीन पहल सहित नशा निवारण के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्य के कारण मुख्यमंत्री को इस नामी सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के गठन के पश्चात मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम शिमला के टूटीकंडी स्थित बालाश्रम का दौरा किया और अनाथ बच्चों के माता-पिता की जिम्मेवारी संभालने का संकल्प लिया। इस संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार ने अनाथ बच्चों, पात्र महिलाओं एवं बुजुर्गों के लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना तथा सुख-आश्रय कोष की शुरूआत की। इस योजना के तहत प्रदेश सरकार ने अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया और आज इन बच्चों को जेब खर्च, आवास सुविधा, प्रारम्भिक से लेकर उच्च स्तर तक निःशुल्क शिक्षा और विदेश भ्रमण सहित विभिन्न लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। इस योजना की सफलता का लोहा मानते हुए मुख्यमंत्री को सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने बच्चों, महिलाओं सहित समाज के संवेदनशील वर्गों के हितार्थ अनेक कल्याणकारी योजनाएं आरम्भ की हैं। पात्र महिलाओं को इंदिरा गांधी महिला सुख सम्मान निधि योजना के तहत चरणबद्ध तरीके से 1500 प्रतिमाह रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत विधवा महिलाओं के बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च प्रदेश सरकार उठा रही है। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना, वृद्धजनों के लिए वृद्ध आश्रम चलाने बारे एकीकृत योजना, बेटियों को बेटों के बराबर हक प्रदान करने के लिए भूमि कानून में बदलाव और पुलिस भर्ती में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण सहित अन्य महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 410 करोड़ रुपये व्यय कर लगभग 8.25 लाख व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की गई है। इस वित्तीय वर्ष सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 37 हजार नए लाभार्थियों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। हाल ही में संपन्न बजट सत्र में सरकार द्वारा बीपीएल परिवार में जन्मी दो बालिकाओं के लिए सुख सुरक्षा योजना की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस वित्तीय वर्ष सामाजिक सुरक्षा, महिला, बाल एवं अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण पर 2500 करोड़ रुपये व्यय करेगी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश को वर्ष 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य, वर्ष 2027 आत्मनिर्भर तथा वर्ष 2032 तक सबसे समृद्ध राज्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसे हासिल करने के लिए कड़े निर्णय लेते हुए व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। प्रदेश में छः ग्रीन कोरीडोर स्थापित किए गए हैं, चम्बा में प्रदेश का पहला ग्रीन हाईड्रोजन मोबिलिटी स्टेशन स्थापित किया जा रहा है, बड़े स्तर पर प्रदेशभर में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं और एचआरटीसी में डीजल बसों को इलैक्ट्रिक बसों को बदला जा रहा है। नवीकरणीय ऊर्जा के दोहन को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों के दूरगामी प्रभावों को सराहते हुए मुख्यमंत्री को सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने नशा माफिया पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की है। नशा तस्करी में संलिप्त पाए जाने पर सम्पत्ति जब्त करने का प्रावधान किया है। बजट सत्र के दौरान चिट्टा तस्करी, नशीली दवाएं व नकली शराब बनाने या बेचने जैसे संगठित अपराध से किसी की मौत होने पर ड्रग तस्करों को फांसी या उम्रकैद की सजा का प्रावधान करने के लिए सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध (निवारण एवं नियंत्रण) विधेयक पारित किया गया। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश मादक पदार्थ एवं नियंत्रित पदार्थ (निवारण, नशा मुक्ति और पुनर्वास) विधेयक-2025 और भी पारित किया गया है। इन विधेयकों में सजा के साथ दोषी को 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का भी प्रावधान है। इनमें पुनर्वास केंद्र खोलने तथा इसके लिए कोष के गठन सहित नशीले पदार्थों के साथ पकड़े जाने पर कारावास व जुर्माने का प्रावधान है। सरकारी कर्मचारी यदि नशीले पदार्थों के साथ पकड़ा जाता है तो विधेयक में तय सजा से डेढ़ गुणा अधिक सजा और जुर्माने का विशेष प्रावधान किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

चंद मिनटों में ही पूरा इलाका बन जाता आग का गोला, फायर ब्रिगेड और पुलिस ने बड़ी अनहोनी टाली

भिलाई (निप्र)। सुपेला से सेक्टर की ओर जा रहा एक ऑयल ट्रक बुधवार रात 12 बजे अचानक सुपेला अंडर ब्रिज के बीच पलट गया. ट्रक में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील ऑयल भरा हुआ था. जिसके कारण बड़ा खतरा पैदा हो सकता था. हादसे की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई. जिसकी सूचना मिलने के बाद तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम मौके के लिए रवाना हुई. फायर ब्रिगेड टीम ने रोकी बड़ी अनहोनी : अग्निशमन कर्मियों ने तेजी से स्थिति का आकलन किया और ट्रक से रिस रहे ऑयल को नियंत्रित करने के लिए फोम की बौछार की. इस प्रयास से ना केवल ट्रक पर संभावित आग लगने से बचाया गया, बल्कि अंडर ब्रिज में भर चुके ज्वलनशील गैस को भी नियंत्रित किया गया. घटना के बाद, पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा और सुरक्षा के दृष्टिकोण से ट्रैफिक को नियंत्रित किया. ट्रक के पलटने के कारणों की जांच पुलिस कर रही है.प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, यह हादसा चालक की लापरवाही, ब्रेक फेल होने, या फिर सड़क की स्थिति के कारण हो सकता है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. अग्निशमन विभाग के कमांडेंट नागेंद्र सिंह ने बताया कि जैसे ही घटना की सूचना दुर्ग कंट्रोल रूम में मिली.तुरंत दमकल टीम को मौके पर भेजी गई. इस घटना ने यह साबित कर दिया कि अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं की सतर्कता और कुशलता कितनी महत्वपूर्ण होती है.यदि सही समय पर दमकल कर्मियों ने कार्रवाई नहीं की होती, तो एक बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी. स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील कि है कि ऐसी किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित करें और उनकी सहायता लें.

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जनहित में हो रहा डीएमएफ राशि का प्रभावी उपयोग

रायपुर (निप्र)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के स्पष्ट निर्देश हैं कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ राज्य की जनता तक पहुँचे और सभी संसाधनों का उपयोग जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किया जाए। मुख्यमंत्री की इस जनकेंद्रित सोच के अनुरूप अब डीएमएफ (जिला खनिज संस्थान न्यास) की राशि का जनहित में लोगों को गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में उपयोग प्रारंभ हो गया है। इसी क्रम में दंतेवाड़ा जिले की डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में गीदम में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य हेतु ?299 करोड़ 85 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति क्षेत्रीय स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के क्रियान्वयन के लिए लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत सीजीएमएससी (छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन) को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया है। सीजीएमएससी नियमानुसार राज्य शासन एवं पीडब्ल्यूडी मैनुअल के प्रावधानों के तहत निविदा प्रक्रिया, कार्यादेश और निर्धारित समय सीमा का पालन सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में यह पहल न सिर्फ गीदम और दंतेवाड़ा क्षेत्र के लोगों को अपने निवास के समीप उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराएगी, बल्कि यह संपूर्ण बस्तर अंचल के स्वास्थ्य सेवा तंत्र को भी एक नई दिशा देगी। यह निर्णय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनकेंद्रित सरकार की उस अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें विकास, विश्वास और पारदर्शिता को समान रूप से महत्व देते हुए राज्य के प्रत्येक नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प झलकता है।

फील्ड में जाकर एवं आम जनता से मुलाकात कर योजनाओं के क्रियान्वयन की करें पड़ताल : रमेन डेका

बालोद (निप्र)। राज्यपाल रमेन डेका ने बालोद जिले के प्रवास के दौरान आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में राज्यपाल द्वारा जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु चलाए जा रहे जल जतन अभियान अंतर्गत प्रकाशित जल जतन पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस दौरान उन्होंने जिले में चलाए जा रहे जल जतन अभियान, पौध रोपण एवं पर्यावरण संवर्धन तथा जैविक खेती को प्रोत्साहन देने हेतु किए जा रहे कार्य, स्वच्छ भारत मिशन सहित पुलिस, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, नगरीय प्रशासन, सहकारिता आदि विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल श्री डेका ने बालोद जिले में पौध रोपण एवं पर्यावरण संवर्धन हेतु किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को कम से कम एक पौध का रोपण करने को कहा। इस कार्य में उन्होंने सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में श्री डेका ने जिले में संचालित शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का पड़ताल करने हेतु सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से फील्ड विजिट कर आम जनता से योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक लेने को कहा। श्री डेका ने जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम एवं शराब तथा अन्य मादक पदार्थों का अवैध परिवहन एवं बिक्री की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। राज्यपाल ने इस

पर चिंता जाहिर करते हुए इसके रोकथाम हेतु पुलिस एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। श्री डेका ने समाज कल्याण विभाग के उप संचालक को नशापान से ग्रसित लोगों को नशा से छुटकारा दिलाने हेतु किए जा रहे सुधारात्मक उपाय तथा जिले में चलाए जा रहे नशापान मुक्ति अभियान के संबंध में भी जानकारी ली।

राज्यपाल श्री डेका ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले में टी.बी. उन्मूलन अभियान के कार्यों के संबंध जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने वर्तमान में जिले में टी.बी. के कुल मरीजों की संख्या एवं उनके समुचित इलाज की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। श्री डेका ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को टी.बी. के मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के अलावा इसके रोकथाम हेतु मरीजों का कांउसलिंग कराने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने टी.बी. के मरीजों को अनिवार्य रूप से पोषण किट उपलब्ध कराने तथा इस कार्य में सामाजिक संगठनों, उद्योगपतियों, अधिकारी-कर्मचारी आदि की भी भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा। इस दौरान उन्होंने जिले में रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधि की भी समीक्षा की। श्री डेका ने जिले में रेडक्रॉस की सदस्यता बढ़ाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। जिले में चल रहे पौध रोपण अभियान की समीक्षा करते हुए सभी शासकीय संस्थानों, स्कूल, कॉलेज आदि में समुचित मात्रा में पौध रोपण कराने के निर्देश दिए। श्री डेका ने वनमण्डलाधिकारी को अपने साथ-साथ वन विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से जंगलों का निरीक्षण कराने तथा वास्तविक स्थिति का पड़ताल करने को कहा। जल संरक्षण के उपायों की समीक्षा करते हुए जिले में सरफेस वाटर की समुचित उपयोग हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अमृत सरोवर के माध्यम से आसपास के भूजल स्तर में वृद्धि हेतु उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न शासकीय संस्थाओं एवं कार्यालयों के अलावा जिले के विभिन्न स्थानों पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग का कार्य कराने को कहा। बैठक में श्री डेका ने जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने तथा अन्य शैक्षणिक क्रियाकलापों के संबंध में जानकारी ली। राज्यपाल श्री डेका ने एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एनसीसी में अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। नगरीय निकाय विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए विभिन्न आजीविकामूलक कार्यों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु किए जा रहे कार्यों की संबंध में जानकारी ली। बैठक में श्री डेका ने असहाय, परित्यक्त एवं वृद्धजनों के सहायता हेतु किए जा रहे कार्य, जनजातीय एवं वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधाओं का विकास एवं उन्हें मुख्य धाराओं में लाने का उपाय आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में दुर्ग पुलिस रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, राज्यपाल के उपसचिव हिना अमिनेश नेताम, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर एवं अशोक जोशी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

जल शक्ति अभियान में आम नागरिकों की सहभागिता जरूरी : कलेक्टर व्यास

जशपुरनगर (निप्र)। कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन और मुख्यमंत्री घोषणा की विस्तार से समीक्षा किए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण संवर्धन के तहत जिले में जल शक्ति महा अभियान चलाया जाना है जिसके तहत सभी लोगों को इस अभियान में जोड़ना है। सभी शासकीय भवन एसडीएम कार्यालय, जनपद कार्यालय, आश्रम, छात्रावास, स्कूल भवनों में रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम और रैन वाटर रिचार्ज सिस्टम भवनों में बनाया जाना है ताकि अधिक से अधिक

मात्रा में जल का संचयन कर सके। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के कितने शासकीय भवनों में रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम चालू और कितने में बंद है इसकी जानकारी उपलब्ध कराए। इसके साथ ही प्राइवेट संस्था, होटल, लाज एवं अन्य भवनों और किन-किन भवनों में जल संरक्षण संवर्धन के लिए रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया गया जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जल शक्ति अभियान में आम जनता को भी जोड़ना है और जन आंदोलन के रूप में कार्य करना है। इसके साथ जिले के कुआं, बाउली, तालाब एवं अन्य जल स्रोत के माध्यम का जीर्णोद्धार किया जाना है। ताकि भविष्य के लिए भी पानी की बचत किया जा सके।कलेक्टर ने कहा कि आगामी 12 अप्रैल को दुलदुला विकासखंड के ग्राम करडेगा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना है। इसके साथ ही करडेगा में सुबह स्वच्छता अभियान और बच्चों के लिए खेल गतिविधियां भी आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

गरियाबंद (निप्र)। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आज जनदर्शन में 54 लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम कनेषर के रेखराम ध्रुव ने स्पॉन्सरषिप योजना के तहत शेषनारायण ध्रुव और सागर ध्रुव को लाभ दिलाने, ग्राम चरौदा के तिलकराम यादव ने प्रधानमंत्री आवास की द्वितीय एवं तृतीय किष्त की राषि दिलाने, ग्राम चरौदा के समस्त ग्रामवासियों ने नहर में पानी के निकासी के लिए पाईप लगाने, ग्राम पोटिया और अमेठी के महिलाओं ने महतारी वंदन योजना में नाम जोड़ने, ग्राम भाठीगढ़ के शुभोपाल न व्यापार हेतु ऋण प्रदाय करने, गरियाबंद की कुमारी मनीषा ध्रुव ने छात्रवृत्ति एवं राषन दिलाने, ग्राम किरवई की ज्योतिष बाई एवं बुधिया साहू ने पषु षेड निर्माण, ग्राम फुलझर के बाबूलाल साहू ने भूमि सुधार हेतु, ग्राम चैतरा के नरेन्द्र कुमार साहू ने वन अधिकार पट्टा दिलाने, सौरभ माण्डले एवं लोकेष्वर माण्डले ने बीमा की राषि प्रदाय करने, ग्राम चौबेबांधा के संतोष कुमार सोनकर ने राजस्व अभिलेख दुरुस्त करने, ग्राम सारागांव के हेमनारायण सिंह ने पुरानी आबादी भूमि की पट्टा प्रदाय करने, ग्राम गायडबरी के कृषक अघनू ने जमीन का मुआवजा दिलाने, अवैध भूमि अधिग्रहण हटाने, कृषक पंजीयन में त्रुटि सुधार, पीएम आवास प्रदाय करने, रोजगार दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये है।

समय-सीमा बैठक के बाद कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में लोगों की समस्याएं

बेमेतरा (निप्र)। कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति मे आज मंगलवार क़ो समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष मे जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमे जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 31 आवेदन प्राप्त हुए।

तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण

करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील दाढ़ी के ग्राम हेमाबंद निवासी फूलमत ने वाद विवाद, गाली गलौच एवं कपड़े फाड़ने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील देवकर के ग्राम गाडाड़ीह निवासी रोंगो बाई ने अवैध कब्जे जो लोक निर्माण विभाग की भूमि पर किया गया है, हटाने के संबंध में आवेदन दिया, बेमेतरा सिंघौरी वार्ड नं. 13 निवासी नर्मदा गोड़ ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील दाढ़ी के ग्राम हेमाबंद समस्त ग्रामवासी ने प्रधानमंत्री आवास को शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिया, ग्राम खपरी निवासी झम्मन लाल बंजारे ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि प्राप्त न होने के संबंध में आवेदन दिया।इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया।

जनदर्शन में सुनी गई शासकीय कर्मचारियों की समस्याएं

कोरबा (निप्र)। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर आज शासकीय कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने के लिए जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अपर कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे ने कर्मचारियां की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभाग को निराकरण हेतु प्रेषित किया । जनदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली के पुरुष पर्यवेक्षक ज्ञान चंद कश्यप ने एमए समाजशास्त्र की परीक्षा में बैठने की अनुमति, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा के नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी बलराम प्रसाद साहू ने लंबित देयकों के भुगतान, आरती देवी ने शारीरिक असमर्थता की वजह से पति को शिक्षकीय कार्य करने में हो रही परेशानियों को बताते हुए वेतन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने, जनपद पंचायत करतला ने डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पिंकी मौर्य ने पारिवारिक समस्याओं का जिक्र करते हुए जिला पंचायत व जनपद पंचायत कोरबा में स्थानांतरण की मांग की है।

डॉ. प्रियंका शुक्ला ने किया औचक निरीक्षण, अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने दिए जरूरी निर्देश

बिलासपुर (निप्र)। आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने समस्त वार्डों का भ्रमण करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी प्रदेश का एकमात्र मानसिक चिकित्सालय है, जिसके लिए क्वालिटी एश्योरेंस पैरामीटर के सभी मापदंड का पालन किया जाना चाहिये और इसके लिए एक विशेष टीम द्वारा चिकित्सालय का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय को एक मॉडल मानसिक चिकित्सालय के रूप में विकसित किया जाना है जिसके लिए वृहद स्तर पर टीम वर्क व समन्वय के साथ कार्य को पूरा किया जाना चाहिए।

डॉ. शुक्ला ने चिकित्सालय में प्रवेश द्वार निर्माण के लिए व सूचक बोर्ड को व्यस्थित करते हुए पूरे भवन का रंग-रोगन करने के लिए लोक

निर्माण विभाग, बिलासपुर, के अभियंता को निर्देशित किया। उन्होंने चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान पाया कि चिकित्सालय में पर्याप्त नर्सिंग स्टॉफ एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्य कर रहे है जिसके लिए चिकित्सालय में संचालित वार्ड के अनुरूप व्यस्थित ड्युटी रोस्टर नहीं है जिसे तैयार करने के निर्देश उन्होंने दिए ताकि चिकित्सालय में भर्ती मरीजों की देखभाल सुचारू रूप से हो सके।

उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में विभिन्न नर्सिंग संस्थानों से क्लिनिकल प्रशिक्षण में आने वाले नर्सिंग छात्र-छात्राओं की तीन पालियों में ड्यूटी निर्धारित की जाए और उनकी क्षमता अनुसार उनसे कार्य लिया जाये। डॉ प्रियंका शुक्ला ने कहा कि चिकित्सालय शहर से 15 कि.मी. की दूरी पर है, और मरीजो के लिए आवश्यक जॉच के लिए 15-20 कि.मी. की दूरी तय करनी होती है, जिसके लिए एम्बुलेंस एवं मानव संसाधन लगते है। चिकित्सालय में ही मरीजों की संख्या एवं प्रदेश के एकमात्र मानसिक अस्पताल होने के कारण अस्पताल परिसर में ही सभी सुविधाएं सुनिश्चित हो, जिसके लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजने के लिए अधीक्षक को निर्देश दिए। डॉक्टर शुक्ला ने चिकित्सालय में कार्यरत् स्टॉफ को निर्देशित किया कि ये चिकित्सालय राज्य का एक मात्र मानसिक चिकित्सालय है, जहाँ पर राज्य भर से मरीज इलाज के लिए आशा के साथ पहुँचते है, उनसे संवेदनशील व्यवहार किया जाए और उनका सहयोग हर स्तर पर किया जाए।

निरीक्षण के दौरान राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश जैन, संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें डॉ. सुरेश कुमार तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रमोद तिवारी, अस्पताल अधीक्षक राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी डॉ. प्रभु चौधरी, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग एवं चिकित्सालय के मेट्रन उपस्थित रहे।

पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कंट्रोल रूम गठित

गरियाबंद (निप्र)। जिले में ग्रीष्म काल अवधि के दौरान पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं पेयजल की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। पीएचई विभाग के उपखंड एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों के नाम एवं मोबाइल नंबर भी जारी किए गए है। पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए जिले के कोई भी व्यक्ति संपर्क कर सकेंगे। साथ ही जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 18002330008 पर भी संपर्क कर सकते है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक अभियंता जागेश्वर मरकाम मोबाइल नंबर 9131400350 को बनाया गया है। वहीं सहायक नोडल अधिकारी सहायक ग्रेड 3 अखिलेश सूर्यवंशी मोबाइल नंबर 8349653911 को बनाया गया है।

कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा जारी आदेशानुसार विकासखंड गरियाबंद एवं मैनपुर अंतर्गत पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए सहायक अभियंता पीएचई जागेश्वर मरकाम मोबाइल नंबर 9131400350, उप अभियंता गोपाल ध्रुव 9131877228 एवं उप अभियंता उगेश मंडावी 7879862750 से संपर्क कर सकते है। इसी प्रकार विकासखंड छुरा/फिंगेश्वर के लिए सहायक अभियंता नवीन कुमार साहू 8770292137, उप अभियंता महेंद्र कुमार नवरंगे 8839360044, विकासखंड छुरा के लिए उप अभियंता किशोर कुमार सिंह 9098460489 एवं विकासखंड फिंगेश्वर अंतर्गत उप अभियंता टिकेश्वरी गोस्वामी 9827489883 से संपर्क कर सकते है। इसी प्रकार विकासखंड देवभोग अंतर्गत पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए उप अभियंता बुढ़ान सिंह सिदार मोबाइल नंबर 895958142 से संपर्क किया जा सकता है।

धमतरी में संबलपुरी साड़ी, गांव की महिलाओं को रोजगार, बन रहीं आत्मनिर्भर

धमतरी (निप्र)। छत्तीसगढ़ की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आमदनी बढ़ाने की दिशा में लगातार काम हो रहा है. धमतरी जिले के बिजनापुरी गांव में भी बुनकर समिति के जरिए महिलाओं को रोजगार मिला है. अब महिलाओं को संबलपुरी साड़ी बनाने की ट्रेनिंग भी दी गई है, ताकि वह ज्यादा कमाई कर सकें.

महिलाओं को सालभर रोजगार दिलाने का उद्देश्यः ये सभी महिलाएं सहकारी समिति मर्यादित बिजनापुरी से जुड़कर काम कर रही हैं. इस समिति के प्रबंधक अवधराम देवांगन ने बताया कि महिलाओं को 4 महीने तो खेती बाड़ी का काम मिल जाता है, बाकी समय वह खाली रहती थीं. यही वजह है कि महिलाओं को साल भर रोजगार दिलाने के उद्देश्य से 27 फरवरी साल 2018 में समिति का गठन किया गया.

धमतरी की बिजनापुरी बुनकर समिति में 230 लोगः अवधराम देवांगन ने बताया कि सात साल हो चुके हैं. 24 बुनकरों से समिति शुरू हुई. फिलहाल 230 लोग काम कर रहे हैं. इनमें आसपास के करीब 6 किलोमीटर के दायरे के गांव की 180 महिलाएं हैं. स्कूल यूनिफार्म, वर्दी, हॉस्पिटल बेडशीट, ट्राइबल बेडशीट बनाई जाती है. महिलाओं को 200-300 रुपए तक की ही आय हो पाती थी.

साड़ी बनाकर महिलाओं की हो रही अच्छी इनकमः बुनकर का काम कर रही महिलाएं भी खुश हैं. महिलाओं ने बताया कि गांव में बुनकर समिति से जुड़कर उन्हें काफी लाभ मिल रहा है. उन्हें रोजगार मिला, इससे जो आमदनी होती है, उससे घर चलाने में मदद मिलती है. बच्चों के स्कूल की फीस और उनके स्वयं का खर्च भी इससे चल जाता है. महीने में दस हजार रुपए कमा लेती हैं. अब संबलपुरी साड़ी निर्माण होने से उन्हें काफी अच्छा लग रहा है. एक साड़ी बनाने में एक दिन का समय लग जाता है. 300 से 350 रुपए तक रोजाना मिल जाता है. लगभग 700 रुपये में एक संबलपुरी साड़ी बिकती है.

संभलपुर में दी गई ट्रेनिंगः सहकारी

समिति मर्यादित बिजनापुरी के प्रबंधक अवधराम देवांगन कहते हैं कि शासन से समय समय पर वित्तीय सहायता मिलती है. हम चाहते हैं कि महिलाओं के लिए एक अतिरिक्त वर्क शेड बन जाए. जब 30-40 महिलाएं एक साथ काम करेंगी तो कॉम्पिटिशन बढ़ेगा. हमें भी तकनीकी सुविधा एक जगह दिलाने में आसानी होगी. कलेक्टर ने भी दौरा किया और महिलाओं की आय बढ़ाने और उनकी बेहतरी के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं.

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि हमारा धमतरी जिला हथकरघा और बुनकरों के लिए फेमस है. दो से ढाई हजार लोग इससे जुड़कर काम कर रहे हैं. कॉटन टेक्सटाइल से जुड़कर श्यामतराई और बिजनापुरी से कुछ लोग ट्रेनिंग लेने संबलपुर गए थे. कॉटन टेक्सटाइल का एक बहुत बड़ा मार्केट है. इससे काफी बड़ा रोजगार मिलेगा. महिलाओं को रोजगार मिलने का यह अच्छा जरिया है. प्रशासन द्वारा इसे बढ़ावा दिया जा रहा है. नगरी इलाका कोसा के लिए जाना जाता है. इसके लिए भी कार्ययोजना हमारे द्वारा बनाई जा रही है.

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने यह भी कहा कि संबलपुरी साड़ी निर्माण के लिए बिजनापुरी और श्यामतराई में अतिरिक्त शेड बनाए जाएंगे. जिससे महिलाओं को और भी ज्यादा रोजगार मिल सके. संबलपुरी साड़ी ज्यादा महंगी नहीं होती है. डायरेक्ट बिजनेस बी-टू-बी में जाएगा. इससे महिलाओं को ज्यादा आय मिलेगी. खास बात यह है कि धमतरी में बनने वाले संबलपुरी साड़ी की डिमांड भी बढ़ रही है. अब छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले की महिलाओं को साल भर रोजगार मिल रहा है. वह आत्मनिर्भर हो रही हैं.

आईपीएल 2025:

श्रेयस को रोकना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन

लखनऊ के खिलाफ नाबाद अर्धशतक से एक साथ तोड़ा धोनी-गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2025 के 13वें मुकाबले में ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स को श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स ने बड़ी ही आसानी से 8 विकेट से हरा दिया। पंजाब किंग्स का ये इस लीग में दूसरा लीग मैच मैच था और दोनों ही मैचों में इस टीम को जीत मिली। पंजाब की बैटिंग इस मैच में धाकड़ रही और इस टीम ने 172 रन के टारगेट को 8 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया।

लखनऊ के खिलाफ इस मैच में पंजाब के ओपनर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (69 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (52 रन) ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली जबकि चौथे नंबर पर बैटिंग करने आए नेहर वढेरा (43 रन) भी नाबाद रहे।

पंजाब के लिए इस मुकाबले में अर्शदीप सिंह काफी असरदार रहे और अपनी टीम के लिए 3 विकेट लेने में सफलता हासिल की। प्रभसिमरन सिंह को उनकी तेज बैटिंग के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया तो वहीं कमाल की लय में चल रहे कप्तान श्रेयस ने नाबाद पारी के दम पर एमएस धोनी और एडम गिलक्रिस्ट के बड़े रिकॉर्ड को तोड़न में सफलता हासिल की।

श्रेयस अय्यर ने एमएस धोनी को पीछे छोड़ा

श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेलते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई और बतौर कप्तान एक बेहतरीन रिकॉर्ड अपने नाम किया। श्रेयस अय्यर ने बतौर कप्तान आईपीएल में लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बना ली।

बतौर कप्तान श्रेयस की आईपीएल में ये लगातार 8वीं जीत रही और उन्होंने एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने कप्तान के रूप में साल 2013 में लगातार 7 मैचों में जीत हासिल की थी। वहीं श्रेयस ने शेन वॉर्न की बराबरी कर ली जिन्होंने साल 2008 में लगातार 8 मैच जीते थे।

आईपीएल में लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले कप्तान

10 - गौतम गंभीर (2014-15)
8 - शेन वॉर्न (2008)
8 - श्रेयस अय्यर (2024-25)
7 - एमएस धोनी (2013)

श्रेयस ने तोड़ा एडम गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड

श्रेयस अय्यर ने लखनऊ के खिलाफ हुए मैच में 30 गेंदों पर 4 छक्के और 3 चौकों की मदद से नाबाद 52 रन की पारी खेली और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 173.33 का रहा। अपनी पारी में लगाए 4 छक्कों के दम पर श्रेयस अय्यर आईपीएल में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में 7वें नंबर पर आ गए और एडम गिलक्रिस्ट को पीछे छोड़ दिया।

श्रेयस ने बतौर कप्तान इस लीग में अब तक 83 छक्के लगाए हैं जबकि गिलक्रिस्ट ने 79 सिक्स जड़े थे। इस सूची में पहले स्थान पर एमएस धोनी हैं जिन्होंने 218 छक्के लगाए हैं।

आईपीएल में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा छक्के (पारी)

218 - एमएस धोनी (196)
168 - विराट कोहली (142)
158 - रोहित शर्मा (157)
109 - डेविड वॉर्नर (83)
105 - केएल राहुल (64)
91 - संजू सैमसन (60)
83 - श्रेयस अय्यर (71)
79 - एडम गिलक्रिस्ट (74)

बीसीसीआई ने फिर दिखाया ईशान किशन को ठेंगा

टीम इंडिया में वापसी, अब तो भूल ही जाओ!

नई दिल्ली, एजेंसी। सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट अभी जारी नहीं हुई है, लेकिन विराट कोहली और रोहित शर्मा को लेकर अपडेट है कि वो + ग्रेड में बने रहने वाले हैं. मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि श्रेयस अय्यर को उनका कॉन्ट्रैक्ट वापस मिलने वाला है. इस बीच विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन के भविष्य पर भी खबर सामने आई है. याद दिला दें कि पिछले वर्ष श्रेयस अय्यर और ईशान किशन, दोनों को डोमेस्टिक क्रिकेट ना खेलने के कारण बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर कर दिया था. स्पोर्ट्स तक के मुताबिक बीसीसीआई श्रेयस अय्यर को अपना कॉन्ट्रैक्ट वापस दे सकती है. दूसरी ओर ईशान किशन को कॉन्ट्रैक्ट वापस पाने के लिए अभी इंतजार करना पड़ सकता है. किशन नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मैच में आखिरी बार भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते दिखे थे.

ईशान किशन को करना पड़ेगा इंतजार

स्पोर्ट्स तक के हवाले से एक सूत्र ने बताया, ईशान किशन को अभी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वापस पाने के लिए इंतजार करना पड़ेगा. उन्होंने दिक्कतों को सुधारा है, लेकिन अभी तक वह प्रदर्शन नहीं कर सके हैं, जिससे उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में वापस लाया जा सके. बीसीसीआई की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर होने के बाद ईशान किशन ने आईपीएल 2024 में सिर्फ 23 के औसत से 320 रन बनाए थे. इसके अलावा डोमेस्टिक मैचों में भी किशन कमाल का प्रदर्शन नहीं कर सके हैं. साल 2024 से किशन का टी20 में औसत सिर्फ 28.04 का रहा है.

इंग्लैंड को टेस्ट सीरीज से बड़ा झटका, बेन स्टोक्स चैंपियनशिप से बाहर

लंदन, एजेंसी। भारत बनाम इंग्लैड के साथ आगामी टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है। टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण डरहम के काउंटी चैंपियनशिप से बाहर हो गए है। वह हालांकि हैमस्ट्रिंग सर्जरी से उबर रहे हैं। मुख्य कोच रयान कैंपबेल ने यह जानकारी दी। कैंपबले को भरोसा है कि ऑलराउंडर स्टोक्स इंग्लैंड के ग्रीष्मकालीन मुकाबलों के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऐंगे।

ऑलराउंडर स्टोक्स (33) छह महीने में दूसरी बार हैमस्ट्रिंग से जूझ रहे हैं। न्यूजीलैंड में इंग्लैंड के अंतिम टेस्ट के दौरान हुई वह चोटिल हो गए थे, तब से लेकर स्टोक्स ने कोई मैच नहीं खेला है, लेकिन हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह गेंदबाजी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ऑलराउंडर स्टोक्स शुक्रवार से शुरू हो रही काउंटी चैंपियनशिप में नहीं खेल पायेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद डरहम और इंग्लैंड के उनके साथी खिलाड़ी ब्रायडन कार्से अब अपनी पैर की अंगुली की चोट से उबर रहे हैं जिसके कारण वह भी पिछले महीने चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए थे।

मुख्य कोच ने कहा, 'वे फिलहाल गंभीर चोटों से उबर रहे हैं। हालांकि उन्हें टेस्ट मैचों के शुरू होने से पहले अपने आप को फिट रखना होगा। इंग्लैंड का टेस्ट समर 22 मई को ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होगा, उसके बाद भारत के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज होगी। ऑस्ट्रेलिया के एशेज दौरे के मद्देनजर स्टोक्स आठ महीनों में 11 टेस्ट को खेलने के लिए अपनी वापसी को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऑलराउंडर स्टोक्स ने सोमवार से डरहम में अपनी रिकवरी जारी रखते हुए फिर से प्रशिक्षण शुरू कर दिया है।

पाकिस्तान का न्यूजीलैंड में बना तमाशा

दूसरे वनडे में हार के साथ गंवाई सीरीज, इस गेंदबाज ने मिटाई सारी कसक

हेमिल्टन, एजेंसी। लो भइया, हार गया एक और मैच, एक और सीरीज पाकिस्तान. न्यूजीलैंड में बन गया तमाशा, पाकिस्तान की पूरी क्रिकेट टीम का. टी20 सीरीज तो हार ही गए थे. हैमिल्टन वनडे में मिली हार के बाद अब उन्होंने वनडे सीरीज भी गंवा दी है. 3 वनडे की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले चुका है न्यूजीलैंड, जिसकी कहर बरपाती गेंदबाजी के आगे पाकिस्तानी बल्लेबाजों की एक ना चली.

बेशक 300 रनों से कम का टारगेट था तो मौका लग रहा था. लेकिन, न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने उस मौके को उनकी पहुंच से दूर कर दिया. खासकर 27 साल के बेन सियर्स ने, जिन्होंने इस मैच में अपनी सारी कसक मिटा ली. उन्होंने अपने वनडे करियर के पहले विकेट से लेकर 5 शिकार करने तक, सब इसी मैच में किए. हैमिल्टन में खेले दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 84 रन से हराया. पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 292 रन बनाए थे.

जवाब में 292 रन का पीछा करने उतरी पाक टीम पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल सकी. 41.2 ओवर में ही 208 रन पर उसकी पारी का अंत हो गया. इससे पहले नेपियर में खेले पहले वनडे में पाकिस्तान को 90 रन से हार मिली थी.

बेन सियर्स ने पाकिस्तान का खोला 'पंजा', मिटाई कसक: पाकिस्तान की टीम को लक्ष्य से 84 रन दूर रोकने में सबसे बड़ी भूमिका अपने तीसरा वनडे मैच खेल रहे गेंदबाज बेन सियर्स की रही. दाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने हैमिल्टन वनडे में कमाल का प्रदर्शन किया. उन्होंने 9.2 ओवरों में 59 रन देकर 5 खिलाड़ियों को आउट किया. बेन सियर्स ने जहां पहली बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया, वहीं उन्होंने इस मैच में अपने वनडे करियर का पहला विकेट भी लिया. इससे पहले खेले 2 वनडे में उनके नाम कोई विकेट नहीं था.

हैमिल्टन वनडे में पाकिस्तान की हार की सबसे बड़ी वजह उसके टॉप के 5 बल्लेबाजों की नाकामी रही, जिनके लिए दहाई का आंकड़ा छूना पहाड़ चढ़ने जैसा रहा. टॉप ऑर्डर का कोई बल्लेबाज डबल डिजीट में रन नहीं बना सका, फिर चाहे वो बाबर आजम हों, इमाम-उल-हक, अब्दुल्लाह शफीक या मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा, सबके सब सिंगल डिजीट स्कोर पर आउट हुए. ये सभी बल्लेबाज 50 रन के अंदर मतलब सिर्फ 32 रन पर पवेलियन लौट चुके थे.

जिस टीम ने सड़क से उठाया, अब उसे ही छोड़ना चाहते हैं यशस्वी जायसवाल, चौंकाने वाला फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी। यशस्वी जायसवाल जैसा खिलाड़ी अगर किसी टीम में रहे तो उसके जीतने की संभावना ज्यादा रहती है क्योंकि वो एक मैच विनर हैं. लेकिन अब इस मैच विनर बल्लेबाज ने अपनी टीम छोड़ने की इजाजत मांगी है. खबर बेहद चौंकाने वाली है, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यशस्वी जायसवाल मुंबई रणजी टीम को छोड़ना चाहते हैं जिसके लिए उन्होंने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से एनओसी मांगी है. यशस्वी जायसवाल ने इसकी निजी वजह बताई है.

किस टीम से खेलेंगे जायसवाल?

रिपोर्ट्स की मानें तो यशस्वी जायसवाल ने मुंबई को छोड़कर गोवा जाने का फैसला किया है. वो आने वाले रणजी सीजन में गोवा के लिए खेलना चाहते हैं. पृथ्वी शॉ से पहले मुंबई के कई क्रिकेटर गोवा खेलने गए हैं. इसमें एक पॉपुलर नाम अर्जुन तेंदुलकर हैं जो कि पहले मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी खेलते थे लेकिन अब पिछले 3 सीजन से वो गोवा के लिए रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं. अब यशस्वी जायसवाल भी इसी टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं.

ऐसी खबरें हैं कि यशस्वी जायसवाल गोवा के कप्तान बन सकते हैं. हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है. ये जरूर है कि यशस्वी जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को एनओसी के लिए ईमेल किया है.

2019 में किया था मुंबई के लिए डेब्यू

यशस्वी जायसवाल ने साल 2019 में मुंबई के लिए डेब्यू किया था. फर्स्ट क्लास क्रिकेट का पहला मैच उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ खेला. पहले मैच में ये खिलाड़ी कुछ खास कमाल नहीं कर पाया लेकिन इसके बाद जायसवाल ने रनों का अंबार लगा दिया. बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 36 फर्स्ट क्लास मैचों में 60 से ज्यादा की औसत से 3712 रन बनाए हैं. जायसवाल के बल्ले से 13 शतक और 12 अर्धशतक निकले हैं. बता दें यशस्वी जायसवाल को मुंबई की टीम ने ही मौका दिया जिसके बाद वो इतना बड़ा नाम बने. मुंबई ने इस खिलाड़ी को पूरा सपोर्ट किया, उन्हें टॉप ऑर्डर में जगह दी और अब ये खिलाड़ी इस टीम को छोड़ने वाला है.

भारत का सबसे युवा प्रोफेशनल बॉक्सर अब भी देख रहा ओलंपिक मेडल जीतने का सपना

नई दिल्ली, एजेंसी। पेरिस ओलंपिक में भारत के निशांत देव मेडल के दावेदार थे लेकिन वह अपने ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल में ही बाहर हो गए। इस हार ने निशांत का दिल तोड़ दिया। वह परिणाम से संतुष्ठ नहीं थे। उन्हें लगा कि परिणाम उनके पक्ष में आना चाहिए था। इस दिल तोड़ने वाली हार के बाद वह कुछ समय के लिए ब्रेक पर गए। कुछ समय बाद खबर आई की निशांत प्रोफेशनल बॉक्सर बनने वाले हैं। निशांत ने अपने इस फैसले के पीछे की वजह भी बताई। निशांत यादव के मुताबिक जब वह 15 साल के थे तबसे

प्रोफेशनल बॉक्सर बनने का सपना देख रहे हैं। उन्होंने यूट्यूब पर मोहम्मद अली, माइक टाइसन और कॉर्नर मैकग्रेगर की वीडियो देखी और सपना देखने लगे कि एक दिन वह भी ऐसे ही प्रोफेशनल बॉक्सर बनेंगे।

पेरिस ओलंपिक की हार नहीं प्रोफेशनल बनने की वजह

उन्होंने कहा, मेरे चाचा, जो जर्मनी में रहते थे, उन्होंने मुझे प्रोफेशनल बॉक्सिंग की कहानियां सुनाई, और तब से मेरा सपना शुरू हुआज्मैं 15 साल का था।

यह एक गलत धारणा है कि मैं ओलंपिक में मार्को (वर्डे) से हारने के कारण प्रोफेशवल मुक्केबाज बन गया। हां, हार निराशाजनक थी, और उस हार के बाद मैं बहुत बुरी स्थिति में था, लेकिन प्रोफेनल बनने का फैसला मैंने बहुत कर लिया था।'

लॉस एंजेलिस में शुरू हुआ सफर

उन्होंने कहा, पेरिस मेरे लिए मुश्किल था। मेरा पूरा परिवार वहां मौजूद था, और यह मेरे लिए बहुत बड़ी हार थी। जब परिणाम मेरे पक्ष में नहीं आया, तो मैं पूरी तरह से खो गया। लेकिन मेरा परिवार मेरे साथ है, इसलिए उन्होंने मेरा ख्याल रखा।

जब मैं भारत लौटा, तब भी सभी ने यही पूछा, और मैं किसी भी बात का जवाब नहीं देना चाहता था। इसी दौरान उन्हें सबसे पहले कोच रोनाल्ड का फोन आया जो कि खुद एक प्रोफेशनल बॉक्सर रहे हैं।

कोरोना काल में ट्रॉफियां बेचकर की थी मदद, अब 20 साल के गोल्फर अर्जुन भाटी को मिलेगा यूथ अवॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया और देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था तब अर्जुन ने प्रधानमंत्री राहत कोष में 4.30 लाख रुपये की राशि दान में दी थी। यह राशि उन्होंने अपनी 102 ट्रॉफियां और वह जूते, जिन्हें उन्होंने पहनकर जूनियर विश्व चैंपियनशिप जीती थी, बेचकर जुटाई थी। गोल्फर अर्जुन भाटी की उम्र तो महज 20 साल है, लेकिन इस उम्र में उन्होंने गोल्फ कोर्स और उसके बाहर ऐसी उपलब्धियों को अंजाम दिया कि भारत सरकार ने उन्हें राष्ट्रीय यूथ अवॉर्ड देने का फैसला लिया। तीन बार के जूनियर विश्व गोल्फ चैंपियन अर्जुन 150 के करीब ट्रॉफियां जीत चुके हैं।

पीएम राहत कोष में दिए थे रुपये

वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया और देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था तब अर्जुन ने प्रधानमंत्री राहत कोष में 4.30 लाख रुपये की राशि दान में दी थी। यह राशि उन्होंने अपनी 102 ट्रॉफियां और वह जूते, जिन्हें उन्होंने पहनकर जूनियर विश्व चैंपियनशिप जीती थी, बेचकर जुटाई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके इस प्रयास को सराहते हुए सोशल मीडिया पर उनकी

तारीफ की थी। अर्जुन को बुधवार को राष्ट्रीय यूथ अवॉर्ड दिया जाएगा। राष्ट्रीय यूथ अवॉर्ड से सम्मानित होने पर भारतीय गोल्फर अर्जुन भाटी ने कहा, मैं इस पुरस्कार के लिए बहुत आभारी हूं और यह मेरे परिवार और मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मेरे प्रयासों ने फल दिया है। मैं नौ साल का था जब मैंने अपने स्कूल में पहली बार गोल्फ खेला था। मैं पिछले 11 सालों से खेल रहा हूं और यह यात्रा बहुत अच्छी रही है। मेरे सफर में मुझे बहुत से समर्थक मिले हैं। मुझे यह खेल बहुत पसंद है।

टाइगर वुड्स और विराट हैं आदर्श

अर्जुन बताते हैं कि वह इन दिनों ब्रिटिश ओपन की तैयारियों में जुटे हैं। बीते वर्ष भी वह इस चैंपियनशिप के क्वालिफायर में खेले थे, लेकिन एक स्ट्रोक से मुख्य टूर्नामेंट में खेलने से रह गए थे। टाइगर वुड्स और विराट कोहली को आदर्श मानने वाले अर्जुन ने नौ साल की उम्र में गोल्फ खेलना शुरू किया था। वह ग्रेटर नोएडा स्थित जेपी ग्रींस गोल्फ कोर्स में रहते हैं। अर्जुन ने कहा, टाइगर वुड्स बहुत लंबे समय से मेरी प्रेरणा रहे हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से विराट कोहली को पसंद करता हूं। मुझे उनके खेल के प्रति समर्पण, फिटनेस स्तर, काया और मानसिकता बहुत पसंद है। वह देश के सभी युवाओं के लिए बहुत प्रेरणादायक हैं। वह बहुत प्यारे और सच्चे इंसान हैं और उनका समर्थन मेरे लिए बहुत मायने रखता है। विराट कोहली फाउंडेशन कई अलग-अलग विषयों के लगभग 40 बच्चों की मदद करता है। उन्होंने देश के लिए जो कुछ किया है, मैं उसकी प्रशंसा करता हूं। मेरा भविष्य का लक्ष्य भारत के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक लाना है। मैं हर दिन खुद को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा हूं।

ओलंपिक पदक जीतना है सपना

2016 में पहली बार जूनियर विश्व चैंपियन बनने वाले अर्जुन के मुताबिक यूथ अवॉर्ड उन्हें और अच्छा करने की प्रेरणा देगा। विराट कोहली फाउंडेशन 2019 से उनकी मदद कर रहा है। उनका सपना देश के लिए ओलंपिक पदक जीतना है और इसके लिए वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

वर्ल्ड बॉक्सिंग कप: विश्व मुक्केबाजी कप में भारत की खराब शुरुआत, लक्ष्य चाहर पहले ही दौर में बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी। चाहर के लिए यह कठिन मुकाबला था और एक को छोड़कर सभी निर्णायकों ने ब्राजील के मुक्केबाज को 30 अंक दिए। उन्होंने 150 में से 149 अंक बनाए, जबकि चाहर के 135 अंक रहे। पहले विश्व मुक्केबाजी कप में भारत के अभियान की शुरुआत खराब रही जब लक्ष्य चाहर 80 किलोवर्ग के पहले मुकाबले में मेजबान ब्राजील के वांडरले परेरा से हार गए।

मौजूदा राष्ट्रीय लाइट हैवीवेट चैंपियन चाहर को प्री क्वार्टर फाइनल में पेरिस ओलंपियन और विश्व चैंपियनशिप 2023 के रजत पदक विजेता परेरा ने सर्वसम्मति से लिए गए फैसले में 5-0 से हराया। चाहर के लिए यह कठिन मुकाबला था और एक को छोड़कर सभी निर्णायकों ने ब्राजील के मुक्केबाज को 30 अंक दिए। उन्होंने 150 में से 149 अंक बनाए, जबकि चाहर के 135 अंक रहे। भारत के जादूमणि सिंह एम (50 किलो), निखिल दुबे (75 किलो) और जुगनू (85 किलो) दूसरे दिन चुनौती पेश करेंगे। जादूमणि का सामना पिछले साल विश्व मुक्केबाजी कप के उपविजेता ब्रिटेन के एलिस

ट्राउब्रिज से होगा। निखिल की टक्कर ब्राजील के काउ बेलिनी से होगी जबकि जुगनू फ्रांस के अब्दुलाये टी से खेलेंगे। विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित यह पहला टूर्नामेंट है। विश्व मुक्केबाजी को फरवरी में ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से मान्यता मिली है। पेरिस ओलंपिक के बाद भारत के एलीट मुक्केबाज भी पहली बार प्रतियोगिता में उतरे हैं। इसमें पहली बार के विश्व मुक्केबाजी द्वारा शुरू किए गए नए भारवर्गों में खेलेंगे।

घर लेते समय वास्तु शास्त्र के इन नियमों का रखें ध्यान

अगर आप नया घर खरीदने या फिर बनावाने का विचार कर रहे हैं तो वास्तु शास्त्र के कुछ नियमों का पालन करना जरूरी है. ऐसा करने से आपके घर और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है.वास्तु शास्त्र सकारात्मक और नकारात्मक ऊर्जा के संतुलन पर आधारित है. वास्तु के अनुसार घर बनवाना बहुत शुभ माना जाता है. घर अगर वास्तु के हिसाब से हो तो हमेशा सुख-शांति बनी रहती है.अगर आप नया घर लेने की सोच रहे हैं तो वास्तु शास्त्र में इससे जुड़े कुछ खास नियम बताए गए हैं. घर अगर वास्तु के हिसाब से लिया जाए तो कभी भी वास्तु दोष का सामना नहीं करना पड़ता है. आइए जानते हैं कि नया घर लेते या बनवाते समय वास्तु की किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए.

नया घर खरीदते या बनवाते समय इस बात का ध्यान रखें कि घर का मुख्य प्रवेश द्वार उत्तर दिशा में होना चाहिए. अगर प्रवेश द्वार उत्तर दिशा में नहीं है तो पूर्व और उत्तर-पूर्व दिशा में होना आवश्यक है.नींव खुदाई के समय रखें इस बात का ध्यान रखें कि उत्तर और पूर्व की दिशा में सबसे पहले खुदाई करवाएं. पश्चिम की दिशा को सबसे अंत में खोदना चाहिए वहीं दक्षिण की दिशा में नींव भरने का काम करना चाहिए. मकान में सबसे पहले दक्षिण की दीवार और उसके बाद पश्चिम की दिशा की दीवार बनवानी चाहिए. सबसे अंत में उत्तर व पूर्व दिशा में दीवार बनवाएं.मकान बनवाते रहे हैं तो उसकी खिड़कियों पर भी पूरा ध्यान दें. घर में खिड़कियों की जगह हमेशा उत्तर व पूर्व में होनी चाहिए. घर में बड़ी से बड़ी खिड़की बनाने का प्रयास करें. वहीं दक्षिण और पश्चिम की दिशा में खिड़की का साइज बहुत कम रखने की कोशिश करें.

घर बनवाते समय पानी के नल की दिशा का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए. पानी का नल लगाने के लिए उत्तर या पूर्व की दिशा सबसे अच्छी मानी गई है. भूलकर भी किसी नल को दक्षिण या पश्चिम दिशा में नहीं लगाना चाहिए.नया घर बनवाते समय हर चीज को उसके सही स्थान या दिशा के अनुसार ही डिजाइन करवाएं. किचन के लिए दक्षिण पूर्व की दिशा सबसे शुभ मानी जाती है. जबकि पूजा घर उत्तर पूर्व या ईशान कोण में होना चाहिए. बच्चों का स्टडी रूम उत्तर पश्चिम दिशा में होना चाहिए जबकि शौचालय का निर्माण पश्चिम दिशा के मध्य में करवाना उचित माना जाता है.घर बनवाने के बाद या लेने समय उसके रंगों का खास ख्याल रखना चाहिए. घर में हल्के रंगों का चयन करना उत्तम रहता है. इन रंगों को सात्विक रंग कहा जाता है जो घर में एक सकारात्मकता लेकर आते हैं. घर की छतों को सफेद रंग से रंगना सबसे अच्छा माना जाता है.

मेन गेट से लेकर बेडरूम तक की सही दिशा, कभी नहीं होगा वास्तुदोष

वास्तु के अनुसार घर बनवाना शुभ फलदायक माना जाता है. वास्तु सम्मत घर सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव देता है. इससे घर में सुख समृद्धि का वास होता है और घर के सदस्यों को मानसिक शांति मिलती है. इसमें घर की हर एक दिशाओं और हर एक कमरे का विशेष महत्व बताया गया है. वास्तु शास्त्र में घर के मुख्य द्वार से लेकर बेडरूम तक की सही दिशा बताई गई है. वास्तु के अनुसार घर बनवाने से वास्तुदोष नहीं होता और घर के लोग सुखी रहते हैं. आइए जानते हैं वास्तु के अनुसार घर की किस दिशा में कौन सा कमरा होना चाहिए.



पूर्व दिशा

पूर्व दिशा सूर्योदय की दिशा होती है. इस दिशा से सकारात्मक और ऊर्जावान किरणें हमारे घर में प्रवेश करती हैं. घर का मेनगेट इस दिशा में होना बहुत अच्छा माना जाता है. मुख्य द्वार संभव ना हो तो इस दिशा में खिड़की जरूर रखें.

पश्चिम दिशा

आपका किचन या बाथरूम घर की पश्चिम दिशा में होना चाहिए. इस बात का ध्यान रखें कि किचन और टॉयलेट एक-दूसरे से सटा नहीं होना चाहिए.

उत्तर दिशा

वास्तु में घर के खिड़की और दरवाजे इस दिशा में होने शुभ माने जाते हैं. घर की बालकनी और वॉश बेसिन भी इसी दिशा में होने चाहिए. आपके घर का मुख्य द्वार भी अगर इस दिशा में है तो वो और उत्तम माना जाता है.

दक्षिण दिशा

घर की दक्षिण दिशा में किसी भी प्रकार का खुलापन या फिर शौचालय नहीं होना चाहिए. घर की दक्षिण दिशा में कोई भारी सामान रखना चाहिए. इस दिशा में द्वार या खिड़की होना अशुभ माना जाता है. इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा प्रवेश करती है और घर में क्लेश बढ़ता है.

उत्तर-पूर्व दिशा

घर की उत्तर-पूर्व दिशा को ईशान कोण कहा जाता है. इस दिशा को जल का स्थान माना जाता है. घर की इस दिशा में बोरिंग, स्वीमिंग पूल, पूजास्थल होना चाहिए. इस दिशा में मेनगेट का होना बहुत ही अच्छा रहता है.

उत्तर-पश्चिम दिशा

इसे वायव्य दिशा भी कहते हैं. इस दिशा में आपका बेडरूम, गैरेज, गौशाला आदि होना चाहिए.

दक्षिण-पूर्व दिशा

इसे घर का आग्नेय कोण कहते हैं. यह ?अग्नि तत्व की दिशा है. इस दिशा में गैस, बॉयलर, ट्रांसफॉर्मर आदि होना चाहिए.

दक्षिण-पश्चिम दिशा

इस दिशा को नैऋत्य दिशा का जाते हैं. इस दिशा में खिड़की और दरवाजे बिलकुल ही नहीं होना चाहिए. घर के मुखिया का कमरा यहां बना सकते हैं.

घर का आंगन

हर घर में एक आंगन होना चाहिए. आंगन के बिना घर अधूरा माना जाता है. घर के आंगन में तुलसी, अनार, जामफल, मीठा या कड़वा नीम और आंवला जैसे अलावा सकारात्मक ऊर्जा देने वाले फूलदार पौधे लगाने चाहिए.

कहीं आप तो नहीं छोड़ते रात में जूठे बर्तन? आर्थिक नुकसान के साथ बढ़ता है मानसिक तनाव

वास्तु शास्त्र में घर की हर एक दिशाओं और हर एक कमरे का विशेष महत्व माना गया है. वास्तु में किचन को सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा माना गया है. वास्तु के अनुसार किचन से निकलने वाली ऊर्जा का असर घर के सदस्यों की सेहत पर पड़ता है. यह घर की आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित करता है.किचन से जुड़ी कुछ गलतियों की वजह से ये ऊर्जा नकारात्मकता में बदल जाती है. घर में सकारात्मक ऊर्जा आए इसके लिए किचन में कुछ नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है. अगर आप किचन में रात में जूठे बर्तन रख कर सोते हैं तो ये आपके दुर्भाग्य का कारण बन सकता है. आइए जानते हैं कि किचन में जूठे बर्तन क्यों नहीं छोड़ने चाहिए.

किचन में क्यों नहीं छोड़ने चाहिए झूठे बर्तन?

वास्तु शास्त्र में किचन में जूठे बर्तन रखना बहुत अशुभ माना जाता है. माना जाता है कि किचन में रात के समय जूठे बर्तन छोड़ देने से मां लक्ष्मी नाराज होती हैं और उस घर में कभी वास नहीं करती हैं. रात भर पड़े जूठे बर्तन घर में दरिद्रता लेकर आते हैं. ये घर खे सदस्यों की आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं और घर में कंगाली आने लगती है.

माना जाता है कि रात के वक?त किचन में जूठे बर्तन छोड़ने से घर के लोगों पर राहु-केतु का अशुभ प्रभाव पड़ता है और घर में रुपया-पैसा टिक कर नहीं रह पाता है. रात में गैस चूल?हे को गंदा छोड़ना भी बहुत अशुभ माना जाता है. गंदा चूल्हा और रात के झूठे बर्तन से मां अन?नपूर्णा देवी नाराज हो जाती हैं और इसकी वजह घर में रहने वालों की सेहत अक्सर खराब रहती है.

किचन में जूठे बर्तन छोड़कर सोना जीवन में खुद मुसीबतों को न?योता देना जैसा है. जिन घरों में जूठे बर्तन छोड़े जाते हैं वहां हमेशा धन की कमी बनी रहती है. कुछ लोगों पर कर्ज भी बढ़ जाता है. घर के सदस्यों की आर्थिक स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती जाती है. इसलिए सोने से पहले जूठे बर्तनों को साफ करके जरूर रखें.

वास्तु के मुताबिक रात में भोजन के बाद किचन को हमेशा साफ करके ही सोना चाहिए. घर को भी हमेशा साफ- सुथरा रखना चाहिए क्योंकि मां लक्ष्मी साफ- सुथरे घर में ही वास करती हैं. अगर आप किसी कारणवश रात में बर्तन नहीं भी धो पा रहे हैं तो ध्यान रखें कि कम से कम उन्हें पानी से धोकर छोड़ें, यानी उनमें जूठन नहीं लगी रहनी चाहिए.

क्या कहते आपके सितारे

मेष मेष- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। गृहस्थ जीवन में चल रही समस्याओं को लेकर आपका ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं। करियर में आपको उन्नति के कुछ नए अवसर मिलेंगे। आपको फायदे के चक्कर में गलत तरीके से धन कमाने से बचना होगा। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा। अविवाहित जातकों के जीवन में उनके साथी की दस्तक हो सकती है।

वृषभ वृषभ- आज का दिन आपके लिए सुख-शांति भरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चो पर पूरा ध्यान देना होगा। कार्यक्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आपको किसी बीमारी को छोटा नहीं समझना है। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सामाजिक कामों में आपकी अच्छी साख रहेगी। आप किसी नए काम को करने की योजना बना सकते हैं। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा।

मिथुन मिथुन- आज आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आपको टेंशन रहेगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा को दूर करने के लिए आप अपने किसी परिजन से बातचीत कर सकते हैं। आपका कोई मित्र काम को लेकर आपको सलाह दे सकता है, लेकिन आप उस पर सोच समझकर अमल करें। कोई नया इन्वेस्टमेंट करने की आप प्लानिंग करेंगे। प्रॉपर्टी से संबंधित कोई कानूनी मामला आपके लिए समस्या बन सकता है।

कर्क कर्क- आज आपको कामों को लेकर कुछ नए अवसर मिल सकते हैं। संतान को किसी नए कोर्स में दाखिला दिलाने के लिए भागदौड़ में लगे रहेंगे। आपका पूजा-पाठ में खूब मन लगेगा। विद्यार्थियों को किसी पढ़ाई-लिखाई में यदि समस्या आ रही थी, तो उसे दूर करने के लिए उन्हें अपने गुरुजनों से बातचीत करनी होगी। आपको अपने पिताजी की सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा।

सिंह सिंह- आज आपको किसी बात को लेकर मानसिक तनाव बना रहेगा। उन्नति में आपको अच्छा अवसर मिलेंगे। आपको किसी नए प्रमोशन मिलने से खुशियां रहेंगी। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको किसी काम को लेकर ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से धन उधार लेना पड़ सकता है। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग अपने कामों पर पूरा ध्यान देंगे।

कन्या कन्या- आज आप अपने कामों में मनमानी बिल्कुल ना करें। वरिष्ठ सदस्यों की राय आपके खूब काम आएगी। आपको किसी नई संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है। आपका कोई धन से संबंधित मामला सुलझेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। पारिवारिक जीवन में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा। आपको अपने आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देना होगा।

तुला तुला- आज आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। किसी से कोई वादा सोच समझकर करें। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। व्यापार में आपको कोई धोखा मिलने की संभावना है, इसलिए आप अपनी आंख और कान खुले रखकर कामों को करें।

वृश्चिक वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए किसी बड़े निवेश को करने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई अच्छी सफलता मिलने के योग बनते दिख रहे हैं। आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा, जिससे आपको काम करने में समस्या आएगी। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है। आपको पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बनाए रखनी होंगी। आप किसी बात को ध्यान रखकर सुलझाएंगे, तो वह आपके लिए बेहतर रहेगा।

धनु धनु- आज का दिन आपके लिए करियर में कुछ नए अवसर लेकर आने वाला है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहना होगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आप किसी भी शारीरिक समस्या को छोटा ना समझे। सामाजिक कामों से जुड़े लोगों की छवि और निखरेगी, उन्हें किसी बड़े पद के भी मिलने की संभावना है।

मकर मकर- आज का दिन आपके लिए सुख-शांति भरा रहने वाला है। आपको अपने खानपान में संतुलित भोजन लेना होगा, क्योंकि आपको कोई पेट में संबंधित समस्या बढ़ सकती है। आपने यदि किसी काम को लेकर धन उधार लेने के लिए अप्लाई किया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। आप अपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं। आईटी सेक्टर से जुड़े लोग किसी दूसरी नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

कुंभ कुंभ- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। सेहत में भी उतार-चढ़ाव लगा रहेगा। माताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती हैं। आप अपने बॉस की बातों को इग्नोर करेंगे, तो इसका असर आपके प्रमोशन पर पड़ सकता है। आपको अपनी संतान के संगति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों को बड़े-बड़े लोगों से मिलने का मौका मिलेगा।

मीन मीन- आज आपके मन में कुछ बेचैनी रहने से आपका मन परेशान रहेगा। आप अपने करियर में भी काफी मेहनत मशक्कत करेंगे, उसके बाद ही आपको अच्छी सफलता हासिल होगी। आपका किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान दे सकता है। आप अपने कामों को लेकर लापरवाही करने से बचे। गृहस्थ जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी, क्योंकि जीवनसाथी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के प्रयासों को भी आप तेज करेंगे।

संक्षिप्त समाचार

मणिपुर: दो एसपी समेत 14 पुलिस अधिकारियों का तबादला

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर सरकार ने दो जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) सहित 14 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने मंगलवार को जारी एक आदेश में कहा कि जिरीबाम के पुलिस अधीक्षक शेख मोहम्मद जाकिर को काकचिंग जिले के एसपी के रूप में स्थानांतरित किया गया है। आदेश के अनुसार, काकचिंग की एसपी प्रियदर्शिनी लैशराम जिरीबाम की नयी एसपी होंगी। यारीपोक के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) गौरव डोगरा को सिंगजामेई में तैनाती दी गई है, जबकि सहायक कमांडेंट प्रथम मणिपुर राइफल्स के अभिनव कांगपोकी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। अकोईजाम सदानंद सिंह नए अतिरिक्त एसपी यातायात (इंफाल ईस्ट) होंगे, जबकि केशम बोजौकुमार सिंह अतिरिक्त एसपी (सतर्कता) होंगे। वहीं रत्ताना नगासेकपम नए अतिरिक्त एसपी अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) (एसडी) होंगे।

विदेश भेजने के नाम पर भदोही की दलित महिला से ढाई लाख रुपये ठगे

भदोही, एजेंसी। भदोही की एक दलित महिला के पति को विदेश भेजने के नाम पर ढाई लाख रुपये की ठगी करने के एक मामले में यहां की एक विशेष अदालत के निर्देश पर आरोपी व्यक्ति और उसके पिता के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि औराई थाना क्षेत्र में खेतल पुर गांव निवासी मैना देवी (30) ने भदोही की विशेष अदालत (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) (एससी/एसटी) में चार मार्च, 2025 को एक याचिका दायर की थी। उन्होंने बताया कि अदालत के निर्देश पर प्रयागराज के करैली थाना अंतर्गत जे. के. नगर निवासी मोहम्मद खालिद (50) और उसके बेटे राजू (25) के विरुद्ध मंगलवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318 (2) (धोखाधड़ी), 335 (झूठे दस्तावेज बनाना), 336 (2) (जालसाजी), 316 (2) (विश्वासघात), 352 (शांति भंग करने के इरादे से अपमानित करना) और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि मैना देवी के पति प्रदीप कुमार को विदेश में एसी और कूलर बनाने वाली कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर खालिद और उसके बेटे राजू ने अपने खाते में मार्च, 2024 से जनवरी, 2025 के बीच दो लाख रुपये हस्तांतरित करवाए थे।

कर्मचारियों की मेहनत को सलाम, काबरा ज्वेल्स ने गिफ्ट की कारें

अहमदाबाद, एजेंसी। गुजरात में कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करने और उन्हें शानदार तोहफे देने की परंपरा जारी है। सूरत के हीरा व्यापारी सावजी ढोलकिया की तरह, अब अहमदाबाद के प्रसिद्ध आभूषण व्यवसायी कैलाश काबरा ने भी अपनी कंपनी काबरा ज्वेल्स लिमिटेड के 12 वरिष्ठ कर्मचारियों को नई कारें गिफ्ट में दी हैं। यह कदम कंपनी द्वारा 200 करोड़ रुपये का कारोबार पूरा करने के जश्न का हिस्सा है। काबरा ज्वेल्स के संस्थापक और प्रबंध निदेशक कैलाश काबरा ने बताया कि उन्होंने 2006 में मात्र 2 करोड़ रुपये के टर्नओवर और 12 सदस्यों की टीम के साथ इस व्यवसाय की शुरुआत की थी। आज उनकी टीम 140 सदस्यों तक पहुंच गई है और कंपनी ने 2024-25 में 200 करोड़ रुपये की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। काबरा ने कहा, यह उपलब्धि मेरी टीम के अथक प्रयासों के बिना संभव नहीं थी। अपने लिए एक लग्जरी कार खरीदने के बजाय, मैं उन कर्मचारियों को सम्मानित करना चाहता था, जिन्होंने इस सफर में अहम भूमिका निभाई है। कैलाश काबरा ने 12 टीम सदस्यों को महिंद्रा एक्सयूवी 700, टोयोटा इनोवा, हुंडई आई10, हुंडई एक्सेंट, मारुति सुजुकी अर्टिगा और ब्रेजा जैसी कारें भेंट कीं। इसके अलावा, कंपनी के अन्य कर्मचारियों को टू-व्हीलर, मोबाइल फोन, फैमिली हॉलीडे पैकेज और सोने-चांदी के सिक्के भी उपहार में दिए गए। काबरा ज्वेल्स के कर्मचारी मीता पांचाल, जिन्हें कार गिफ्ट में मिली, ने कहा, हमने हमेशा कंपनी को अपने परिवार की तरह माना, और आज कंपनी ने भी हमें परिवार जैसा सम्मान दिया।

पूरी दुनिया में भूटान में चांदी से भी सस्ता बिकता है सोना!

दम्फू, एजेंसी। सोना खरीदना हर किसी का सपना होता है, खासकर महिलाओं के लिए यह सिर्फ आभूषण नहीं बल्कि एक बेहतरीन निवेश भी माना जाता है। लेकिन सोने की बढ़ती कीमतों ने लोगों को सस्ते गोल्ड की तलाश में दूसरे देशों की ओर देखने पर मजबूर कर दिया है। जब भी सस्ते सोने की बात होती है तो आमतौर पर लोगों के मन में पहला नाम दुबई का आता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे सस्ता सोना दुबई में नहीं बल्कि भूटान में मिलता है? यह सुनकर आपको आश्चर्य हो सकता है, लेकिन यह सच है। अगर आप विदेश से सोना लाने की सोच रहे हैं, तो यह जानना जरूरी है कि भूटान से भारत में अधिकतम कितना सोना ला सकते हैं और इसके नियम क्या हैं। इसके अलावा, अगर कोई व्यक्ति तय सीमा से ज्यादा सोना लाता है तो उसे किन मुश्किलों का सामना करना पड सकता है।

गुजरात में कांग्रेस की सियासी परीक्षा

64 साल बाद अहमदाबाद में होगा अधिवेशन

अहमदाबाद, एजेंसी।
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस) 64 साल के लंबे अंतराल के बाद गुजरात में अपने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अधिवेशन की मेजबानी करने जा रही है। यह ऐतिहासिक सत्र 8 और 9 अप्रैल 2025 को अहमदाबाद में आयोजित होगा। इससे पहले गुजरात में आखिरी एआईसीसी सत्र 1961 में भावनगर में हुआ था। गुजरात में अपने अस्तित्व के संकट और राष्ट्रीय स्तर पर लगातार मिल रही चुनावी हार के बीच पार्टी इस सत्र के जरिए नई ऊर्जा प्राप्त करने की कोशिश करेगी। यह साल महात्मा गांधी की एकमात्र कांग्रेस अध्यक्षीय कार्यकाल की शताब्दी और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का भी प्रतीक है। कांग्रेस 8 अप्रैल को शाहिबाग स्थित सरदार पटेल मेमोरियल में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक करेगी, जबकि 9 अप्रैल को साबरमती नदी के किनारे

मुख्य एआईसीसी सत्र आयोजित किया जाएगा। बीते एक दशक में भाजपा ने सरदार पटेल की विरासत को बड़े स्तर पर अपनाया है और कांग्रेस को इससे दूर करने का प्रयास किया है। ऐसे में सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर कांग्रेस द्वारा गुजरात में यह आयोजन करना महज संयोग नहीं माना जा रहा। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी पटेल समुदाय के समर्थन को फिर से पाने की कोशिश कर रही है, जो माधवसिंह सोलंकी की क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी, मुस्लिम सोशल इंजीनियरिंग के बाद कांग्रेस से दूर होता गया था। हालांकि, कांग्रेस नेताओं ने इस आयोजन के राजनीतिक मायनों से इनकार किया है। गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा, आप सरदार पटेल को किसी एक समुदाय के नजरिए से नहीं देख सकते। वे पूरे राष्ट्र के नेता थे। गुजरात में कांग्रेस पिछले कई दशकों से लगातार कमजोर होती जा रही है। 2017 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 77 सीटें जीतकर अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन 2022 में यह घटकर 17 सीटों पर आ गई। अब लोकसभा चुनाव नजदीक हैं और पार्टी इस सत्र के जरिए कार्यकर्ताओं में जोश भरने की कोशिश करेगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह सत्र 2027 के गुजरात विधानसभा चुनावों के लिए भी एक शुरुआती कदम है। कांग्रेस पिछले कई चुनावों में गुजरात में खराब प्रदर्शन से जूझ रही है। हाल के नगर निगम चुनावों में भी उसे करारी हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में यह सत्र पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने और संगठन को मजबूत करने का प्रयास होगा। इस सत्र में देशभर से करीब 3,000 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या कांग्रेस इस सत्र के जरिए अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस हासिल कर पाएगी या यह केवल प्रतीकात्मक राजनीति बनकर रह जाएगा।

उत्तर रेलवे की रेल परिचालन और यात्री सेवाओं में उल्लेखनीय उपलब्धि

भेदी नजर। उत्तर रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान रेल परिचालन और यात्री सेवाओं में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। इस वर्ष नई रेल सेवाऐं शुरू की गई, मौजूदा सेवाओं की यात्री वहन क्षमता में वृद्धि की गई,जो यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी और सुविधा में सुधार पर उत्तर रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान उत्तर रेलवे के नेटवर्क में कुल सात नई ट्रेनें, (दो वंदे भारत और पांच एक्सप्रेस ट्रेनें) शामिल की गईं। अधिक गंतव्यों को कवर करने के लिए छह ट्रेनों (चार एक्सप्रेस और दो पैसेंजर ट्रेनें) को यात्रा विस्तार भी दिया गया। तीन रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि की गई। जिससे यात्रियों को अधिक यात्रा विकल्प मिलने से लाभ हुआ। वंदे भारत ट्रेनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, वंदे भारत ट्रेनों के चार सेटों की यात्री क्षमता 16 डिब्बों से बढ़ाकर 20 डिब्बों तक कर दी गई, जबकि एक सेट की क्षमता 8 डिब्बों से बढ़ाकर 16 डिब्बों तक कर दी गई। विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन में तेजी से वृद्धि हुई । उत्तर रेलवे परिक्षेत्र पर कुल 13,658 विशेष ट्रेनें चलाई गईं, जो पिछले वर्ष की 4,487 रेलगाड़ियों की तुलना में काफी अधिक है। इनमें ग्रीष्म एवं शीतकालीन अवकाश, होली, दिवाली व छठ-पूजा इत्यादि पर्वों के दौरान चलाई गई रेलगाड़ियां शामिल हैं। विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि से यात्रियों के आवागमन में सुधार हुआ, जिसमें शरदकालीन अवकाश विशेष रेलगाड़ियों की सेवाओं में 50.18त्न और होली स्पेशल रेलगाड़ियों की सेवाओं में 46.29त्न की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

तीर्थयात्रियों की मांगों को पूरा करते हुए उत्तर रेलवे ने महाकुंभ के लिए- श्रद्धालुओं के परिवहन को कुशलतापूर्वक संभाला, इसी क्रम में उत्तर रेलवे परिक्षेत्र पर (01.01.2025 से 06.03.2025 तक) विभिन्न क्षेत्रों से प्रयाग क्षेत्र तक कुल 2,433 महाकुंभ विशेष ट्रेनें चलाई गईं। इसके अलावा, 142 भारत गौरव ट्रेनें चलाई गईं, जो सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन के विकास में उत्तर रेलवे के योगदान को दर्शाती हैं। महाप्रबंधक ने कहा कि कोच बढ़ाने की पहल के परिणामस्वरूप उत्तर रेलवे के स्वामित्व वाली 25 जोड़ी ट्रेनों में 64 कोच जोड़े गए, जिससे वर्ष 2024-25 के दौरान 9662 अतिरिक्त फेरे लगाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 316त्न अधिक है। आईसीएफ (इंटीग्रल कोच फैक्ट्री) रेक को एलएचबी (लिंके हॉफमैन बुश) रेक में बदलने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें बेहतर सुरक्षा और आराम के लिए 9 जोड़ी ट्रेनों को अपग्रेड किया गया। रेक का मानकीकरण एक अन्य प्राथमिकता वाला क्षेत्र था, जिसमें उत्तर रेलवे की 37 जोड़ी रेलगाड़ियों को मानकीकृत किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 147त्न अधिक है। इसके अलावा, 41 जोड़ी ट्रेनों में 88 सामान्य श्रेणी के कोच जोड़े गए, जिससे अनारक्षित श्रेणियों में यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा हुई।

उत्तर रेलवे ने दर्ज की राजस्व अर्जन में रिकॉर्ड वृद्धि

उत्तर रेलवे ने 23,719.41 करोड़ रुपये का कुल मूल राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.05% अधिक

भेदी नजर। उत्तर रेलवे ने यात्री सुविधा और प्रौद्योगिकी उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए राजस्व सृजन के सभी क्षेत्रों में रिकॉर्ड वृद्धि हासिल करके वित वर्ष 2024-25 को अपने इतिहास के एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अध्याय के रूप में दर्ज किया है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि बेहतर समन्वय का प्रदर्शन करते हुए, उत्तर रेलवे ने 23,719.41 करोड़ रुपये का कुल मूल राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.05% अधिक है। यह उपलब्धि यात्री सेवाओं, माल ढुलाई और परिचालन दक्षता में नए रिकॉर्ड स्थापित करने की दिशा में किए गए प्रभावशाली प्रदर्शन से संभव हो पायी । महाप्रबंधक ने बताया कि यात्री राजस्व से 12,850.38 करोड़ रुपये की कमाई हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.03% अधिक है। 55.67 मिलियन टन माल की ऐतिहासिक लोडिंग के चलते, माल लदान से होने वाला राजस्व पिछले वर्ष से 16.13% बढ़कर 7,757.49 करोड़ रुपये हो गया ।

पारंपरिक राजस्व अर्जन उपायों से अलग, उत्तर रेलवे ने गैर-किराया राजस्व (Non-Fare Revenue) के माध्यम से नए अवसरों को खोला है। वर्ष 2024-25 के दौरान उत्तर रेलवे ने पार्किंग से 64.44 करोड़ रुपये कमाए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 39%अधिक है, जबकि खानपान से राजस्व पिछले वर्ष की तुलना में 10.73% बढ़कर 419.54 करोड़ रुपये हो गया। रेलवे ने आधुनिक वाणिज्यिक रणनीतियों को भी अपनाया, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नामकरण अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान किए, हरिद्वार और शाहजहांपुर स्टेशनों पर भारत की पहली ईवी चार्जिंग और पार्किंग सुविधाएं शुरू कीं, और यात्रियों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रमुख केंद्रों पर मेडिकल आउटलेट और पार्सल सेवाएं स्थापित कीं।

रेल यात्रियों की सेवा के लिए समर्पित, उत्तर रेलवे ने महाकुंभ मेला 2025 के लिए विशेष पहल शुरू की, जिसके तहत लखनऊ मंडल में तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर खानपान और भीड़ को नियंत्रित करने की व्यवस्था की गई। डिजिटलीकरण एक गेम चेंजर के रूप में अस्तित्व में आया, काउंटरों पर क्यूआर कोड, 117 एटीवीएम कियोस्क बनाए गए, जिससे टिकट लेना आसान हो गया।

हरियाणा में बिजली महंगी हुई, नई दरें जारी की गई

चंडीगढ़, एजेंसी।
हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने 2025-26 के लिए नयी बिजली दरों की घोषणा की है जिसके तहत घरेलू और औद्योगिक श्रेणियों के लिए शुल्क में पिछले वर्ष की तुलना में 20 से 30 पैसे प्रति किलोवाट/केवीएएच तक की बढ़ोतरी की गई है। एचईआरसी का आदेश मंगलवार देर रात जारी किया गया। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एचईआरसी ने बिजली की दर में 20 पैसे प्रति किलोवाट की बढ़ोतरी की है। शून्य से 50 यूनिट के स्लैब में दर दो रुपये प्रति किलोवाट से बढ़ाकर 2.20 रुपये कर दी गई है।

इसी तरह, 51-100 यूनिट स्लैब में भी दर 2.50 रुपये प्रति किलोवाट से बढ़ाकर 2.70 रुपये की गई है। प्रति माह 100 यूनिट से अधिक खपत वाले उपभोक्ताओं को शून्य से 150 यूनिट के स्लैब में अब 2.75 के बजाय 2.95 रुपये प्रति किलोवाट के हिसाब से भुगतान करना होगा।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में श्रेणी-एक के लिए शुल्क 2.70 रुपये प्रति यूनिट से घटाकर दो रुपये (0-50 यूनिट प्रति माह) कर दिया गया था और 51 से 100 यूनिट स्लैब में शुल्क 4.50 रुपये प्रति यूनिट से घटाकर 2.50 रुपये किया गया था, जिन्हें अब नवीनतम आदेश में 2.20 रुपये और 2.70 रुपये प्रति यूनिट तय किया गया है।

बयान में कहा गया, ''इसके अलावा, बिजली

दरों का यह नया ढांचा न्यूनतम मासिक शुल्क (एमएमसी) के बोझ को खत्म करके लोगों को तत्काल राहत प्रदान करता है। हालांकि, दो तरह की शुल्क व्यवस्था शुरू की गई है, जिसमें 300 यूनिट तक मासिक बिजली खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं पर कोई निर्धारित शुल्क नहीं लगाया जाएगा।'' आधिकारिक बयान में कहा गया, ''श्रेणी-एक के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए शुल्क अभी भी पड़ोसी राज्यों की तुलना में सबसे कम है।'' इस बीच, 151-300 यूनिट के स्लैब के लिए दर 5.25 रुपये, 301 से 500 यूनिट तक के लिए 6.45 रुपये और 500 यूनिट से अधिक की खपत के लिए 7.10 रुपये प्रति किलोवाट होगी।एचईआरसी ने पांच किलोवाट से अधिक लोड वाले उपभोक्ताओं के लिए एक नयी श्रेणी भी बनाई है। शून्य से 500 यूनिट स्लैब के लिए दर 6.50 रुपये, 501 से 1,000 यूनिट के लिए 7.15 रुपये और 1,000 यूनिट से अधिक के लिए 7.50 रुपये प्रति किलोवाट होगी।

इसके अलावा, 301 से 500 तथा 500 यूनिट से अधिक स्लैब में 50 रुपये प्रति किलोवाट का निर्धारित शुल्क लगाया गया है। औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए, 11 केवीएएच आपूर्ति श्रेणी में दर 6.65 रुपये प्रति केवीएएच (किलोवोल्ट-एम्पीयर घंटा) से बढाकर 6.95 रुपये कर दी गई है। इसके अलावा, इस श्रेणी में निर्धारित शुल्क 165 रुपये प्रति केवीए (किलोवोल्ट एम्पीयर) प्रति माह से बढ़ाकर 290 रुपये कर दिया गया है। किसानों को राहत देने के लिए मीटर शन वाली कृषि श्रेणी के शुल्क में कमी की गई है। लोड के अनुसार, न्यूनतम मासिक शुल्क प्रति बीएचपी सालाना 200 रुपये प्रति केवीए से घटाकर 180/144 रुपये कर दिया गया है। मशरूम कम्पोस्ट और स्पॉन, अत्याधुनिक हाइड्रोपोनिक्स, एरोपोनिक्स और शीत भंडारण जैसे उभरते क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि उद्योग/एफपीओ के वास्ते 20 किलोवाट से ऊपर का एक नया स्लैब बनाया गया है जिसके लिए शुल्क 6.50 रुपये प्रति यूनिट तय किया गया है। अभी 20 किलोवाट से अधिक लोड वाले एफपीओ का बिल एलटी आपूर्ति श्रेणी के शुल्क के अनुसार दिया जा रहा था।

यूनुस की टिप्पणियों को बताया ''भड़काऊ तथा ''शर्मनाक

ढाका , एजेंसी। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस द्वारा भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर की गई हालिया टिप्पणियों पर मंगलवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और इन्हें ''शर्मनाक तथा ''भड़काऊ करार दिया। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर यूनुस की एक वीडियो क्लिप साझा की। यूनुस इस क्लिप में यह कहते दिखाई देते हैं कि उनका देश महासागर (बंगाल की खाड़ी) का एकमात्र संरक्षक है क्योंकि भारत के पूर्वोत्तर राज्य चारों ओर से जमीन से घिरे हैं और उनके पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे ''बड़ी संभावनाएं खुलेंगी और चीन को बांग्लादेश में अपना आर्थिक प्रभाव बढ़ाना चाहिए। यूनुस ने ये टिप्पणियां कथित तौर पर चीन की अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान कीं। शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने मंगलवार को कहा कि यह एक ''बहुत गंभीर मुद्दा है और यह राष्ट्र की ''सुरक्षा से संबंधित है। उन्होंने संसद भवन परिसर में पीटीआई की वीडियो सेवा से कहा, ''यह बहुत शर्मनाक टिप्पणी है...वह चीन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए हमारे देश के क्षेत्रों का उल्लेख कर रहे हैं। मुझे लगता है कि भारत को इस पर कड़ा रुख अपनाना चाहिए। यह देश की सुरक्षा को खतरे में डालता है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यूनुस की टिप्पणी को ''आक्रामक और अत्यधिक निंदनीय बताया तथा 'चिकन्स नेक को दरकिनार करते हुए पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ने वाले वैकल्पिक मार्गों की खोज को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। शर्मा ने 'एक्स पर लिखा, ''बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस द्वारा दिया गया बयान, तथाकथित अंतरिम सरकार द्वारा पूर्वोत्तर भारत के सात बहन राज्यों को जमीन से घिरा बताने और बांग्लादेश को उनकी समुद्री पहुंच का संरक्षक बताया जाना आक्रामक और अत्यधिक निंदनीय है।

ट्रंप की नीतियों के खिलाफ विरोध में सांसद ने रिकॉर्ड तोड़ 24 घंटे 20 मिनट तक दिया भाषण

वाशिंगटन डीसी, एजेंसी। अमेरिकी सांसद कोरी बुकर ने मंगलवार को सीनेट के इतिहास में सबसे लंबा भाषण देकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया। न्यू जर्सी से डेमोक्रेटिक सीनेटर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के खिलाफ विरोध जताते हुए 24 घंटे और 20 मिनट तक लगातार बोलकर 1957 में सीनेटर स्ट्रॉम थरमंड द्वारा स्थापित पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। थरमंड ने उस समय सिविल राइट्स एक्ट के खिलाफ 24 घंटे 18 मिनट तक भाषण दिया था।बुकर ने सोमवार शाम 7 बजे (स्थानीय समय) सीनेट के मंच पर अपनी बात शुरू की और मंगलवार रात 8:05 बजे तक लगातार बोलते रहे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य संयुक्त राज्य सीनेट के सामान्य कामकाज को तब तक बाधित करना है, जब तक मैं शारीरिक रूप से सक्षम हूं। अपने भाषण की शुरुआत में उन्होंने जोर देकर कहा, मैं आज रात इसलिए खड़ा हूं क्योंकि मुझे पूरा विश्वास है कि हमारा देश संकट में है। कोरी बुकर का यह भाषण तकनीकी रूप से एक फिलिबस्टर नहीं था, यानी यह किसी खास विधेयक को रोकने के लिए नहीं था। इसके बजाय, यह ट्रंप प्रशासन की नीतियों के खिलाफ एक व्यापक विरोध था। बुकर ने अपने भाषण में ट्रंप प्रशासन पर अमेरिकियों की सुरक्षा, वित्तीय स्थिरता और लोकतंत्र की मूलभूत नींव को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पिछले 71 दिनों में, संयुक्त राज्य के राष्ट्रपति ने अमेरिकियों पर इतना नुकसान पहुंचाया है कि ये सामान्य समय नहीं हैं, और इन्हें सीनेट में सामान्य रूप से नहीं लिया जाना चाहिए।

किराए के लिए ख़ाली है

1-3600 वर्ग फुट कमर्शियल हॉल सेमी फर्निश्ड मेन रोड सेक्टर 10 टी सी काम्प्लेक्स फ़रीदाबाद में।
2-1620 वर्ग फुट ऑफिस सेमी फर्निश्ड मेन रोड टी सी काम्प्लेक्स सेक्टर 10 फ़रीदाबाद में ।
3 - टू बेड रूम सेट ग्राउंड फ्लोर वेल फर्निश्ड सेक्टर 7 डी ब्लॉक फरीदाबाद में ।
4- वन रूम सेट वेल फर्निश्ड सेकंड फ्लोर सेक्टर 7 डी ब्लॉक फ़रीदाबाद में ।
इच्छुक ब्यक्ति फ़ोन नंबर 9999446252,,9811157562 पर संपर्क करें ।

- सूचना -

फ़रीदाबाद ज़िला में भेदीनज़र समाचारपत्र में अपने समाचार,विज्ञापन देने और अख़बार की कापी प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें -
1-गोपाल न्यूज़ एजेन्सी
अम्बेडकर चौक बल्लभगढ़
मोबाइल नम्बर-9811477 204
2-नरेंद्र बुक्स शाप
मूँगफली चौक ऐन.आई. टी. नम्बर -5 फ़रीदाबाद
मोबाइल नम्बर : 9810229192
3-दीक्षित न्यूज़ एजेन्सी ओल्ड फ़रीदाबाद
मोबाइल-98111 59238

छोटा विज्ञापन बड़ा फायदा
आज ही स्पेस बुक कराएं
कॉल करें
0120-4152063,
9811157 562

नई एवं तरोताजा खबरों के लिए भेदी नजर पढ़िए, समय के साथ चलिए
सुनहरा मौका वार्षिक ग्राहक बनिए और
वीआईपी एल्फा सूटकेस कीमत रु. 900 प्राप्त करिए
भेदी नजर समाचार पत्र के ग्राहक बनें
मात्र 700 रूपये दीजिए और वार्षिक ग्राहक बनने के अलावा तुरंत पाइए
और अन्य आकर्षक उपहार के लिए
बम्पर ड्रा

- कोई भी व्यक्ति एजेंट 500 से अधिक मेंबर बना लेगा तो उसे अलग से उपहार दिया जाएगा।
- ये स्कीम एक जनवरी 2025से 31 दिसम्बर 2025तक चलेगी।
- 31 दिसम्बर 2025 को 1000 सदस्य बनाने पर बम्पर ड्रा निकाला जाएगा जिसमें उपरोक्त इनाम
- हरियाणा के किसी भी मंत्री द्वारा दिए जाएंगे।
- ड्रा बम्पर ड्रा में भेदी नजर के वार्षिक मेम्बर ही भाग ले सकते है।
- भेदी नजर प्रत्येक माह की पहली तारिख को कूपन छापेगा।

आर.एन.आई. नं.
DEL/HIN/2004/13528
प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी
एवं संपादक उमा शर्मा द्वारा
उमा पब्लिकेशनस्
1001/1002 दसवां तल नौरंग हाऊस, 21 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली -1 से प्रकाशित
एवं नीलू प्रिंटिंग प्रेस
ई-33 सेक्टर -7 नोएडा से मुद्रित
संपादक
उमा शर्मा
प्रधान संपादक
गिरीश चन्द्र शर्मा
फोन नं. -
011-66304689
0120-4189808
0129-2290152
0129-2267 07 8
0129-2977562
फैक्स नं. -
011-66304690
0129-2297 640
मो. : 9811157 562,
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद होगा ।
पीआईबी एक्ट अनुसार सभी विवादित समाचारों की ज़िम्मेदारी समाचार लेखक की होगी भेदीनज़र संस्थान ,संपादक और प्रधान संपादक क़ानूनन ज़िम्मेदार नहीं होगा